राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

www.dainik shubh bhaskar.com

दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 206 • नई दिल्ली, शुक्रवार 03 नवम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



12 विधायक ने गंगा कटान को लेकर गंगा किनारे किया...

# बिहार में नियोजित शिक्षकों को भी मिलेगा सरकारी दर्जा : नीतीश

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पटना के गांधी मैदान में गुरुवार को 25 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पूर्व के नियोजित शिक्षकों को भी सरकारी दर्जा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियोजित शिक्षकों को पैसा तो दे ही रहे हैं। हम सोच रहे हैं कि एक मामूली परीक्षा लेकर नियोजित शिक्षकों को सरकारीकरण कर दें। शिक्षकों की बहाली को लेकर उठ रहे सवाल पर नीतीश ने कहा कि जो लोग आरोप लगा रहे हैं कि बाहरी लोगों को नौकरी देने से बिहार के लोगों की हकमारी हो रही है, तो उन्हें पता होना चाहिए कि बिहार के कितने ही लोग दूसरे राज्यों में नौकरी कर रहे हैं। यह तो खुशी की बात है कि दूसरे राज्यों से लोग बिहार आकर यहां के स्कूलों में पढ़ाएंगे। सीएम ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की गई है। जितने बड़े पैमाने पर बिहार में नियुक्ति हुई है उतने बड़े पैमाने पर कही भी नियुक्ति नहीं हुई है। ये बात याद रखिएगा। खासकर मीडिया के लोगों को कहेंगे कि इस बात को याद रखिएगा। उन्होंने कहा कि अभी केवल 50 हजार हुआ तो कितना छपा और हमलोग इतनी बड़ी संख्या में कर रहे हैं तो थोड़े छपेगा। भले मत छापिए लेकिन बात तो जान लीजिए कि कितने बड़े पैमाने पर बहाली हो रही है। नीतीश ने कहा कि 1.70 लाख शिक्षकों की बहाली के लिए हुई परीक्षा में करीब 8 लाख शिक्षकों ने भाग लिया। परीक्षा में सभी सफल नहीं हो सके तो सिर्फ 88 फीसदी शिक्षकों की ही बहाली हो सकी है। जो लोग सवाल उठा रहे हैं कि बाहरी लोगों की बहाली हुई है, उनको पता है सब दिन से कोई भी बहाली होती है तो देशभर के लोगों को मौका दिया जाता है। बिहार के लड़के-लड़कियों को दूसरे राज्यों में कितनी बहाली मिलती है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक की तारीफ करते हुए कहा कि जो इतनी ताली बजा रहे हैं।

## 6 दिन बाद पता चला...नीतीश कांग्रेस से क्यों है खफा

**पटना**। पटना में सीपीआई की रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन की चिंता नहीं है। वो 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में व्यस्त हैं। उनकी वजह से इंडिया गठबंधन का कामकाज प्रभावित हुआ है। अब हम लोग आगे की बातें चुनाव के बाद ही बैठकर तय करेंगे। 26 अक्टूबर को कांग्रेस के ऑफिस सदाकत आश्रम में श्रीकृष्ण सिंह की जयंती मनाई गई थी। लालू कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में नीतीश को भी निमंत्रण था, लेकिन वो नहीं गए थे। 6 दिन बाद आज सीपीआई के मंच से मुख्यमंत्री ने उस कार्यक्रम में ना जाने की वजह को साफ किया है। गुरुवार को मिलर स्कूल में हो रही इस रैली में मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सीपीआई के साथ हमारा पुराना रिश्ता है। कम्युनिस्ट पार्टी दो हिस्सा में बंट गई है। इसको एक होने के लिए सोचना चाहिए। नीतीश ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जो सरकार देश में है उसको देश की आजादी से कोई मतलब नहीं है। भाजपा हिंदू-मुस्लिम में झंझट करना चाहती है। 2007 से हम कंट्रोल कर रहे हैं। हम लोग बिहार में 95% को एकजुट किए हैं। बिहार में जितना काम किया जा रहा है वह कहां छप रहा। उन्होंने कहा कि हम लोग इतना बहाली किए हैं फिर भी थोड़ा-बहुत छपता है। सीपीआई की रैली में तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार एक दिन में एक लाख बीस हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे रही है।

# सत्तापक्ष को चुनावी चंदे की जानकारी का हक, तो विपक्ष को क्यों नहीं

**चुनावी बॉन्ड योजना वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया तल्ख सवाल**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र से तल्ख सवाल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि जब सत्ता पक्ष को चंदे की जानकारी लेने का हक है तो फिर विपक्ष को यह हक क्यों नहीं है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सत्ताधारी दल विपक्षियों के चंदे की जानकारी ले सकते हैं। लेकिन विपक्षी दल ये जानकारी नहीं ले सकते। केंद्र ये सुनिश्चित करेगा कि इस योजना में प्रोटेक्शन मनी या बदले में लेन- देन नहीं शामिल होगा। क्या ये कहना गलत होगा कि इस योजना से किकबैक को बढावा मिलेगा या इसे वैध ठहराया जाएगा। सीजेआई ने कहा कि हम जानते हैं कि सत्तारूढ़ दल को अधिक दान मिलता है। यह व्यवस्था का हिस्सा है और यही चलन भी है। मामले पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने केंद्र से सवाल पूछा है। सीजेआई ने कहा कि ये योजना चुनिंदा गुमनामी और चुनिंदा गोपनीयता रखती है। इसमें कोई शक नहीं कि इस योजना के पीछे सोच सराहनीय है। यह पूरी तरह से गुमनाम या गोपनीय नहीं है। यह एसबीआई के लिए गोपनीय नहीं है। सीजेआई ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसी के लिए यह गोपनीय नहीं है। इसलिए कोई बड़ा दानदाता कभी भी चुनावी बांड खरीदने का जोखिम नहीं उठाएगा। इसपर एसजी तुषार मेहता ने कहा कि चेक से देने पर खुलासा हो जाएगा कि किस पार्टी को कितना पैसा दिया गया। उससे अन्य पार्टियां नाराज हो सकती हैं। ऐसे में कंपनियां चंदा दाता नकद ही दे देते है और सब खुश रहते हैं। सैकड़ों करोड़ रुपए नकद चंदा दे दिया जाता है। जस्टिस बीआर गवई ने पूछा फिर आयकर में छूट कैसे मिलती है चंदा दाता को? इस पर सीजेआई ने कहा कि बड़े चंदा दाता तो अपने अधिकारिक चैनल्स से छोटी रकम के बॉन्ड्स खरीदते हैं। वो अपनी गर्दन इसमें नहीं फंसाते हैं। हालांकि, इस स्कीम का मकसद नकदी लेनदेन कम करना, सभी के लिए समान अवसर मुहैया कराना और काले धन के इस्तेमाल को खत्म करना है। इससे हमें कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन उसका अनुपातिक और सटीक इस्तेमाल हो रहा है क्या? यही बहस का मुद्दा है। मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि इस चुनिंदा गोपनीयता के कारण, विपक्षी दल को यह नहीं पता होगा कि आपके दानदाता कौन हैं। लेकिन विपक्षी पार्टी को चंदा देने वालों का पता कम से कम जांच एजेंसियों द्वारा लगाया जा सकता है। इसलिए आपके दान पर सवाल उठाना उनके लिए नुकसानदेह है। एसजी तुषार मेहता ने कहा कि आम तौर पर राजनीति में काले धन का उपयोग को लेकर हर देश इससे जूझ रहा है। प्रत्येक देश द्वारा परिस्थितियों के आधार पर इन मुद्दों से निपटा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरयू नदी में बड़ा हादसा, यात्रियों से भरी नाव पलटने से 18 लोगों के डूबने की आशंका

**छपरा**। बिहार के छपरा में नाव हादसा का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि यहां सरयू नदी में यात्रियों से भरी एक नाव पलट गई। इस घटना में 14 लोग लापता बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि जो तैरना जानते थे वो तो किसी तरह तैर कर निकल गए। बाकी कई ऐसे थे जो पानी से बाहर नहीं निकल सके। यह घटना मांझी थाना क्षेत्र के मठियार की है। नाव हादसे के बाद घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है है कि किसान और मजदूर नदी के पार खेतों में काम करने गए थे और नाव पर सवार होकर शाम में लौट रहे थे। इसी दौरान नाव पलट गई। नाव पलटने की सूचना मिलते ही आसपास के गांव के लोग और नाव पर सावर लोगों के सगे संबंधी घाट की ओर दौड़े। घाट पर अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच पुलिस और प्रशासन को भी हादसे की सूचना दे दी गई। जब तक प्रशासन और एसडीआरएफ या एनडीआरएफ की टीम पहुंचती, स्थानीय लोग बचाव कार्य में जुट गए। कई लोगों को नदी से निकाला गया। सरयू नदी में राहत बचाव कार्य शुरू है। दो लोगों का शव अभी तक निकाला जा चुका है।

### अभी भी 10,000 करोड़ रुपये मूल्य के 2000 के नोट लोगों के पास

**मुंबई**। चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपये मूल्य के 97 प्रतिशत से ज्यादा नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं किन्तु अभी भी 10,000 करोड़ रुपये मूल्य के नोट लोगों के पास हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। रिजर्व बैंक ने इस साल 19 मई को 2,000 रुपये मूल्य के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। इन नोटों को बैंकों में जमा करने के साथ अन्य मूल्य वर्ग के नोटों से बदलने की सुविधा लोगों को दी गई थी। रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा, "चलन में मौजूद 2,000 रुपये मूल्य के नोटों का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब यह घटकर 31 अक्टूबर, 2023 को 10,000 करोड़ रुपये रह गया है।" आरबीआई के मुताबिक, इस तरह 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये मूल्य के कुल नोट में से 97 प्रतिशत से अधिक नोट अब वापस आ चुके हैं। हालांकि अब बैंकों में इन नोटों को नहीं जमा किया जा सकता है। लेकिन रिजर्व बैंक के 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट जमा या बदले जा सकते हैं। इस बीच, 2,000 रुपये के नोटों को बदलने या जमा करने के लिए आरबीआई कार्यालयों में कामकाजी घंटों के दौरान लंबी कतारें देखी जा रही हैं।



### इंफाल में भीड़ ने हथियार छीनने की कोशिश की, पुलिस ने हवा में गोलियां चलाईं, कर्फ्यू में ढील रद्द

**इंफाल**। मणिपुर के टेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) की हत्या के खिलाफ आंदोलन कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने मणिपुर की राजधानी में हवा में गोलीबारी की। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इंफाल से 110 किमी दक्षिण में मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एसडीपीओ चिंगथम आनंद कुमार की गोली मारकर हत्या करने के बाद से इंफाल और अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं आंदोलन कर रहे हैं। भीड़ सुरक्षा बलों के साथ भिड़ गई और कथित तौर पर हथियारों और गोला-बारूद की मांग करते हुए इंफाल पश्चिम जिले में राजभवन और मुख्यमंत्री कार्यालय के करीब मणिपुर राइफल्स परिसर को घेरने का प्रयास किया। अधिकारी ने कहा, "भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों ने पहले लाठीचार्ज किया और फिर हवा में गोलियां चलाईं। झड़प में कुछ नागरिकों को मामूली चोटें आईं।" इंफाल पश्चिम जिला प्रशासन ने राजधानी में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कर्फ्यू में ढील की अवधि रद्द कर दी है। जिला प्रशासन ने पिछले दिनों की तरह सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी है।

# मुक्त व्यापार समझौते पर भारत को मिलेगा पुर्तगाल का साथः जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली में चल रही मुक्त व्यापार समझौता(एफटीए) वार्ता में भारत को पुर्तगाल का समर्थन मिलने की उम्मीद है। यह भरोसा दिलाते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा ही पुर्तगाल को यूरोपीय संघ में अपने प्रमुख साझेदारों में से एक माना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने पुर्तगाली समकक्ष जोआओ गोम्स क्राविन्हो के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमने हमेशा पुर्तगाल को यूरोपीय संघ में अपने प्रमुख साझेदारों में से एक माना है। पहला भारत-ईयू शिखर सम्मेलन वास्तव में पुर्तगाली अध्यक्षता के तहत 2000 में आयोजित किया गया था। और 27 में पहली बार भारत-ईयू शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। पुर्तगाली राष्ट्रपति पद के तहत 2021 में नेतृत्व शिखर सम्मेलन भी आयोजित किया गया था। उस समय कोविड के कारण इसे वर्चुअल करना पड़ा था। इसलिए हम यूरोपीय संघ के साथ हमारी एफटीए वार्ता के लिए पुर्तगाली समर्थन पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं। जयशंकर ने आगे कहा, इस बात पर भी सहमति थी कि हम एक कांसुलर संवाद तंत्र स्थापित करेंगे और इसकी पहली बैठक के लिए पुर्तगाल आकर हमें खुशी होगी।विदेश मंत्री इस समय पुर्तगाल के दौरे पर हैं।जयशंकर ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा, आज, हमारी अपनी बैठक में हमने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी का बहुत विस्तृत मूल्यांकन किया है। हम कई क्षेत्रों में बहुत सी नई ऊर्जा और गतिविधियां देखते हैं। व्यापार और निवेश स्पष्ट रूप से एक मजबूत प्रेरक शक्ति है। भारतीय कंपनियों को भारतीय पसंद हैं विशेष रूप से आईटी कंपनियों ने पुर्तगाल में अपनी पहचान बनाई है। मुझे यह देखकर भी खुशी हुई कि अमूल, जो हमारी मुख्य दूध और डेयरी कंपनी है, पुर्तगाली राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का पहला भारतीय क्षेत्रीय प्रायोजक है। उन्होंने कहा, हम अपनी संयुक्त आर्थिक समिति से हमारी कुछ चर्चाओं पर आगे बढ़ने और यह देखने के लिए कहने जा रहे हैं कि हम स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, नवीकरणीय ऊर्जा में और क्या कर सकते हैं। हमने रक्षा सहयोग, स्टार्टअप, नवाचार पर भी चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि एक बार जब हम इस पर प्रगति कर लेंगे तो हमारे आदान-प्रदान का विस्तार होगा और हम दोनों ने पर्यटन के विकास पर बहुत जोर दिया है, और वह भी सीधी हवाई कनेक्टिविटी के साथ बढ़ेगा।जयशंकर और क्राविन्हो ने सांस्कृतिक सहयोग, लोथल में समुद्री विरासत परिसर के बारे में भी बात की, जिसे पुर्तगाल के सहयोग से विकसित किया जा रहा है।

### अयोध्या के दीपोत्सव में रामायण के सातों अध्यायों की दिखेंगी झांकियां

**अयोध्या**। रामनगरी अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए तेज गति से काम हो रहा है। पर्यटन विभाग रामायण के सातों अध्यायों (कांड) पर आधारित झांकियां निकालने जा रहा है। इसके अलावा पंचकोसी,14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर विभाग सात लाख दिए जलाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड, किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां होंगी। इसके अलावा एक राम रथ की झांकी निकाली जाएगी। ये झांकियां साकेत महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नया घाट तक जाएंगी। झांकियों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आरपी यादव ने बताया अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित सभी मठ मंदिरों एवं सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर दिए जलाने की व्यवस्था की जा रही है।

# ईडी के सामना पर नहीं पहुंचे केजरीवाल भाजपा ने कहा डर गये केजरीवाल

**नवजोत सिद्धू ने कहा, शराब घोटाले पर लगे आरोपों में सच्चाई**

**एजेंसी। नई दिल्ली**




दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले में आम आदमी पार्टी सरकार की मुसीबतें और बढ़ने वाली हैं। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने गुरुवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया है।दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले के मामले में प्रवर्तन ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि, केजरीवाल गुरुवार को ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। उन्होंने ईडी को जवाब लिखकर जांच एजेंसी के नोटिस को राजनीति से प्रेरित और गैर कानूनी बताया। चर्चा है कि जांच एजेंसी ने केजरीवाल को तलब करने से पहले सबूतों को इकट्ठा किया है। इस मामले में जांच एजेंसी पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। उधर, कांग्रेस नेता नवजोत सिद्धू ने केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले पर लगे आरोपों में सच्चाई है। ये पूरा मामला चोरी और सीना-जोरी का है। दिल्ली की आप सरकार ने पहले पॉलिसी निकाली और फिर पॉलिसी वापस ले ली। बिक्री 13500 करोड़ बढ़ी और राज्य को 300 करोड़ मिले। राजस्व कैसे कम हुआ? सिसोदिया के पास अधिकारियों को बुलाया गया और उनसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। इसी तरह जब पंजाब की बात आती है, तब वहां खुलेआम डकैती होती है।इधर बीजेपी ने कहा कि केजरीवाल का ईडी के सामने पेश न होना, उनके डर को बताता है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा,केजरीवाल का एजेंसी के सामने पेश न होना, एक तरह से डर को दिखाता है, स्वीकृति को दिखाता है कि हां मैंने गलती की है। दिल्ली के शराब घोटाले के किंग-पिंग केजरीवाल ने स्वीकार किया है कि हां, शराब घोटाले में मेरा हाथ है। इसके पीछे जो बेतहाशा भ्रष्टाचार हुआ है, उसमें मैं भी शामिल हूं। वरना डरने की क्या आवश्यकता थी!

### कैश फॉर क्वेरी : महुआ मोइत्रा संसद की एथिक्स कमेटी के सामने होंगी पेश

**नई दिल्ली**। तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा कथित कैश फॉर क्वेरी मामले में गुरुवार को संसद की एथिक्स कमेटी के सामने पेश होंगी। मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद हैं। उन्हें एथिक्स कमेटी ने 31 अक्टूबर को पेश होने के लिए बुलाया था। हालांकि, तृणमूल नेता ने कमेटी को पत्र लिख कर कहा था कि वो 31 अक्टूबर को उपस्थित नहीं हो सकतीं। फिर उन्हें 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया। मोइत्रा ने एथिक्स कमेटी को पत्र लिखकर शिकायतकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई और दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से जिरह करने की मांग की थी। 26 अक्टूबर को, दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई ने मोइत्रा के खिलाफ पैनल को "मौखिक साक्ष्य" दिए थे।

# फिलस्तीनियों को गाजा से जबरन विस्थापित न किया जाए : बाइडेन

**एजेंसी। अम्मान**



जार्डन के नेता शाह अब्दुल्ला द्वितीय से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि फलस्तीनियों को गाजा से जबरन विस्थापित न किया जाए। इस दौरान दोनों नेताओं ने वहां के ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा करने के अलावा, गाजा के लोगों को जीवन रक्षक मानवीय सहायता देने पर भी बात की। यहां गौरतलब है कि इस्राइल-हमास युद्ध को अब तक तीन सप्ताह से अधिक समय हो गया है। यहां पर साढ़े नौ हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान इस बात पर भी सहमति जताई कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि फलस्तीनियों को परेशानी से बचाया जाना चाहिए। व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडन ने आज जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय से बात की। नेताओं ने गाजा के ताजा घटनाक्रम और गाजा में नागरिकों को जीवन रक्षक मानवीय सहायता पहुंचाने और आवश्यक सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता पर चर्चा की। इधर इस्राइल अपने नागरिकों का बचाव कर रहा है और आतंकवादियों से लड़ रहा है। ऐसे में राष्ट्रपति बाइडन ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को बनाए रखने और नागरिक जीवन को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान दोनों नेता इस बात पर भी सहमत हुए कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि फलस्तीनियों को गाजा के बाहर जबरन विस्थापित नहीं किया जाए।

**तस्करी** | **प्रदेश सरकार शराबबंदी कानूनों पर अपनी दंभ भर रही**

# शराब माफिया कर रहे शराब की तस्करी, शराबियों की संख्या में हो रही इजाफा शासन प्रशासन तस्करों को पकड़ने में नाकाम

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर।**

**कैमूर(बिहार)** बिहार में भले ही प्रदेश सरकार शराबबंदी कानूनों पर अपनी दंभ भर रही हो। पर स्थल पर देखा जाए, तो धड़ल्ले से प्रदेश में शराब माफिया एवं शराबियों में इजाफा देखने को मिल रहा है। जब प्रदेश में शराब बंदी है, शराब नहीं मिल रहा है, तो इतनी मात्रा में शराबियों की मात्रा में बढ़ोतरी कैसे।आयें दिन प्रत्यक्ष तौर पर देखने को मिलता है, कि तस्करों द्वारा शराब तस्करी का अलग अलग तरीके अपना कर सफल होने का प्रयास किया जाता है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि उद्भेदन नहीं होता है। होता है पर शराबियों की मात्रा में इजाफा होना शासन प्रशासन की रवैया पर सवालिया निशान खड़ा करता है। कैमूर सहित बिहार के अन्य जगहों पर शराब की बिक्री हो रही है, तभी तो शराब पीकर पकड़े जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है। इससे यह कहने में संकोच नहीं होगा कि शराब तस्कर को पुलिस पकड़ने में नाकाम है। स्थल पर अक्सर यह देखने को मिलता है कि प्रशासन द्वारा, एक दो बोतल शराब लाने वाले लोगों को एवं पीने वाले लोगों को पड़कर खाना पूर्ति करते हुए कानूनी प्रक्रिया कर जेल भेज दिया जाता है। वही उत्तर प्रदेश बिहार की सीमा विश्वकर्मा कैनाल पंप के सामने मद्य निषेध थाना के जांच टीम के कर्मी कई दिनों से गायब है।स्थानीय लोगों ने बताया कि उत्तर प्रदेश और बिहार के सीमा पर महीना में एक दो बार ही जांच किया जाता है, जिससे उत्तर प्रदेश बिहार के सीमा इलाके में शराब पीने एवं बेचने वालों की मौज है। सूत्रों की मैंने तो सामेकित जांच चौकी मोहनियां में भी जांच सिर्फ शाम के समय कुछ घंटे के लिए किया जाता है। जिससे शराब तस्कर सुबह दोपहर रात में शराब की तस्करी कर बिहार की सीमा में लाकर धड़ल्ले से शराब की बिक्री कर रहे हैं। सामेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग एवं मद्य निषेध विभाग की तैनाती 24 घंटे की गई है, पर अर्थ की लोभ से समझौता के तहत किया जाता है कार्य।





## ख़ास ख़बर

### मार्गदर्शन कार्यक्रम आज

**मधेपुरा** । 17 बिहार बटालियन एनसीसी, सहरसा की ओर से ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आर्मी रिक्रूटिंग आफिसर (एआरओ), कटिहार का शुक्रवार को साढ़े बारह बजे से दौरा निर्धारित है। इस अवसर पर स्मार्ट क्लास रूम में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इसमें महाविद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स (नए एवं पुराने) को आर्मी रिक्रूटिंग की प्रक्रिया और उसके संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने सभी नए एवं पुराने कैडेट्स और अन्य इच्छुक विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपने साथियों सहित कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

### अनुप कुमार जयनगर थाने के बने नए थाना प्रभारी



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)**। जयनगर थाना के नए थाना अध्यक्ष अनुप कुमार ने गुरुवार को विधिवत जयनगर थाने का पदभार संभाला। निवर्तमान थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष रंजन से उन्होंने प्रभार लिया है। थानाध्यक्ष का पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि जयनगर थाना क्षेत्र में शराब बंदी कानून को सख्ती से लागू करने के साथ साथ क्षेत्र में शांति स्थापित करने और अपराधियों पर नकेल कसने के साथ फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करने का काम उनके प्राथमिकता सूची में पहले स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि पब्लिक और पुलिस के बीच मधुर संबंध बने इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।थाना प्रभारी ने कहा की थाना क्षेत्र मे किसी भी तरह के अपराध, अंधविश्वास, सामाजिक कुरीतियों से लेकर किसी भी प्रकार के गलत कार्यों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### 87.3 लीटर अंग्रेजी शराब लदे टेंपू के साथ 01शराब तस्कर हिरासत में



**जोकीहाट** । जिले के जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 87.3 लीटर अंग्रेजी शराब लदे टेंपू के साथ 01शराब तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

### काली पूजा को लेकर मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में तैयारी जोरों पर



**अररिया**। विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में काली पूजा की तैयारी युद्ध स्तर पर हो रही हैं। पूजा को लेकर काली मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। काली मंदिर परिसर के बाहर मुख्य सड़क पर दर्जनों तोरण द्वार बनाया जा रहा है।सड़क किनारे आकर्षक लाइटिंग से सजाया जा रहा है। मां खड्गेश्वरी के साधक नानू बाबा ने बताया कि 12 नवंबर को काली पूजा है। काली पूजा के दिन मां खड्गेश्वरी महा काली को मंदिर महाभोग लगाया जाएगा व पूरी रात जिले के प्रसिद्ध गायक के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा व इसके साथ ही पूरी रात जिले के प्रसिद्ध गायक के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 13 नवंबर को भी मन के मंदिर में महाभोग नानू बाबा के द्वारा लगाया जाएगा। काली मंदिर चौक के मुख्य चौराहे पर भक्ति झांकी बनाया जाएगा। जिसे देखने के लिए भक्तगण को पूर्व से ही इंतजार रहता है। नानू ने यह भी बताया कि काली मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। बता दें कि काली पूजा में पड़ोसी देश नेपाल समेत देश के कई राज्यों से भक्तगण पूजा में शामिल होते हैं।

जिला प्रशासन ने नरपतगंज ब्लॉक के पथराहा पंचायत सरकार भवन में किया जनसंवाद कार्यक्रम

# अब योजनाओं का आवश्यकता अनुसार लें लाभः डीएम

**नरपतगंज** । जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह एवं सभी वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आज नरपतगंज प्रखंड के पथराहा पंचायत सरकार भवन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में आम जनों ने भाग लिया। जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी लोगों का जिला प्रशासन की ओर से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आप विभिन्न विभागों के अधिकारियों से लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को सुना है, अब योजनाओं का आवश्यकता अनुसार लाभ लें। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या हैं आप लोग अवगत कराएं, उस पर विधि सम्मत कार्य किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास के क्रम को आप लोगों ने देखा होगा। आपके पंचायत आने के लिए अच्छी सड़क है। पंचायत में बिजली है। स्कूल, हॉस्पिटल, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है, जहां नहीं है आने वाले समय में उसे भी पूर्ण किया जायेगा। उपस्थित लोगों से संवाद के क्रम में जिलाधिकारी



द्वारा बिजली का तार, सड़क, नल-जल की समस्या का त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसे सुविधायुक्त और इससे मिलने वाली सुविधाओं को सुगम बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार योजनाऐं वृद्ध, बच्ची, महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग को आच्छादित करते हुए सशक्त करने की ओर अग्रसर है। खासकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे बच्ची के जन्म को जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उपस्थित जन-समूह से संवाद के क्रम में एक छह वर्षीय बच्ची ने इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वे जिलाधिकारी जैसा बनना चाहती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज सुधार अभियान के तहत दहेज प्रथा निषेध एवं बाल विवाह मुक्त समाज की कल्पना हुई है। उन्होंने आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि बीपीएससी के माध्यम से शिक्षकों की कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि आज शिक्षकों का नियुक्ति पत्र भी वितरण कार्यक्रम निर्धारित है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर एक प्रगतिशील कदम है। उन्होंने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राएं, युवक कुशल बनना चाहते हैं तो वे डीआरसीसी में जाकर इसका लाभ लें। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, श्रम संसाधन विभाग द्वारा श्रमिक वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसे सुझाव ले, ताकि कल्याणकारी योजनाओं को और कारगर बनाया जा सके। उन्होंने अंत में लोगों से कहा कि खुद को जागरूक रखिये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला हेल्प डेस्क, यातायात थाना, साइबर थाना एवं एससी एसटी थाना से किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त करने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार द्वारा मनरेगा से निजी जमीन में फलदार वृक्षारोपण की जानकारी दी गई। इसी प्रकार जन संवाद कार्यक्रम को जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित जन–समूह को जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, भूमि सुधार उपसमाहर्ता फारबिसगंज, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी नरपतगंज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6, क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता द्वितीय चरण

## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु 16 जिलों ने दे दी अपनी सहमति

**पूर्णियां**। पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में चलता हुआ। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर ने कहा कि अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर होगा। खिलाड़ी जमकर प्रतियोगिता में खेलेंगे। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में लखीसराय,अररिया ,गया , सहरसा ,भोजपुर ,वैशाली,किशनगंज, कटिहार , भागलपुर ,बांका सुपौल, खगड़िया, पूर्णिया सहित कई अन्य जिलों के टीम अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समय अभाव के कारण क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता में प्रत्येक दिन पांच मैच खेले जा रहे हैं। सुबह 8: 00 बजे से संध्या 4:30 बजे तक खेली जा रही है।

**मैच परिणामः प्रथम मैचः** ए आई एफ कसबा बनाम एचिभर क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला गया। एचिभर क्रिकेट अकादमी के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 45 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें सलमान शेख ने 15 गेंदों में 11 रन एवं मिथुन 12 गेदो में 8 रन का योगदान दिया। ए आई एफ कसबा की ओर से गेंदबाजी करते हुए परिमल, चंदन एवं छोटू ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। जीत के लिए 46 रन का पीछा करते ए आई एफ कसबा ने 8.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 46 रन बनाकर 3 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस जीत से ए आई एफ कसबा ने तृतीय चरण में प्रवेश किया। आर्य ने 10 गेंदों में 10 रन का योगदान दिया। एचिभर क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कैफ ने 3 विकेट एवं हमजा ने 2 विकेट प्राप्त किया।

**द्वितीय मैचः-** के सी सी के बाग बनाम पूर्णिया कॉलेज के बीच मुकाबला खेला गया । पूर्णिया कॉलेज के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 109 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया ।जिसमें शिशिर शेखर ने 27 गेंद में 46 रन के महत्वपूर्ण पारी खेली एवं विकास सिंह 17 गेंद



में 31 रनों का बेहतरीन योगदान दिया। के सी सी के बाग की ओर से गेंदबाजी करते हुए सलमान, अनिमेष एवं दीपक ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। 110 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए के सी सी सी के बाग ने निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 65 रन ही बना पाई। पूर्णिया कॉलेज ने यह मैच 44 रनों से जीत कर तृतीय चरण में प्रवेश किया। के सी सी के बाग की ओर से बल्लेबाजी करते हुए रणवीर ने 10 गेंदों में 24 रनों एवं शेखर ने 15 गेंदों में 16 रन की बेहतरीन पारी खेली। पूर्णिया कॉलेज की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकुर पथिक ने तीन विकेट एवं आनंद ने दो विकेट प्राप्त किया।

**तृतीय मैचः-** जन्नत क्रिकेट क्लब बनाम पी सी सी के बीच मुकाबला खेला गया। पी सी सी टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 105 रन बनाए। जिसमें सूरज मेहता ने 25 गेंदों में बेहतरीन 41 रन अंकित सिंह ने 5 गेंदों में 16 रन की बेहतरीन पारी खेली। जन्नत क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए कौशल ने 3 विकेट, डेविड एवं सोनू 1-1 विकेट प्राप्त किया। जन्नत क्रिकेट क्लब 106 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 51 रन ही बना सकी। जिसमें डेविड ने 24 गेंदों में 22 रन एवं तौहित ने 10 गेंदों में 11 रन का योगदान दिया। पी सी सी ने 54 रन से मैच जीत कर तृतीय चरण में प्रवेश किया। पी सी सी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश, मान्य एवं विराट ने 2-2 प्राप्त किया।

**चौथे मैचः-** एम ए एन सी सी बनाम एस एन सी सी के बीच मुकाबला खेला गया। समय खिलाड़ियों की सूची एवं फोटो सेशन में उपलब्ध नहीं होने के कारण नियमानुसार 4-4 ओवर कम कर मैच 6-6 ओवरों का किया गया।एम ए एन के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 6 विकेट खोकर 41 रन। जिसमें शहनवाज ने 15 गेंदों में 18 रन , सनम ने 7 गेंदों में 13 रन का योगदान दिया। एस एन सी सी की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुमित ने 2 विकेट प्राप्त किया 42 रनों का पीछा करते हुए एस एन सी सी की 5 ओवर 5 गेंदों में 31 रन ही बना पाई। और यह मैच 10 से हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सनम ने 7 गेंदों में 13 रन का योगदान दिया। एम ए एन की ओर से गेंदबाजी करते हुए चंद हैट्रिक विकेट के साथ 4 विकेट एवं शहनवाज एवं आदर्श ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहे हैं मो नैयर अली , सैयद जब्बार हुसैन, राघव ठाकुर , बिमल मुकेश, आदित्य कुमार सिंह। स्कोरर भूमिका निभा रहे प्रिंस कुमार। उद्घोषक की भूमिका आदित्य कुमार सिंह, मो जाहीद आलम,अमित कुमार झा। इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय , मो मंजर मोहशिम, जितेन्द्र कुमार सिन्हा "गोपी" राजीव कुमार , बब्लू चौधरी रितेश कुमार झा , आशुतोष कुमार, वेदांत, शुभम्, हर्ष कुमार ।

### पूर्णियाँ विश्वविद्यालय पूर्णियाँ के कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट विभाग के तत्वावधान में दो शोधार्थियों को साक्षात्कार परीक्षा के बाद प्रदान की गई पीएचडी उपाधि





**पूर्णिया** । पूर्णियाँ विश्वविद्यालय,पूर्णियाँ के कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट विभाग के तत्वावधान में दो शोधार्थियों को साक्षात्कार परीक्षा के बाद पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। दोंनो शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि का प्रमाणपत्र निकट भविष्य में होने वाले दीक्षांत समारोह में प्रदान किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जे.एल.राय ने बताया कि दोंनो पीएचडी उपाधि प्राप्त शोधार्थियों का नाम इस प्रकार है :- 1. सनातन सिन्हा , पर्यवेक्षक , प्रोफेसर जे एल राय के निर्देशन में "हयूमन रिसोर्सेज मैंनेजमेंट इनहैन्स द स्किल्स ऑफ जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, झारखंड" विषय पर पीएचडी उपाधि प्राप्त की। 2. सिम्पी जायसवाल , पर्यवेक्षक , डॉ. तारा नंद झा के निर्देशन में "इंस्टईचूयशनल फिनांनस एण्ड एग्रीकल्चर डेवलपमेंट इन द डिस्ट्रिक्ट ऑफ पूर्णिया डूयरिंग द पीरियड 2010-2020" विषय पर पीएचडी उपाधि प्राप्त की। पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजनाथ यादव, प्रति कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार झा, कुलसचिव डॉ घनश्याम राय, डीएसडुब्लू प्रोफेसर मगरूर आलम ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राय को शुभकामनाएं दी। पूर्णियाँ विश्वविद्यालय में 20 स्नातकोत्तर विभाग है जिसमे केवल वाणिज्य संकाय एवं प्रबंधन में दो शोधार्थी ने पी०एच डी० उपाधि प्राप्त की। विश्वविद्यालय के प्रथम शोधार्थी है जिसने पूर्णियाँ विश्वविद्यालय में शोधकार्य कर उपाधि प्राप्त कर पूर्णियाँ विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

### बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर की पुस्तक 'गाँधी-अंबेडकर और मानवाधिकार' हुई प्रकाशित




**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा**। ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय मधेपुरा में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं बीएनएमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर की पुस्तक 'गाँधी-अंबेडकर और मानवाधिकार' प्रकाशित हुई है। कुल 202 पृष्ठों की इस पुस्तक को के. एल. पचौरी प्रकाशन, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के तरूण विजय पचौरी ने हार्ड कवर में उच्च गुणवत्ता के साथ प्रकाशित किया है। लेखक डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि प्रस्तुत पुस्तक में प्रस्तावना एवं उपसंहार सहित कुल तेरह अध्याय हैं। प्रस्तावना में विषय की आवश्यकता को रेखांकित किया है। अध्याय दो से पाँच तक क्रमशः 'दलित', 'स्त्री', 'धर्म' एवं 'राष्ट्र' को गाँधी की दृष्टि से समझने की कोशिश की गई है। आगे अध्याय छः से नौ तक पुनः क्रमशः 'दलित', 'स्त्री', 'धर्म' एवं 'राष्ट्र' को डॉ. अंबेडकर की दृष्टि से व्याख्यायित किया गया है। तदुपरांत अध्याय दस से बारह तक 'गाँधी', 'डॉ. अंबेडकर एवं 'गाँधी- अंबेडकर' की मानवाधिकारों के परिप्रेक्ष्य में समीक्षा की गई है। अंतिम (तेरहवें) अध्याय उपसंहार में निष्कर्ष रूप में कहा गया है समग्रता में देखने पर गाँधी-अंबेडकर एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं, पूरक साबित होते हैं। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक में महात्मा गाँधी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के कुछ प्रमुख विचारों को उसके मूल अर्थ संदर्भों के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस क्रम में पक्षपात एवं रागद्वेष से बचने की हरसंभव कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि महात्मा गाँधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर दोनों की सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थिति और वैचारिक निर्मिति भिन्न-भिन्न है, जो उनके जीवन-दर्शन में मौजूद विभिन्नताओं का मुख्य कारक है। उन्होंने बताया कि दलित-मुक्ति के सवालों और विशेषकर मुक्ति के साधनों या तरीकों को लेकर गाँधी-अंबेडकर के बीच काफी मतभेद रहे हैं। ये मतभेद इतिहास में दर्ज हैं और इनसे इनकार करना न तो उचित है और न ही वांछनीय। उन्होंने कहा कि हम दोनों के विचारों के बीच तुलना करने और उनमें से किसी को भी श्रेष्ठ बताने हेतु भी स्वतंत्र हैं, लेकिन किसी एक विचारक का अंधभक्त बनकर दूसरे के योगदानों को पूरी तरह नजरअंदाज करना और कुत्सित स्वार्थवश इन मतभेदों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना, तो सरासर अन्याय एवं बौद्धिक छल भी है। उन्होंने बताया कि गाँधी और डॉ. अंबेडकर दोनों ने अपने युगधर्म को समझा और तत्कालीन चुनौतियों का अपने-अपने ढंग से मुकाबला किया। इस क्रम में दोनों को जब जैसा उचित लगा, तब उन्होंने वैसा कदम उठाया। उन्होंने बताया कि बेशक ज्यादातर मामलों में दोनों के लक्ष्य एक होते हुए भी उनकी राहें जुदा थीं। तात्कालीन परिस्थितियों में गाँधी और डॉ. अंबेडकर में से किसका रास्ता ज्यादा सही था, यह कहना तो बहुत कठिन है। लेकिन, यह बात निश्चित रूप से कही जा सकती है कि यदि गाँधी-अंबेडकर साथ-साथ चले होते, तो भारत की तकदीर कुछ और ही होती!



परीक्षा | श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.अशोक कुमार ने छात्र-छात्राओं को किया संबोधित

## नैक एक्रेडिटेड मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में सीबीएस पर आधारित सीआईए परीक्षा हुई प्रारंभ

**मधेपुरा**। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत नैक एक्रेडिटेड महाविद्यालय मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में नई शिक्षा नीति के तहत संचालित सीबीएस पर आधारित सीआईए परीक्षा हुई प्रारंभ। छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ गई। बिंदेश्वरी बाबू सभागार में महाविद्यालय के संस्थापक श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ अशोक कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की नई शिक्षा नीति वैश्विक स्तर पर रोजगारक शिक्षा है ,जिसमें स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ नैतिक शिक्षा की भी पढ़ाई होगी, जिन युवाओं पर आज भारत गर्व कर रहा है उन्ही युवाओं के माध्यम से विश्व स्तर पर नई शिक्षा नीति से नई ज्ञान प्राप्त कर वैश्विक क्षितिज पर परचम लहराएगा ।कुलपति महोदय ने कहा की अब सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से महाविद्यालय नियमित आने की आवश्यकता है, तभी आप वैश्विक रूप से दौड़ पाएंगे। महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर पूनम यादव ने कहा कि अगर आप तीन दिन तक अनुपस्थित



रहते हैं तो आपका नाम कटेगा ।अगर आप नाम काटने के बाद पुनः नामांकन चाहते हैं तो आपको कठिनाई होगी ।दंड भरना पड़ेगा साथ ही बहुत से अध्याय की जानकारी से आप वंचित हो जाएंगे ।डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा ने कहा की इस परीक्षा का बहुत ही महत्व है ।इसमें आपकी उपस्थिति पर भी अंक है इसलिए सभी अपनी उपस्थिति सत प्रतिशत दर्ज करें अन्यथा बहुत दृष्टिकोण से आपको हानि होगी आज के इस कार्यक्रम में सभी विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण अर्थात परीक्षा नियंत्रक अभय कुमार जंतु विज्ञान के अध्यक्ष डॉ बृजेश कुमार मंडल नया कोऑर्डिनेटर सच्चिदानंद सचिव रसायन शास्त्र के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव फिजिक्स के प्राध्यापक सत्यनारायण यादव जियोग्राफी के प्रचार विजेंद्र मेहता दर्शनशास्त्र के डॉक्टर के पी यादव विनय झा सदानंद प्रसाद यादव गृह विज्ञान के किरण कुमारी रीना सिंह लीला कुमारी लिली कुमारी अर्थशास्त्र के अरविंद कुमार यादव रत्नाकर भारती रमेश कुमार ग्रामीण अर्थशास्त्र के भारती अंग्रेजी के भारतीय देवेंद्र देवेंद्र हिंदी के राजेंद्र प्रसाद यादव सुरेंद्र सिंह शुभेंदु सिंह शुभेंदु सिंह वंदना कुमारी इतिहास के डॉक्टर राजेश रतन कप्तान गौतम कुमार श्रम एवं समाज कल्याण के विभाग कुमार सदानंद कुमार गणित के विजेंद्र कुमार यादव विजेंद्र प्रसाद गजेंद्र प्रसाद यादव अरविंद कुमार राजनीति शास्त्र के मुकेश कुमार शंभू शरण समाजशास्त्र के श्री मनोज कुमार झा शिवनंदन कुमार संस्कृत के चंद्रमणि गुप्ता अमित कुमार अमर मैथिली के भीम कुमार नवीन कुमार प्राची प्राचीन इतिहास के परमेश्वर प्रसाद यादव कृष्ण कुमार झा आदि ने शामिल होकर छात्र-छात्राओं को संबोधित करने का कार्य किया।

यूभीके कॉलेज कड़ामा में नए युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए लगाया गया है 5 दिवसीय शिविर

## दिनचर्या तय कर लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी- बीडीओ

**आलमनगर** । यूभीके कॉलेज कड़ामा में नए युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए लगाया गया है 5 दिवसीय शिविर का गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर का निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा के दिशा निर्देश पर उच्च शिक्षण संस्थानों में 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके युवक एवं युवतियों को मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर शिविर लगवाया गया है इसी क्रम में यूभीके कॉलेज कड़ामा में आयोजित शिविर के दौरान बीएलओ रंजीत कुमार एवं दीपक कुमार के द्वारा नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को पुरैनी के प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने महाविद्यालय में शिविर का निरीक्षण किया और बीएलओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में स्नातक प्रथम खंड के छात्र-छात्राओं को बीडीओ ने करियर बनाने के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए, साथ ही उन्हें अभी से ही एक लक्ष्य तय कर पूरी तन्मयता के साथ उसे पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता



है दिनचर्या तय करना और उसे जीवन में उतारना अगर आप लोगों ने एक बार संजिदगी के साथ दिनचर्या तय करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने की तैयारी में जुट गए तो निश्चित ही भविष्य में उच्च मुकाम प्राप्त होगा। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयोजक डॉक्टर चंद्रशेखर मिश्रा वह अन्य तमाम कर्मियों के द्वारा प्रत्येक दिन महाविद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और देश के विकास में मतदान के माध्यम से अपनी भूमिका निभाने को लेकर जागरूक कर रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस द्वारा दर्ज किए अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल।** जिले में मरौना पुलिस द्वारा किशनपुर थाना में दर्ज कांड के फरार आरोपी को नदी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में गुरुवार को जेल भेज दिया है।जेल भेजे गए अभियुक्त नदी थाना क्षेत्र के लालमनिया पंचायत अंतर्गत सखुआ गांव वार्ड 7 निवासी डोमी मंडल है।बता दे कि इसके खिलाफ किशनपुर थाना में कांड संख्या 130/15 दर्ज है। जिसमें अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट का भी धारा लगाया गया है।लेकिन उक्त अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था ।जिसे नदी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।जानकारी देते हुए नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि किशनपुर थाने में दर्ज कांड के फरार आरोपी डोमी मंडल को नदी पुलिस ने सखुआ गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अपने पति के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत सिमराही वार्ड नंबर 3 दुर्गा मंदिर प्रांगण में दर्जनों सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत कर धूम धाम से पर्व को मनाई। समाज सेविका पल्लवी सिंह ने करवा चौथ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौथ का व्रत बडी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी के जैसे दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव अधिकतर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। इस मौक़े पर मन्दिर प्रांगण में पल्लवी सिंह डेजी रानी विवाह देवी सुनीता कुमारी अर्चना कुमारी लता देवी, पूजा देवी, पिंकी देवी, विभा जयसवाल, सोनी देवी व्रती मौजूद थीं।

### अपने पति के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत सिमराही दुर्गा मंदिर और अपने कुल देवी के प्रांगण में दर्जनों सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत कर धूम - धाम से पर्व को मनाई। समाजसेविका पल्लवी सिंह ने करवा चौथ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौ थ का व्रत बडी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी के जैसे दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव अधिकतर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं इस मौक़े पर मन्दिर प्रांगण में ऐवम अपने अपने कुलदेवी के प्रागंण पल्लवी सिंह डेजी रानी विवाह देवी सुनीता कुमारी अर्चना कुमारी, लता देवी, पूजा देवी, पिंकी देवी, अंशू कुमारी ,गीता देवी ,व्रती मौजूद थीं।

# रबी फसल को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के प्रखंड मुख्यालय ई किसान भवन बसन्तपुर में मंगलवार को बसन्तपुर उप प्रमुख बीबी आयशा की अध्यक्षता में रबी फसल को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत उप प्रमुख बीबी आयशा, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कुन्दन कुमार, राधिका कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि बैज्ञानिक डॉ नीलेश कुमार ,बीएओ सुधाकर पांडे, प्रखंड जद यू अध्यक्ष अनिल खेड़वार मंटू, बसन्तपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री लाल गोठिया, द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती - किसानी करने के गुर सिखाए गए। क्षेत्र के 14 पंचायतों के विभिन्न गांवों से उपस्थित किसानों ने रबी महोत्सव में भाग लिया।कृषि वैज्ञानिक डॉ नीलेश कुमार और वीरपुर एसएओ कुंदन कुमार ने रबी प्रशिक्षण सह उत्पादन वितरण से अन्न दाता किसानों को अवगत कराया गया । कृषि विज्ञानी ने कम लागत में अधिक उत्पादन एवं खेतों में नमी रहने पर रबी फसलों की बोआई करने की सलाह दिया। जिससे खेतों में अंकुरण सही तरीके से हो सके। इसके अलावा जीरो टिलेज से खेती करने के साथ- साथ जैविक खाद का प्रयोग करने पर बल प्रदान किया। कृषि - यांत्रिकरण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बताया कि यांत्रीकरण के माध्यम से किसान चार से आठ लाख तक की राशि का कृषि उपकरण यंत्र खरीद सकते हैं। जिसमें खेत जोताई से लेकर कटाई सहित अन्य यंत्र की खरीदारी कर सकते हैं। किसानों को रसायनिक खाद से परहेज करने की बात कही गई।किसानों को उन्नत खेती के तौर तरीके से अवगत कराया। बीएओ ने बताया कि सरसों, चना और मसूर का बीज वितरण किया जा रहा है। सभी किसान आन लाइन प्रक्रिया के तहत इसकी खरीदारी कर सकते हैं। किसानों ने भी कई सवाल कृषि बैज्ञानिक से कर अपनी जानकारी बढ़ाई।श्री लाल गोठिया ने खाद बीज की उपलब्धता को लेकर सवाल किए तो अनिल खेड़वार मंटू ने कहा कि यह जरूरी है कि कृषि बिभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ किसानों को सही तरीका से प्राप्त हो।तभी किसानों को इसके उद्देश्य की पूर्ति होगी। मोके पर कृषि समन्वयक धर्मेंद्र कुमार, राजीव रंजन ,ज्योति कुमारी, मनोज चौधरी, किसान सलाहकार, मनोज कुमार ,राजेश कुमार, सतीस कुमार, देव् कुमार राम, भोला राम,पप्पू कुमार, लालचन्द ,किसान महेंद्र मेहता, कामता प्रसाद गुप्ता, अकबाल आलम, राजकुमार मेहता, रामचन्द्र मेहता,उदय मेहता , भीम मेहता, सहित बड़ी संख्या में अन्य किसान उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ्वारा ऑडिटोरियम पटना से ऑनलाइन 13400 करोड़ के योजना का किया गया शुभारंभ



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में नॉर्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के 11वे स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, महोदय द्वारा ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना से ऑनलाइन 13400 करोड़ के योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुपौल एन0आई0सी0 के माध्यम से माननीय विधायक, निर्मली विधान सभा क्षेत्र, श्री अनिरुद्ध प्रसाद यादव, माननीय विधायक, पिपरा विधान सभा क्षेत्र, श्री राम विलास कामत, जिलाधिकारी, सुपौल, श्री कौशल कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता, सुपौल, श्री सौरभ कुमार, आलोक रंजन, प्रवीण कुमार के साथ वरीय प्रबंधक राजस्व, श्री दीपक कुमार, आईटी मैनेजर, श्री प्रभात कुमार उपस्थित थे। बाद में सुपौल विद्युत सभागार में स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नदिशक, डी0आर0डी0ए0, सुपौल, श्री ऋषव, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुपौल, श्री शशि कुमार, कार्यपालक अभियंता, पी0एच0ई0डी0, सुपौल, जिला कृषि पदाधिकारी सुपौल के साथ विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता सुपौल, वरीय प्रबंधक राजस्व, एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अच्छे कार्य करने वाले कर्मियों को जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा सम्मानित किया गया।

## जमीनी विवाद को लेकर लाठी से पीट 60 वर्षीय बुज़ुर्ग की हत्या



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले में त्रिबेनीगंज अनुमंडल से इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आ रही है यहाँ जदिया थाना क्षेत्र के फुलकाहा वार्ड नम्बर 16 में ज़मीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक 60 वर्षीय बुजुर्ग पर लाठी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।उसकी हत्या कर दी।सुबह-सुबह हुई इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है मृतक के परिजनों ने बताया कि पिछले एक डेढ़ वर्षों से पड़ोसी से मात्र 10 धूर जमीन को लेकर विवाद चल रहा था,आज सुबह फिर पड़ोसी से ही विवादित जमीन को लेकर कहासुनी हुई जिस दरम्यान दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट शुरू कर दिया और इसी बीच दूसरे पक्ष के लोगों ने पीछे से स्थानीय निवासी 60 वर्षीय बिजेंद्र मेहता के सिर पर हमला कर दिया जिससे यह गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसके बाद परिजन इसे लेकर त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल आये जहां डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया है वहीं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.सुमन कुमारी ने बताया कि जख्मी पेसेंट यहाँ आया जिसे एग्जामिन किया गया तो जख्मी ब्रॉड डेड मिला जिसे मृत घोषित कर दिया गया है।घटना के संबंध में त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपीन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है मामले की जाँच की जा रही है।

## सहयोग जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ का खुला कार्यालय



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत निर्मली बाजार स्थित मेहता काम्प्लेक्स मे गुरुवार को सहयोग जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ का कार्यालय खुला। कार्यालय का उदघाटन जिला परियोजना प्रबंधक जीविका विजय कुमार सहनी, जीविका परियोजना प्रबंधक पिपरा कन्हैया कुमार सिंह, संघ के ओबी सदस्य , एसी रानू कुमार, सामुदायिक समन्वयक पुष्पलता भारती , सोनी कुमारी , अंजू कुमारी , लेखापाल संजय चौपाल एवं एमबीके अखिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके जिला परियोजना प्रबंधक विजय कुमार सहनी ने कहा कि कार्यालय खुलने से इस क्षेत्र के जिविका दीदियो के लिए फायदेमंद होगा। कहा की जीविका की बदौलत अब तक सैकड़ों परिवारों का जीवन स्तर सुधारा जा चुका है। जिले में जीविका लगभग सभी प्रखंडों में जरूरतमंद महिलाओं को बैंक से ऋण उपलब्ध करा उनके लिए रोजगार सृजन करने का कार्य किया है। संस्था ने गरीब तबके के सैकड़ों महिलाओं को उनके जीविकोपार्जन के लिए समुचित अवसर उपलब्ध कराया है। जीविका जिले में स्वरोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुई है। ग्रामीण जीविकोपार्जन के विकल्प को विकसित कर गरीबों व महिलाओं के हितार्थ सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे कार्य का प्रतिफल भी दिखने लगा है। जिससे रोजगार के अवसर प्राप्त कर हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। समूह में कार्य करने वाले लोगों को भी फायदा पहुंचा है। जीविका से जुड़कर आज जिले में कई गरीब महिलाएं खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रशिक्षण व स्वास्थ्य रक्षा का भी काम कर रही हैं। कहा कि एक समूह महिलाओं को देख कर दूसरा स्वयं सहायता समूह बनता गया। खास बात यह कि अगर कोई महिला लोन लेने के बाद भी व्यवसाय नहीं चला पाती तो उसे दोबारा भी उधार दिया जा सकता है। इस मौके पर जीविका के सभी बीके, सभी सीएम समूह से जुड़ी दीदियाँ एवं अन्य मौजूद थे।

## पुलिस द्वारा एक शराब कारोबारी को पकड़ कर भेजा जेल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के नौआबाखर पंचायत के भेलवा गांव के हनुमान मंदिर के निकट से एक शराब कारोबारी को पकड़ने में किशनपुर थाना पुलिस को सफलता मिली है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की गुरुवार को दिन के लगभग 12 बजे भेलवा हनुमान मंदिर के निकट पीला गैलन में झोला में रखे 12 काला पॉलिथिन में बंधा प्रत्येक पॉलिथिन 250 एमएल का कुल तीन लीटर देशी शराब के साथ अभुआर निवासी हनुमान मुखिया को हिरासत में लिया गया है जिसे न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया। यह शराब कांड में दो बार जेल जा चुका है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना में सभी लाभों से लाभान्वित होने हेतु सीएससी सेंटर में करें आवेदनः रंजीत यादव



**जोकीहाट ।** अररिया लोकसभा क्षेत्र के जोकीहाट विधानसभा में बुधवार को यादव टोला सिसौना में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का एवं बूथ सशक्तिकरण तथा वोटर चेतना से संबंधित कार्यशाला का आयोजन हुआ । भाजपा के कट्टर नेता सह युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना में सभी लाभों से लाभान्वित होने हेतु सीएससी सेंटर में आवेदन करवाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता जोकिहाट नगर भाजपा के अध्यक्ष मनोज यादव और मंच संचालन भाजपा युवा नेता श्रेयश कुमार साहा ने किया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के अररिया जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, जिला प्रभारी सियाराम शाह, लोकसभा विस्तारक पारसनाथ शाह, मंडल अध्यक्ष रमेश चौधरी संतोष मंडल ,संजय विश्वास के अलावा मंडल महामंत्री गण बृजमोहन ठाकुर ,विधानसभा संयोजक धर्मचंद दास, सह संयोजक आमोद झा के अलावा सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पति की लंबी आयु की कामना में लिए सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत किया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** नासरीगंज पति की लंबी आयु की कामना और परिवार की सुख समृद्धि के लिए किया जाने वाले करवा चौथ व्रत बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र में विधि-विधान के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने पूरा दिन निर्जला व्रत रख व सोलह श्रृंगार कर चांद का दीदार किया तथा शाम आठ बजे के बाद अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। इसके बाद पति व बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया तथा पति के हाथों पानी पीने के बाद व्रत तोड़ा। इस दौरान पति ने भी उन्हें तोहफे दिए। वहीं जिनके पति बाहर रहते हैं उन्होंने विडियो काल कर पति के दर्शन किए। इससे पूर्व महिलाओ ने नवीन वस्त्र धारण किये। कलाइयों में नई-नई चूड़ियां और कंगन, पांव में पायल, गले मे हार के अलावा नथिया और मांगटीका खासतौर से धारण किया। जिन महिलाओ ने पूर्ण श्रृंगार नही किए। उन्होंने भी पूजन के समय नथिया और मांगटीका जरूर पहना। फिर अपना-अपना करवा लेकर आस-पास के देवालयों में इकठ्ठा हुईं। महिलाओ ने विधि पूर्वक पूजा करने के बाद करवा बदलने की प्रक्रिया पूरी की। एक गोलाई में बैठी महिलाओ ने अपना करवा दूसरी महिला की ओर बढाया। करवा तब तक घुमाया जाता रहा जब तक सभी सुहागनों के हाथ से होते हुए सबका करवा उसके हाथ मे वापस नही आ गया। जिन महिलाओ ने घर मे अकेले पूजन किया। उन्होंने एक के स्थान पर दो करवा रखा और आपस मे दोनों करवा बदलें। करवा बदलना इस पूजन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। नगर पंचायत के वार्ड 05 निवासी आशुतोष कुमार की पत्नी ज्योति कुमारी ने बताया कि शादी के बाद से वह करवा चौथ मनाती आ रही हैं। शुरुआत से लेकर आज तक इस पर्व को लेकर उत्साह एक जैसा बना हुआ है। आनंद कुमार की पत्नी संगीता देवी ने बताया कि करवा चौथ का व्रत थोड़ा कठिन है। इसमें पूरा दिन बिना दाना-पानी के रहना पड़ता है। लेकिन उनके परिवार की महिलाएं शुरू से ही इस पर्व करती आ रही हैं तथा वे भी शादी के बाद से ही इस व्रत को कर रही हैं। कई महिलाओं ने बताया कि पहले इस त्योहार का चलन कम था, लेकिन अब ग्लोबल हो रही दुनिया में सभी देखा देखी कर नासरीगंज प्रखण्ड क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में सुहागिनें यह त्योहार मनाने लगी हैं। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत किया। इस दौरान बाजारों में पूरी चमक-दमक रही। एक दिन पूर्व से ही महिलाओं ने फल-मिठाई एवं पूजा के पारंपरिक सामानों की खरीददारी की जिससे बाजार गुलजार बना रहा।

भेंट | मिथिला के पारंपरिक रीति से सम्मानित कर भेंट की अपनी पुस्तक

# राज्यपाल अर्लेकर से मिले प्रो. रवीन्द्र चौधरी



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड के गणपतगंज निवासी प्रोफेसर डॉ. रवीन्द्र कुमार चौधरी बुधवार को राजभवन, पटना में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिले। प्रो चौधरी ने सर्वप्रथम राज्यपाल महोदय को मिथिला के पारंपरिक रीति से अंगवस्त्र, पाग एवं मिथिला चित्रकला से सुसज्जित स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्हें अपनी मैथिली पुस्तक 'समकालीन मैथिली लेखक कोश' भेंट की। इस पुस्तक में वर्ष 2020 में आए भयंकर महामारी कोरोना काल में जीवित 851 मैथिली साहित्यकारों का समग्र परिचय संग्रहित है। इसमें भारत, नेपाल समेत अन्य देशों में जहां कहीं रहकर मिथिला वासी मैथिली साहित्य का सृजन करने में लगे हैं, उनका परिचय इसमें शामिल है। इनमें 97 लेखक- लेखिकाएं नेपाल के हैं। जिसमें काठमांडू से चौदह, धनुषा (जनकपुर) से एकाबन, सप्तरी से दस, सिरहा से दस, रोतहट से एक, सर्लाही से दो, महोत्तरी से तीन, सुनसरि से एक तथा मोरंग (विराटनगर) से पांच लेखक- लेखिकाओं का परिचय इसमें संग्रहित है। इसके साथ नेपाल के वैसे मैथिली लेखकों का भी परिचय इस पुस्तक में संग्रहित है जो नेपाल से बाहर अन्य देशों में रहकर मैथिली साहित्य सृजन में लगे हैं। इनमें ईनरूवा के प्रयास प्रेमी मैथिल मलेशिया में हैं तथा कल्याणपुर सिरहा निवासी राम अधीन यादव तथा जोगियारा धनुषा निवासी बिंदेश्वर ठाकुर वैदेशिक रोजगारी दोहा कतर देश में सरकारी कंपनी में कार्यरत रहकर मैथिली साहित्य का सृजन कर रहे हैं। इस पुस्तक में भारतीय मिथिला क्षेत्र के 754 मैथिली साहित्यकारों का परिचय शामिल है। जिनमें सिंगापुर में कार्यरत अंजनी कुमार चौधरी, खुशबू मिश्रा खुशी, युगांडा के केशव भारद्वाज, फिलिपींस के ज्योति कार्तिकेय, यूके के मिथिलेश झा, वंदना कर्ण, सीमा झा, रूस- मास्को के शिशिर कुमार झा, तंजानिया के संजय झा 'नागदह' तथा यूक्रेन के सुपर्णा झा का भी परिचय इसमें शामिल है। ये लोग अन्य देश में रहकर भी मैथिली साहित्य सृजन करते हैं। राज्यपाल अर्लेकर इस महत्वपूर्ण मैथिली पुस्तक के लिए अपनी शुभकामनायें देते प्रोफेसर चौधरी को बधाई दिए। प्रोफेसर डा चौधरी ने इससे पूर्व पिछले सप्ताह अपनी यह पुस्तक नेपाल के प्रथम पूर्व उपराष्ट्रपति परमानंद झा से काठमाण्डू में मिलकर उन्हें भेंट की थी। तब पूर्व उपराष्ट्रपति श्री झा इस पुस्तक को देखने के बाद अपना उद्गार व्यक्त करते हुए बोले कि मैथिली साहित्य की यह प्रथम पुस्तक है जो नेपाल और भारत के मैथिली साहित्यकारों को जोड़ती है। इससे मैथिली साहित्य दोनों देशों में समृद्ध होगा। ज्ञातव्य हो कि पिछले माह प्रोफेसर चौधरी को साहित्य और समाज सेवा कार्यों के लिए भारत गौरव सम्मान से नवाजा गया है। इससे पूर्व राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि सम्मान, मिथिला गौरव सम्मान, झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। प्रो डा. रवीन्द्र कुमार चौधरी सम्प्रति झारखंड के जमशेदपुर स्थित घाटशिला कॉलेज में प्राचार्य के पद पर आसीन हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 5 वर्षिय बालक की हुई मौत, विरोध में सड़क जाम



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर थाना क्षेत्र के लालजी चौक से उत्तर एसएच 91 पर गुरुवार की अपराह्न तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने एक 5 वर्षिय बालक रौंद दिया, जिससे बालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, परिजनों द्वारा आननफानन में उपचार हेतु निजी वाहन से फारबिसगंज ले जाया जा रहा था, लेकिन बालक का रास्ते मौत हो गई। इधर घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक को परिजनों और स्थानीय लोगों ने खदेड़कर घटना स्थल से आगे मध्य विद्यालय महद्दीपुर के पास चालक और खलासी सहित ट्रक को पकड़ लिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक खलासी को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गया। मृतक बालक उधमपुर पंचायत के वार्ड नम्बर 13 निवासी मो सकील का 5 वर्षिय पुत्र मो रिजवान बताया जा रहा है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच हुआ है। घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने मृतक बालक के घर के आगे एसएच-91 को जामकर मुआवजे मांग करने लगा, घटना की सूचना पर सिओ उपेन्द्र कुमार और थानाध्यक्ष रामइकबाल पासवान जाम स्थल पर पहुंचकर घटना से अवगत हुए और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आक्रोशित लोगों को समुचित अस्वाशन देकर जाम जाम हटवाकर आवागमन चालू करवाया। इधर करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहने से सड़क के दोनों साइड वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी अनुसार रिजवान अपने घर के आगे चाचा के साथ सड़क किनारे खड़ा था, उसी क्रम में छातापुर की ओर से भीमपुर की ओर जा रही तेजरफ्तार ट्रक ने रिजवान को कुचल दिया। जिससे से बालक की मौत हो गई। इस बाबत सिओ उपेन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रक की ठोकर से बालक की मौत हुई है, शव का पोस्टमार्टम में भेजने के लिए परिजनों से बात किया जा रहा है, आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटवाया गया। वहीं थानाध्यक्ष रामइकबाल पासवान से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

## ख़ास ख़बर

### 4 नवम्बर संकल्प यात्रा को लेकर बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** लोक जनशक्ति पार्टी रा की समीक्षा बैठक अयोध्या पैलेस सासाराम लोक जनशक्ति पार्टी रा जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि 4 नवंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुई सांसद माननीय चिराग पासवान के निर्देशानुसार बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट मुहिम को लेकर संकल्प यात्रा प्रदेश अध्यक्ष सह पूव विधायक राजू तिवारी के नेतृत्व में 4 नवंबर को 10:00 बजे दिन में अयोध्या प्लेस माइक्रो सासाराम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक कमलेश राय करेंगे वह जिला के हर प्रखंड में जाकर मीटिंग कराकर पंचायत स्तर पर बुथ कमेटी बनाने का काम किया है ।जो 4 नवंबर को सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सभी पंचायत अध्यक्ष जिला के तमाम प्रकोष्ठ का अध्यक्ष सदस्यों ने भाग लेंगे।

### छात्र की मृत्यु पर शोकसभा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के कोचस प्रखंड के नरवर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर के प्रथम कक्षा में पढने वाला छात्र पिन्टु कुमार,पिता मुन्ना सिंह उम्र 6 वर्ष को मृत्यु हो गया हैं। तीन दिन से वाराणसी में ईलाज चल रहा था। आज सुबह बच्चें का शव घर लाया गया। विद्यालयों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शिक्षक एवं बच्चों ने शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की इस मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में उपस्थित शिक्षक विजय कुमार, अमित कुमार त्रिपाठी,अनिल कुमार, शिक्षिका सुनीता कुमारी, विद्यालय के रसोइया एवं बच्चों ने भाग लिया।

### भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की मातमपुर्सी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** प्रखंड के जमसोना गांव निवासी विनय चौधरी उर्फ मुन्ना चौधरी के निधन पर मातमपुर्सी में शुक्रवार को भाजपा के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पहुंचे। वे सर्वप्रथम उनके परिवार के सदस्यों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना तथा इस दुखः की घड़ी में परिजनों का ढ़ांढ़स बंधाया। उनके पुत्र से विचार विमर्श करते हुए कहा कि जमसोना गांव निवासी मुन्ना चौधरी हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलने की नसीहत लोगों को देते रहें। सामाजिक कार्यों में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लेते थे। गरीबों की सेवा करने में हमेशा आगे रहते थे। आज उनके जाने की कमी हम सभी समाज के लोगों को खल रही है। भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि इनके श्राद्ध कर्म में भी मैं अवश्य आऊंगा।

### शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बुधवार को बक्सर जिला के बैरी गांव निवासी व समाज सेवी भोजपुरी माटी के लाल भोजपुरी अश्लील गीतों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले नंदकुमार तिवारी के पुत्र अभिनव तिवारी का निधन हो चुका। अभिनव तिवारी नाइजीरिया में इंजीनियर के पद पर पदस्थापित थे। तिवारी के निधन की सूचना मिलने पर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने व कुशल क्षेम पूछने पहुंचे रोहतास जिले के कर्मा निवासी पिन्टु सिंह। जो राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहार सह बिहार विधान परिषद सदस्य रोहतास सह कैमूर के प्रतिनिधि है। पिन्टु सिंह ने शोकाकुल परिवार के पास पहुंचने के बाद मृतक अभिनव तिवारी के परिजनों को सांत्वना दिया और कहा कि ईश्वर अभिनव जी की आत्मा को शांति प्रदान करे और अपने शरण में जगह दे उनके देहांत से सारा समाज दुखी है।

### मीटर बाईपास को लेकर 4 लोगो पर प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी एवं मीटर गुणवत्ता की जांच को लेकर एक टीम गठित किया गया, जिसमे सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार, कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल एवं अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थें। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि शीर्ष कंपनी के आदेशानुसार मीटर गुणवत्ता की जांच हेतु घर घर जाकर मीटर की जांच की जा रही है। जिसमे अवैध रूप से बिजली चोरी या मीटर बाईपास कर बिजली का उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जांच दल द्वारा ग्राम-मानी में निरीक्षण किया गया जिसमें मीटर बाइपास कर अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर महेंद्र सिंह पर 25021 एवं तारामुनी देवी पर 25283 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। आगे बताते चलें कि उक्त जांच दल द्वारा ग्राम-घुसिया टोला पहुँच पाया कि घरेलू परिसर में एल.टी. लाइन से टोंका फंसाकर तथा मीटर बाईपास करने को लेकर मालधनी सिंह पर 19735 एवं लाल बहादुर सिंह पर 7434 रुपये राजस्व की क्षति दर्शायी गयी है।

# धूमधाम से मनाया गया विद्युत कंपनी का 11 वां स्थापना दिवस



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना का 11वां स्थापना दिवस विद्युत आपूर्ति अंचल, सासाराम कार्यालय के प्रांगण में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम विवेकानंद ने तथा मंच का संचालन कार्यपालक सहायक मो० आदिल खान के द्वारा किया गया। विद्युत अधीक्षण अभियंता के द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना अंतर्गत हर घर बिजली के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण का कार्य किया गया है। किसानों को सिंचाई हेतु खेतों में भी विद्युत संरचना उपलब्ध कराई गई है, जिसमे सरकार द्वारा कृषकों को विशेष अनुदान दी जा रही है। आगे बताते चलें कि विद्युत कंपनी के द्वारा सुविधा एप्प लॉन्च किया गया है जिसके माध्यम से सभी उपभोक्ता घर बैठे विपत्र जमा, लोड बढ़ाना, लोड घटना, पता सुधार आदि का लाभ ले सकते हैं साथ ही साथ नया विद्युत संबंध हेतु घर बैठे आवेदन समर्पित कर सकते है, जिसके लिए कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु सासाराम अंचल अंतर्गत बहुत स्थानों पर शक्ति उपकेंद्र का निर्माण कराया गया है तथा जहां अत्यधिक उपभोक्ता हैं उसके अनुसार वितरण ट्रांसफॉर्मर भी अधिष्ठापित कराई गई है। स्थापना दिवस के मौके पर विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम, वरीय प्रबंधक, सहायक विद्युत अभियंता (असैनिक) श्रीमती वर्षा, सहायक विद्युत अभियंता सासाराम (ग्रामीण) उज्ज्वल कुमार, सहायक विद्युत अभियंता सासाराम (शहरी) संदीप कुमार गुप्ता, कनीय विद्युत अभियंता चेनारी दया शंकर राम, कनीय अभियंता बेदा राहुल कुमार, आदि ने संबोधित किया।

## फसल अवशेषों को जलाये नही बल्कि उपयोग में लाये

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** धान की फसल की कटाई प्रारंभ होने वाली है। उनके अवशेषों व पराली को किसान भाई जलायें नही बल्कि उपयोग मे लायें। यह जानकारी देते हुए डॉ० संदीप , सहायक प्राध्यापक एवम प्रभारी बागवानी, नारायण कृषि विज्ञान संस्थान, गोपाल नारायण सिंह विश्विद्यालय जमुहार, सासाराम ने बताया कि फसलों के अवशेषों को जलाने से उनके जड़, तना, पत्तियों में संचित लाभदायक पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती है जिसके कारण मृदा के भौतिक, रसायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेषों में लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है साथ ही पशुओं के चारे की व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। आम का बागीचा यदि पास में है तो फलों में कोयलिया रोग लग जाता है जिसके कारण फलों मे काला धब्बा बन जाता है। मनुष्यों को साँस लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जहाँ पर कम्बाईन का प्रयोग फसलों के कटाई में करते हैं वहाँ पर फसलों के अवशेष डण्ठल के रूप में खड़े होते हैं एवं उनके जलाने पर नजदीक के किसानों के फसलों में आग लगने की संभावना के साथ ही साथ खड़ी फसल एवं आबादी में अग्निकाण्ड होने की संभावना बनी रहती है।वहीं आस-पास के खेत व खलिहान तथा मकान में भी अग्निकाण्ड के कारण अत्याधिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि किसी भी फसल के अवशेष को जलायें नहीं बल्कि मृदा में कार्बनिक पदार्थों की वृद्धि हेतु पादप अवशेषों को मृदा में मिलायें और सड़ायें। फसल अवशेष कम्पोस्ट खाद बनाने में सहायक है जो कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक क्रियाओं में लाभदायक है।

## नोखा में आयोजित कर्पूरी चर्चा को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं ने बैठक किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज(रोहतास)।** नासरीगंज जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों को साकार करने वाले मुख्यमंत्री के हाथ को मजबूती प्रदान करने के लिए आगामी 4 नवंबर को नोखा में कर्पूरी चर्चा का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर नगर के बड़ी बाजार रोड स्थित जदयू प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक अहम बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी नागेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित रहे। इस बैठक में कर्पूरी चर्चा कार्यक्रम को लेकर विशेष रूप से विचार विमर्श किया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा वर्ग के हित में बहुत से कार्य किए हैं। वह सभी कार्य ऐतिहासिक कार्य हैं। उन्होंने पंचायत चुनाव में आरक्षण, अति पिछड़ा वर्ग के लिए आयोग का गठन, अति पिछड़ा कल्याण विभाग का गठन, अति पिछड़ा वर्ग के छात्राओं को छात्रवृत्ति, पोशाक और साइकिल योजना, परिवहन योजना का लाभ, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, प्रत्येक जिला में 100 बेड का छात्रावास का निर्माण इत्यादि अनेकों लाभ अति पिछड़ा समाज को दिया है। उन्होंने जदयू कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि नोखा में आयोजित "कर्पूरी चर्चा" कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में नासरीगंज प्रखंड से कार्यकर्ता उपस्थित हो। इस मौके पर संजर खान, सुनील चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, जहूर अंसारी, विनोद चौधरी, राजीव रंजन, रिंटू तिवारी व महेश चंद्रवंशी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीएम की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति को लेकर बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिलापधिकारी नवीन कुमार रोहतास द्वारा धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रबंध निदेशक सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक एसएफसी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दिया गया कि अब तक 232 पैक्स एवं व्यापार मंडल द्वारा धान अधिप्राप्ति से संबंधित प्रस्ताव कार्यालय में समर्पित किया गया है वहीं 25 ऊसना राइस मिल एवं 32 पैक्स राइस मिल द्वारा एसएफसी में धान मिलिंग हेतु निबंधन किया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दिया गया कि अब तक 24 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक एवं वरीय उपसमाहर्ता अधिप्राप्ति के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रबंध निदेशक सहकारी बैंक से पूछा की गई कि अब तक जिला अंतर्गत कितने डिफाल्टर पैक्स हैं और उनसे अधिप्राप्ति हेतु बैंक द्वारा क्या कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में प्रबंध निदेशक द्वारा जानकारी दिया गया कि प्रमादी पैक्स जिसमें नए प्रबंधकरिणी है उसका चयन जिला टास्क फोर्स से होता है और संबंधित पैक्स द्वारा अपने सदस्यों से अमानत लेकर धान अधिप्राप्ति का कार्य करते हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि विभागीय गाइडलाइन के अनुसार ऐसे समितियां को धान अधिप्राप्ति प्राप्ति हेतु कैश क्रेडिट आदि की सुविधा दिया जा सकता है तो इस संबंध में विभाग से मार्गदर्शन ले लें। वहीं जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी समितियां में विभागीय गाइड लाइन के अनुरूप बायोमेट्रिक एवं अन्य सुविधा निश्चित रूप से हो, चुकी इस बार व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम के आधार पर धान अधिप्राप्ति की जाएगी, इसलिए इसकी भी पूरी तैयारी निश्चित रूप से समिति द्वारा कर ली जानी चाहिए। इस हेतु डीसीओ आवश्यक कदम उठाएंगे । वहीं जिला पदाधिकारी द्वारा यह भी चिंता व्यक्त किया गया कि जन संवाद कार्यक्रम में कतिपय किसानों द्वारा सही समय पर भुगतान नहीं करने और कम मात्रा में धान की प्रविष्टि करने की शिकायत की जा रही है, साथ ही साथ पैक्सों में ऑनलाइन सदस्यता के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित पैक्स अध्यक्ष को निर्देशित कर दें कि अनावश्यक कारण लगाकर या अनुचित कारण लगाकर पैक्स सदस्यता को रिजेक्ट नहीं करें और जल्द से जल्द अपील वाद में आए हुए आवेदन की सुनवाई करें और जो सही है उनका सदस्यता दिलाये। वहीं जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि जितने राइस मिलों का सत्यापन हो गया उसका चेक लिस्ट बनाएं और जिस मिल में विभागीय मापदंड के अनुसार सभी उपकरण है उसी का चयन भी किया जाएगा। जो मिल चालू अवस्था में नहीं पाया गया उसे एक नोटिस दें कि जल्द से जल्द मिल चालू कर लेंऔर जो शेष राइस मिल सत्यापन हेतु बचा हुआ है उसका भी सत्यापन दो दिनों के अंदर संयुक्त रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें । जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं उपस्थित अन्य अधिकारी को निदेश दिया गया कि विभागीय अधिसूचना के आलोक में धान अधिप्राप्ति की संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करें और ससमय धान अधिप्राप्ति प्रारंभ हो इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करें। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो यह प्राथमिकता में होनी चाहिए। प्रबंध निदेशक के अनुरोध पर बैंक की राशि वसूली हेतु पुलिस की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया दिया गया।

### जमसोना पंचायत में जन कल्याण शिविर लगाया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ/रोहतास।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के जमसोना पंचायत सरकार भवन पर वरीय उपसम्हर्ता खुशबू पटेल के उपस्थिति में जन कल्याण शिविर लगाया गया। बीपीआरओ काशी नाथ सिंह ने बताया कि आयोजित शिविर में बाल श्रम के 02,सामाजिक सुरक्षा के 04 आवास ग्रामीण के 439, मनरेगा के 02, पंचायती राज के 02, आपूर्ति के 27 ,बाल विकास के 04,स्वच्छता, विधुत के01, राजस्व विभाग का 16 यानी कुल 493 आवेदन विभाग से संबंधित प्राप्त हुआ। मौके पर सी ओ नवलकांत ,मनरेगा पीओ रवि भूषण ओझा ,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राणा प्रताप सिंह, विद्युत जेई कौशलेंद्र कुमार, एमओ, बीसीओ, साहित कई अन्य पदाधिकारी कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### एसडीओ पद में प्रोन्नति



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** नगर निगम के मदार दरवाजा प्रशाखा के जूनियर इंजीनियर मोहम्मद असरार हुसैन को सहायक विद्युत अभियंता के पद पर प्रोन्नति मिली है। असरार हुसैन 2011 बैच के पदाधिकारी हैं ।इन्होंने राज्य के विभिन्न प्रशाखा में राजस्व, सप्लाई , टी आर डब्लू एवं पेसू पटना में भी जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्य किया है। इनको विभागीय राजस्व बढ़ाने का अनुभव प्राप्त है। विगत महीने उन्हें नासरीगंज के राजस्व विभाग से स्थानांतरण कर सासाराम के मदार दरवाजा प्रशाखा में बतौर जेईई के पद पर कार्यरत हैं। असरार हुसैन भोजपुर जिला के के निवासी हैं। वह एक साफ सुथरी छवि वाले व्यक्ति हैं। साउथ बिहार कंपनी ने भोजपुर जिला से एकमात्र प्रमोशन देकर लोगों की सेवा करने का मौका दिया है। साउथ बिहार कंपनी के द्वारा प्रोन्नति तो दे दी गई है, परंतु पोस्टिंग का लिस्ट अभी जारी नहीं किया गया है जिसके चलते वह अभी सासाराम के मदार दरवाजा में ही है। इस प्रमोशन से शहर के लोग एवं विभाग के कर्मचारियों ने बधाई दी है ।बधाई देने वालों में संदीप कुमार गुप्ता, परवेज आलम कालेश्वर, गुप्ता मंगल प्रसाद ,मोहम्मद राशिद, डॉक्टर चौधरी, विकास कुमार, ददन कुमार, निहाल अहमद है।

### पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा करवा का चौथ व्रत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र में करवा चौथ का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुहागन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत किया। सुबह से ही महिलाएं भूखी प्यासी रहती हैं और शाम में पति की लंबी आयु के लिए पूजा अर्चना एवं कथा सुनकर लंबी उम्र की कामना करती हैं। सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए बुधवार को करवा चौथ का व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश का पूजा किया।आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में भी करवाचौथ का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है।अब युवतियां भी योग्य पती के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं। बड़ी संख्या में युवतियों ने भी करवा चौथ का व्रत रखकर मनचाहा पति की कामना की। वृद्ध महिलाओं ने विवाहित महिलाओं को सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद भी दिया। रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर सुहागन महिलाएं अपना व्रत खोलकर बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद ली। पंडित अंजनी पाठक ने बताया कि अपने सौभाग्य की रक्षा के लिए सौभाग्यवती स्त्रियां भगवान शिव पार्वती गणेश और कार्तिक जी का करवा चौथ के दिन पूजन कर पति की लंबी उम्र की कामना करती है।

### नोखा में व्ययपार मंडल अध्यक्ष पद के लिए दो ने किया नामांकन पर्चा दाखिल



**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा/रोहतास।** व्ययपार मंडल अध्यक्ष पद के लिए दो लोगो ने नामाकन पत्र दाखिल किया ।एक पैक्स अध्यक्ष है दूसरे किसान से अध्यक्ष पद के लिए नामाकन पत्र दाखिल किया है। किसानों और मजदूरों की अपनी सोसाइटी प्रखंड स्तरीय व्यापार मंडल अध्यक्ष एव कार्यकारणी पद के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का काम शुरू किया गया । प्रखण्ड मुख्यालय पर अध्यक्ष पद के लिए दो उमीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया ।वहीं कार्यकारणी पद के लिए कल छह लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कदवा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए एक और कार्यकारणी सदस्य पद के लिए 10 कुल 11 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसकी जानकारी देते हुए वीडियो सह प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी मनोरमा कुमारी ने बताया कि व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमे कृष्ण मुरारी सिह और रामनिवास चौधरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रखंड में कदवा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए गौतम कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया और कदवा पैक्स कार्यकारणी के लिए कुल 11 सदस्यो ने अपना नामांकन पर दाखिल किया है। इसका मतदान 25 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय पर व्यापार मंडल का होगा।

**प्रतियोगिता** छात्र- छात्राओं को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया

## जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा, विक्रमगंज ने जीते स्वर्ण व रजत पदक




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा, विक्रमगंज के प्रांगण में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित तथा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आए छात्र- छात्राओं को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य महोदय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल स्कूलों में शिक्षा का एक अभिन्न अंग होना चाहिए तभी बच्चे स्वस्थ और मजबूत होंगे। जीवन के हर चुनौतियां लिए तैयार होंगे। तत्पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्रीकांत पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं ने खो-खो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए जीत का परचम लहराया। ताइक्वांडो में हर्ष , सक्षम , रुचि ने स्वर्ण तथा यश और साधना ने रजत पदक तो वहीं वेट लिफ्टिंग में अभिमन्यु ने रजत तथा बैडमिंटन में नारायण जी मिश्रा ने रजत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विभिन्न खेलों में राज्य स्तरीय खिलाड़ी के रूप में चयनित खिलाड़ियों में आलेख कुमार , यश राज, ज़ायेद,सक्षम पांडेय, रुचि कुमारी, नंदिनी कुमारी, जागृति जायसवाल (ताइक्वांडो ) , नारायण मिश्रा, आयुष कुमार ( बैडमिंटन ), शीतल कुमारी, जागृति जायसवाल, शिवानी ( कबड्डी ) तथा खो- खो में साधना कुमारी, जागृति जायसवाल, शिवानी सिंह,और सिया कुमारी शामिल हैं। अंत में प्रधानाचार्य ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को खेल कूद में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# खिरियांव पंचायत सरकार भवन पर जनकल्याण शिविर का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के खिरियांव पंचायत सरकार भवन पर जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। वही बीडीओ मो०जफर इमाम की अध्यक्षता में किया गया। वही लोगो ने अपनी समस्याओं को दर्ज करा रह थे। इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी व कर्मी समस्या को सुन रहे थे। वही इस शिविर में आंगनबाड़ी, राशन कार्ड, विधुत, मनरेगा, स्वच्छता व शौचालय सहित अन्य विभाग का काउंटर लगाया गया था। वहीं जनकल्याण शिविर में खिरियांव निवासी अनिल कुमार सिंह ने राशन को लेकर अपनी समस्या का आवेदन दिया जिसमें कहा गया कि पांच किलो की जगह सिर्फ साढ़े चार किलो ही राशन दिया जाता है। इस संबंध में जब एमओ से पूछा गया तो उन्होंने संतुष्ट जवाब नही दिया। जिसके बाद उन्होंने डीएम से मिलकर इसकी शिकायत करने की बात कही। उन्होने अपने आंगनबाड़ी केंद्र पर खाने वाला तेल नही मिलने की भी शिकायत दर्ज कराई। तुर्क बिगहा निवासी तनिजा खातुन का आवास में नाम आने के बाद भी आवास नही मिला और उसके बाद उनका सूची से नाम भी काट दिया गया। तुर्क बिगहा निवासी तेतर देवी ने तीन बार राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन किया, लेकिन उसके बाद भी उनका राशन कार्ड नही बन पाया। इसके अलावे उनका कालोनी पास हुआ है और मकान भी बन गया हैं और उनका अंतिम किशत भी अभी तक नही मिल पाया है। कांति देवी और कुसुम देवी ने बताया कि राशन पूरा नही मिलता हैं। राशन में कटौती होती है। राशन पांच किलो की जगह पर सिर्फ चार किलो ही मिलता है। वहीं जनकल्याण शिविर में सबसे ज्यादा राशन और आवास के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। स्थानीय मुखिया मंजू देवी ने कहा कि खिरियांव पंचायत में राशन और आवास की काफी ज्यादा आवश्यकता है। काफी लोगों का राशन और आवास का लाभ नही मिल पाया है। जो बनना अति आवश्यक है।कुल 214 समस्या को लेकर आवेदन आया जिसमे ऑन द स्पॉट 25 समस्याओं का निष्पादन किया गया वही कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट जांच भी किया गया. बीडीओ मो०जफर इमाम ने बताया कि डीएम के निर्देश पर धनाव पंचायत सरकार भवन में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया.जिसमें प्रत्येक विभाग से लगभग 214 समस्याओं को लेकर आवेदन आया जिसमे लगभग 25 समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया जबकि कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट जांच भी किया गया। मौके पर मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, एमओ नैंसी कुमारी, बीएसीएम शकील अहमद, विधुत जेई पंकज शर्मा, मनरेगा जेई राजीव रंजन, बीसीओ विकाश कुमार, पंचायत सचिव राहुल सिंह, अनिल कुमार, आवास सहायक जयप्रकाश कुमार समेत कई विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### जिला मुख्यालय में आयोजित किया गया जनता दरबार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं जिला पदाधिकारी ,कैमूर, सावन कुमार के द्वारा आयोजित "जनता के दरबार में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए । ज्यादातर मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। जिला पदाधिकारी द्वारा समस्याओं का तुरंत निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

### 15 सूत्रीय मांगों को लेकर मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा(कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के समक्ष अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर, राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन, अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का लिया गया निर्णय।बता दें की धरना प्रदर्शन के दौरान सभी रसोइयां द्वारा अपनी एकजुटता का परिचय दिखाते हुए, बिहार सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। संदर्भ में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मध्याह्न रसोईयां फ्रंट के प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष सुनैना देवी के द्वारा बताया गया, कि हम लोग 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर हैं। 7 एवं 8 तारीख को पटना गर्दनीबाग में भुखमरी मिटाओं अधिकार दिलाओ रैली व महा धरना का आयोजन होना है, जिसमें हम सभी रसोईयां भाग लेंगी। आगे उन्होंने जानकारी दिया कि हम लोगों का वेतनमान 1600 रुपया है, जिससे कि घर का खर्च नहीं चल पाता है। वर्ष में पूरे 12 महीने काम करते हैं लेकिन 10 महीने का सरकार पैसा देती है, जो कि वह भी समय पर नहीं मिलता है। सरकार से हमारी मांगे हैं कि हम लोगों को कम से कम दस हजार रुपए वेतनमान मिलें, स्वास्थ्य बीमा कार्ड एवं कार्यकाल समाप्त होने के बाद उचित धनराशि दिया जाए। ताकि घर का खर्च चल सकें साथ ही अन्य भी सरकारी सुविधाओं की मांग किया गया। मौके पर सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों से आए रसोईयां उपस्थित रहीं।

### भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष के निधन से दुर्गावती में शोक की लहर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती(कैमूर)।** भारतीय जनता पार्टी के भूतपूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम अवध यादव अब इस दुनिया में नहीं रहे। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गावती प्रखंड के हर बलमपुर ग्राम निवासी राम अवध यादव लंबे समय से बीमारी के कारण अस्वस्थ थे, जिनका इलाज एक कुशल चिकित्सक के नेतृत्व में चल रहा था। चिकित्सक से दवा लेने के बाद अपने घर पर ही परिजनों की देखरेख में डॉक्टर के द्वारा बताए गए दवा का सेवन करते थे। अचानक बुधवार की मध्य रात्रि उनकी तबीयत बिगड़ी और तुरंत उनकी मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही परिजनों ग्रामीणऔर रिश्तेदारों को मिली आने जाने वालों का ताता लग गया। सुबह भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह पहुंचे, उसके बाद परिजनों के द्वारा शव को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर ले जाया गया।जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। राम अवध यादव अपने पीछे चार पुत्रों को छोड़ गए हैं, जो उनकी विरासत और परिजनों की देखरेख करते रहेंगे। उनके पार्थिव शरीर पर दुर्गावती प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, सचिव बिपिन केवट, किसान मोर्चा के नेता देव मूरत पांडेय, हरिजन सेल के डॉक्टर रामराज भारती सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, और भगवान से प्रार्थना की की उनकी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें।

# मांगों को लेकर रसोइयां ने किया धरना प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी भवन के आगे राष्ट्रीय मध्यान भोजन रसोईया फ्रंट के तत्वाधान में प्रखंड की सभी रसोईयां ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बता दें की धरना प्रदर्शन के दौरान सभी रसोइयां अपनी एकजुटता का परिचय दिखाते हुए बिहार सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभी रसोईया ने बताया कि दो नवंबर से हम लोग अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर हैं। 7 एवं 8 तारीख को पटना गर्दनीबाग में भुखमरी मिटाओं अधिकार दिलाओ रैली व महा धरना का आयोजन होना है जिसमें हम सभी रसोईयां भाग लेंगे।रसोईया संघ की प्रखंड अध्यक्ष लाखी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोगों का वेतनमान 1600 रुपया है जो कि इससे घर का खर्च नहीं चल पाता है। वर्ष में पूरे 12 महीने काम करते हैं लेकिन 10 महीने का सरकार पैसा देती है जो कि वह भी समय पर नहीं मिलता है। सरकार से हमारी मांगे हैं कि हम लोगों को कम से कम दस हजार रुपए वेतनमान मिले। ताकि घर का खर्च चल सके। इस मौके पर लाखी कुमारी कुडारी अध्यक्ष दुर्गावती,पिंकी देवी खजुरा , कलबासी देवी पिपरी विद्यालय,शिव पति देवी मधुरा,रीता देवी छांव,शिवकुमारी देवी, छागुरी देवी हरबलपुर, एवं गुड़िया कुंवर चिपली विद्यालय सहित काफी संख्या में रसोईया मौजूद रहीं।

## मुखिया ने लगाया प्रखंड मुख्यालय के कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुर्गावती(कैमूर)।** प्रखंड अंतर्गत खजुरा पंचायत के मुखिया संजय मल्होत्रा ने प्रखंड मुख्यालय में कर्मचारियों द्वारा बिना रिश्वत लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि दुर्गावती प्रखंड मुख्यालय में जितने भी कर्मचारी है, बिना पैसा लिए कोई काम करना नहीं चाहता है। प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत बड़ा बाबू हो या जिओ टैग शौचालय का काम करने वाला या कॉलोनी देने के लिए कर्मचारी, बिना पैसे का कोई काम नहीं करता । मुखिया संजय मल्होत्रा ने आरोप लगाया कि शौचालय के जियो टैंगिंग में प्रमिला कुमारी 2000 रुपए रिश्वत लेती हैं। वही जॉब कार्ड बनाने वाला 200 रूपए लेता है। तो इंदिरा आवास में पैसा डालने के या देने के नाम 20000 से 25000 रूपए लिए जाते हैं ।वहीं वनरक्षक कर्मियों से 500 रुपए तथा जन्म मृत्यु प्रमाण बनवाने वालों से भी पैसे लिए जाते हैं। प्रखंड मुख्यालय के कर्मचारी सीधे मुंह जन प्रतिनिधि और पत्रकारों से भी बात नहीं करते, जब पत्रकारों और जनप्रतिनिधियो से ही सही तरीके से व्यवहार और सही वार्तालाप नहीं हो पाती, तो आम जनता का क्या कहना है। जब इन पदाधिकारी से बात की जाती है तो कड़े शब्दों में थूथकार कर भगा देते हैं। इस संबंध में जिला पदाधिकारी को शीघ्र ही एक लिखित शिकायत दुंगा यदि फिर भी सुधार नहीं हुआ, तो एक बड़ा आंदोलन मजबूर होकर करना पड़ेगा।

## शराब माफिया कर रहे शराब की तस्करी, शासन प्रशासन तस्करों को पकड़ने में नाकाम



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर(बिहार)।** बिहार में भले ही प्रदेश सरकार शराबबंदी कानूनों पर अपनी दंभ भर रही हो। पर स्थल पर देखा जाए, तो धड़ल्ले से प्रदेश में शराब माफिया एवं शराबियों में इजाफा देखने को मिल रहा है। जब प्रदेश में शराब बंदी है, शराब नहीं मिल रहा है, तो इतनी मात्रा में शराबियों की मात्रा में बढ़ोतरी कैसे।आयें दिन प्रत्यक्ष तौर पर देखने को मिलता है, कि तस्करों द्वारा शराब तस्करी का अलग अलग तरीके अपना कर सफल होने का प्रयास किया जाता है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि उद्भेदन नहीं होता है। होता है पर शराबियों की मात्रा में इजाफा होना शासन प्रशासन की रवैया पर सवालिया निशान खड़ा करता है। कैमूर सहित बिहार के अन्य जगहों पर शराब की बिक्री हो रही है, तभी तो शराब पीकर पकड़े जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है। इससे यह कहने में संकोच नहीं होगा कि शराब तस्कर को पुलिस पकड़ने में नाकाम है। स्थल पर अक्सर यह देखने को मिलता है कि प्रशासन द्वारा, एक दो बोतल शराब लाने वाले लोगों को एवं पीने वाले लोगों को पड़कर खाना पूर्ति करते हुए कानूनी प्रक्रिया कर जेल भेज दिया जाता है। वही उत्तर प्रदेश बिहार की सीमा विश्वकर्मा कैनाल पंप के सामने मद्य निषेध थाना के जांच टीम के कर्मी कई दिनों से गायब है।स्थानीय लोगों ने बताया कि उत्तर प्रदेश और बिहार के सीमा पर महीना में एक दो बार ही जांच किया जाता है, जिससे उत्तर प्रदेश बिहार के सीमा इलाके में शराब पीने एवं बेचने वालों की मौज है। सूत्रों की मैंने तो सामेकित जांच चौकी मोहनियां में भी जांच सिर्फ शाम के समय कुछ घंटे के लिए किया जाता है।

## वेतन बढ़ोतरी के लिए रसोइयों ने बीआरसी कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** प्रखंड अंतर्गत बीआरसी कार्यालय के समक्ष सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रसोईयों ने किया विरोध प्रदर्शन। प्रदर्शन कर रही रसोइयां बोली हर महीने मिलने वाला वेतन 1600 से बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया जाए। राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइयां फ्रंट के बैनर तले महिला रसोइयों ने गुरुवार को प्रखंड परिसर में स्थित बीआरसी कार्यालय मोहनियां में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही रसोइयां की प्रखंड अध्यक्ष अनिता देवी ने बताया की हर महीने मिलने वाला वेतन 1600 से बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने और साल के 12 महीने का वेतन दिए जाने की मांग की।धरना प्रदर्शन फ्रंट के बैनर तले सैकड़ों रसोइयों ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर उनसे जबरदस्ती अन्य कार्य करवाने का भी आरोप लगाया।रसोइयों ने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।इस दौरान रसोइयों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अपने मांग पत्र दिए। उन्होंने कहा कि दिनांक 7 एवं 8 नवंबर को रसोइयों का भुखमरी मिटाओ अधिकार दिलाओ रैली के तहत गर्दनीबाग पटना में अनिश्चितकालीन हड़ताल होगा। इस मौके पर अनिता देवी रसोइयां संघ प्रखंड अध्यक्ष,रसोइया धर्मावती कुंवर,संगीता देवी लिलावती देवी,गुजराती कुंवर,विंदा कुंवर,पार्वती देवी माया कुंवर आदि मौजूद रही।

### एक तल्ले छत पर पेंट कर रहे एक व्यक्ति की गिरने से मौत



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ मुंडेश्वरी निवासी पप्पू कुशवाहा पिता स्वर्गीय राम सूरत कुशवाहा जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत पुसौली गांव में एक तल्ले छत पर पेंट करने के दौरान गिरने से हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति पेंट का कार्य करता था, गुरुवार को सुबह एक तल्ले छत की पेंट करने पाइप पर चढ़ा हुआ था, कि उनका अचानक पैर फिसल गया और वह जमीन पर जा गिरा, जमीन पर गिरते ही उनका दोनों हाथ टूट गया। चोट इतना ज्यादा था की मुंह से ब्लड आने लगा, जहां आनन-फानन में उसको अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा जांच करने पर व्यक्ति मृत पाया गया। मौत की खबर सुन कर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। जब लाश पुसौली से गांव में आया तो घर में कोहराम और गांव में मातम फैल गया। सभी लोगों में चर्चा था कि पप्पू बड़ा ही शरीफ था और ज्यादा बाहरी ही रहा करता था। जो कि किसी से कोई झगड़ा झंझट कभी नहीं करता था मृतक पप्पू कुशवाहा के दो छोटे-छोटे बेटे हैं जो की पापा के मृत की खबर सुनते ही रो रहे थे। बेटो के ऊपर से पिता का छाया उठ गया वे बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं। मजदूरी कर के अपने बाल बच्चों का पालन पोषण करते थे। वहीं उनका अंतिम दास संस्कार रामगढ़ मुंडेश्वरी में ही कर दिया गया।

### बेला थाना के थानाध्यक्ष के रूप में अनीश कुमार ने किया योगदान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** बेलॉव थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में बृहस्पतिवार को अनीश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद थाने के सभी पुलिस कर्मियों से औपचारिक जान पहचान की/ उसके बाद उन्होंने थाना की जायजा लिया। थाना अध्यक्ष ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए, थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया गया।अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध नियंत्रण हेतु विधि व्यवस्था उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिए पुलिस और पब्लिक के बीच बढ़ चढ़कर संवाद स्थापित किया जाएगा।

### चैनपुर केवा नहर से मुंडेश्वरी धाम आने वाली सड़क में जगह जगह बड़े गड्ढे हो सकता हैं जानलेवा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)।** माता मुंडेश्वरी मन्दिर दर्शन लिए आने वाले लोगो को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से बनारस सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जगहों से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए यह रास्ता मुंडेश्वरी माता आने एवं जाने के लिए बड़े ही शॉर्टकट एवं नजदीक पड़ता है। जिस वजह से दर्शनार्थी इस रास्ते से आते हैं, और पुनः मां मुंडेश्वरी का पूजा अर्चना कर के चले जाते हैं। पर सड़क में बड़े गड्ढे होने की वजह से लोगों को आने-जाने में ज्यादा कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की माने तो पिछले वर्ष में नहर का पक्कीकरण किया जा रहा था। जिसके वजह से इसी रास्ते से ट्रकों से गिट्टी बालू लाया जा रहा था। ज्यादा गाड़ियों के आने जाने से रास्ता बिल्कुल खराब हो गया है। बीच-बीच में जैसे बौरई गांव के पास तो गड्ढे में पानी भी लगता रहता है ।और बीच-बीच में वैसे गड्ढे हो गए हैं, जो की लोगों के लिए जानलेवा हो सकता है। इस रास्ते से नरसिंहपुर, रूपपट्टी, सुहावल, बौरई, चोरलोहार, चोरघटिया मातर तमाम गांव होकर भगवानपुर प्रखण्ड होते हुए सासाराम की तरफ लोग चले जाते हैं, जो की सबसे कम फासले की रास्ता है। संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

मार्च | यह कार्यक्रम भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबु उर्फ संजय कुमार एवं प्रखंड अध्यक्ष कनकधीर उपाध्यय के नेतृत्व में हुआ

# राजद विधायक द्वारा मां दुर्गा पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , नासरीगंज/रोहतास।** नासरीगंज राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह के द्वारा मां दुर्गा पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के हनुमान मंदिर से विरोध मार्च निकाला गया। यह कार्यक्रम भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबु उर्फ संजय कुमार एवं प्रखंड अध्यक्ष कनकधीर उपाध्यय के नेतृत्व में हुआ। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह उपस्थित थे। विरोध मार्च हनुमान मंदिर से निकलकर मेन रोड, पोस्टल रोड होते हुए धुस चौराहे पर पहुंचा। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजद विधायक का पुतला दहन किया और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि राजद के दुराचारी व महिषासुर रूपी राक्षस फतेह बहादुर सिंह का पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। राजद विधायक ने मां दुर्गा को अपमानित और सनातनी धर्म का अपमान किया। उन्होंने हिंदुस्तान के 140 करोड़ जनता का अपमान करने का कार्य किया है। मां दुर्गा और सनातनी धर्म का अपमान करने वाले विधायक फतेह बहादुर सिंह का मानसिक संतुलन को दर्शाता है। ऐसे राजद विधायक की आने वाले दिन में जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए नही तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन को और उग्र रूप धारण करेगी। भाजपा के अन्य नेताओं ने भी राजद विधायक की गिरफ्तारी की मांग की। इस मार्च में जिला मंत्री प्रमोद कुशवाहा, अनिल सुमन, जय सियाराम, सुनील चौधरी, रघुनाथ शरण गुप्ता, संतोष कुमार आर्य, रामदयाल सिंह, प्यारेश्वर यादव, रवि सिंह, अनिल यादव, वीर बहादुर सिंह, लल्लू साह, राजकुमार शर्मा, शिवजी गुप्ता, संतोष रौनियार, देवमुनि पासवान, चंदन कुमार समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# नवनियुक्त 2405 शिक्षकों के बीच बांटे गए नियुक्ति पत्र



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं बीएससी से चयनित शिक्षकों को जिला प्रभारी मंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र सुरेन्द्र राम, मंत्री श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री, कैमूर द्वारा +2 उच्च विद्यालय, भभुआं के प्रांगण में आयोजित समारोह के माध्यम से बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित विद्यालय अध्यापको को तदर्थ नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कैमूर के कक्षा 1 से 5 तक के सामान्य वर्ग में 1258 और उर्दू विषय के 138 शिक्षकों का चयन किया गया है। नौवीं व दसवीं कक्षा के विभिन्न विषयों के शिक्षकों का चयन किया गया है इसमें वर्ग 9 एवं 10 में अंग्रेजी विषय के 60, विज्ञान विषय के 74, गणित विषय के 94, सामाजिक विज्ञान विषय के 96, संस्कृत विषय के 61, उर्दू विषय के 26 और हिंदी विषय के 102 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया प्लस टू विद्यालयों में भी विभिन्न विषयों के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया जिसमें जंतु विज्ञान विषय के 22, वनस्पति विज्ञान विषय के 16, रसायन शास्त्र विषय के 15, गणित विषय के 38, भौतिकी विषय के 8, भूगोल विषय के 7, इतिहास विषय के 62, गृह विज्ञान विषय के 4, संगीत विषय के 16, दर्शनशास्त्र विषय के 2, राजनीति शास्त्र विषय के 20, समाजशास्त्र विषय के 5, अकाउंटेंसी विषय के 4, बिजनेस स्टडी विषय के 21, इंटरप्रायोरिशिप विषय के 4, कंप्यूटर विज्ञान विषय के 144, अंग्रेजी विषय के 46, हिंदी विषय के 32, संस्कृत विषय के 9 और अर्थशास्त्र विषय के 8 शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे गए। उक्त अवसर पर विधायक भभुआ भरत बिंद, विधायक मोहनिया संगीता कुमार, जिला पदाधिकारी कैमूर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## ख़ास ख़बर

### मुखिया व पूर्व प्रमुख की दादी के निधन पर अंतिम दर्शन को पहुंचे कई जनप्रतिनिधि



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड के पूर्व प्रमुख जियाराम हेंब्रम तथा टेसजुड़िया पंचायत की मुखिया चुनाई किस्कु की दादी अंजू हेंब्रम (97)- का निधन हो गया। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे उनके पैतृक आवास टेसजुड़िया में उन्होंने अंतिम सांस ली।निधन का समाचार सुनते ही उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन को लेकर जनप्रतिनिधियों , प्रबुद्धजों एवं अन्य गणमान्य लोगों की भीड़ लग गई। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य तुषार क्रांति मंडल, विद्या निकेतन के प्राचार्य विमल सोरेन, बामुंडीहा के वार्ड सदस्य अकिबुल अली, उप मुखिया कालू अली,कुंडहित प्रखंड के पूर्व प्रमुख रोबिनी मुर्मू, शेख साइन ,शेख फिरोज सहित अन्य ने अंतिम दर्शन कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

### दिपावली तथा छठ पर्व को देखते हुए , नगर आयुक्त सह प्रशासक की अध्यक्षता में नगर निगम की बैठक सम्पन्न हुई



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** हजारीबाग नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल की अध्यक्षता में, नगर निगम की बैठक सम्पन्न हुई। दिपावली तथा छठ पर्व को देखते हुए यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में नगर आयुक्त ने युद्ध स्तर पर शहर की सफाई कराने का निदेश दिया। शहर में 27 मुख्य तालाब जहाँ छठ पर्व होती है, उसे विशेष अभियान के तहत निदेश दिया गया। वार्ड जमादारों को पूजा समितियों से संपर्क स्थापित कर पूजा स्थालों को चिन्हित कर उसे प्राथमिकता के आधार पर सफाई कराने का निदेश दिया गया। शहर में अवस्थित दुकान, होटल , लॉज तथा विवाह को डस्टबिन रखने को कहा गया है।उनपर कचरा फैलाने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। बैठक में सहायक नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, प्रधान जमादार, प्रधान सहायक तथा सभी जमादार उपस्थित थे।

### महेश मुंडा दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला (जामताड़ा)।** राजकीय मध्य विद्यालय महेशमुंडा में एक समारोह का आयोजन कर छात्र छात्राओं के प्रोत्साहन को लेकर महेश मुंडा दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से विभिन्न शैक्षणिक सामग्री व खेलकूद सामग्री देकर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय में अध्यनरत कुल 130 छात्राओं के बीच स्कूल बैग, फुटबॉल, बैडमिंटन तथा कॉपी किताब सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री आदि प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। इस संबंध में पूजा कमेटी के सुजीत माजी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के बच्चों को अध्ययन अध्यापन की ओर प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि बच्चों को आगे बढ़ाने में और पढ़ने में रुचि हो और साथ ही उनका मनोबल बढ़े कि हमें जो सम्मानित किया जा रहा है बेहतर रिजल्ट लाने के लिए और मन लगाकर अच्छी ढंग से अध्ययन अध्यापन करने के लिए । उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्सुकता बढ़ेगी। इस अवसर पर कमेटी के मिंटू माजी, राकेश मंडल, कांति मंडल, भरत मंडल, राहुल लोहार ,काजल माजी, रमेश बाउरी, कुणाल माजी, गौर मंडल, रबीन घोष के अलावे विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार दास, उत्तम कुमार घोष आदि मौजूद थे।

### शहर के छठ घाटों का युद्ध स्तर पर चला साफ सफाई अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता। मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर नगर परिषद के द्वारा छठ महापर्व को देखते हुए शहर के सभी छठ घाटों की साफ सफाई की गई। गुरुवार को नगर परिषद के सफाई कर्मियों के द्वारा मधुपुर शहर के झील तालाब, लखना तलाब, टिटयां बाग, रेलवे पंपु तलाब, लाल गढ़ समेत कई छठ घाटों का साफ सफाई युद्ध स्तर पर किया गया। ताकि आने जाने वाले छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई समस्या न हो। मौके पर मनोहर दास,मिथुन रवानी समेत नगर परिषद सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# डॉ एहसान उल हक बने हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल सभागार में हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई एवं इस बैठक में हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में चयनित डॉ एहसान उल हक का स्वागत हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन ने किया। आज से ठीक 1 सप्ताह पूर्व डॉल्फिनों रिसॉर्ट में हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी जिसमें हजारीबाग जिला बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कोच एवं झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री जेपी सिंह तथा तकनीकी विभाग के मोहम्मद आरिफ उपस्थित थे। हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन का अध्यक्ष ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एवं सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ एहसान उल हक को बनाया गया था, वहीं जिला सचिव चंदेश्वर दास, कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार, उपाध्यक्ष अनिश्कांत सिंह, संयुक्त सचिव सीतांशु मरांडी को बनाया गया था। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सदस्य सौरभ कुमार, उत्कर्ष कुमार, टेक्निकल प्रमुख आदर्श कुमार, कार्यकारिणी सदस्य सागर राज, निधि कुमारी, दीपक कुमार, विश्वजीत कुमार, अंशु कुमार, उमंग सिंह, विशाल कुमार, मणिकांत एवं चेतन जैन उपस्थित थे। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि जेपी सिंह ने हजारीबाग जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के चयनित पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा था कि उन्हें काफी खुशी है कि हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन को डॉक्टर एहसान उल हक सर के रूप में अध्यक्ष मिला सचमुच यह एक सकारात्मक संकेत है। उन्हें इस बात का पूरा विश्वास है कि डॉ एहसान उल हक के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग के होनहार बास्केटबॉल के खिलाड़ियों में नया जोश और उत्साह देखने को मिलेगा और वे स्वयं के साथ अपने जिले, प्रदेश व देश का नाम बास्केटबॉल खेल क्षेत्र में रौशन करेंगे। उन्होंने कहा था कि डॉ एहसान उल हक को बतौर एन टी ए और सी बी एस ई के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं प्राचार्य के रूप में उनके कुशल नेतृत्व नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने वाले कप्तान के रूप में जाना है। अब उनके खेल प्रेम को देखते हुए यह नई जिम्मेदारी उन्हें दी गई उन्होंने यह भरोसा जताया था कि वे इस दायित्व को एक टीम भावना के साथ निभाएंगे और आज के नवनियुक्त पदाधिकारी की टीम के सहयोग से हजारीबाग के होनहार बास्केटबॉल खिलाड़ियों के भविष्य को उज्जवल बनाएंगे ताकि यहां के खिलाड़ी नए कृतिमान गढ़ पाएंगे। आज की स्वागत समारोह में हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव चंदेश्वर दास, कोषाध्यक्ष सौरव कुमार एवं भैया अभिमन्यु मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य बुद्धिजीवी एवं खेल प्रेमियों ने डॉ एहसान उल हक को उनके बास्केटबॉल एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर ओएसिस स्कूल के चेयरमैन श्री शब्बीर अहमद एवम कोषाध्यक्ष श्री तनवीर अहमद ने बधाई देते हुए कहा की डॉ एहसान उल हक का शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि खेल क्षेत्र में भी खेल प्रेम देखने को मिलता रहा है। वे इसके पूर्व जहां दो फुटबॉल क्लबों के संस्थापक रहे वहीं वर्तमान में एक फुटबॉल क्लब के संरक्षक हैं। उन्हें वॉलीबॉल से भी गहरा लगाव रहा है।अब तक जिस प्रकार खिलाड़ियों के प्रति इनका लगाव रहा है निश्चित ही हजारीबाग के खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। इस अवसर पर बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव चंदेश्वर दास, ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैया मुरारी, ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, भैया अभिमन्यु ने अपनी बातों को रखा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार, टेक्निकल हेड आदर्श कुमार, सदस्य सागर राज, अंशु कुमार, दीपक गुप्ता, फैजान अख्तर, राज पटेल एवं सनी सिंह, अजहर खान, सादुल हसन उपस्थित रहे। ओएसिस स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार ने मंच संचालन एवम उप प्राचार्य इम्तियाज आलम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बावन बीघा में गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** शहर के बावन बीघा स्थित इमामुल हक के खानकाह में गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। खानकाह में सैकड़ों लोगों ने लंगर खाने का आनंद भी लिया। जलसा की शुरुआत कुराने पाक की तिलावत खतिब ईमाम मौलाना साजिद हुसैन फैजी से की गई।मौके पर आए मौलाना मौलाना शाजिद हुसैन फैजी ने कहा कि हमारा समाज तमाम बुराइयों को अपनाए हुए हैं इस कारण हम दीन के रास्ते से भटक गए है। कहा खानकाही निजाम का एक ही मकसद है कि दीन की खिदमत करना इंसानी फलाह और समाज को बेहतर बनाना है। कहा की बगदाद शरीफ में जुल्म और सितम को खत्म कर इंसानियत से दीन और इस्लाम को फैलाया गया है। मौके पर नातखां मोहम्मद मनसूर आलम, मो० इस्लामुद्दीन अपनी नातं पढ़ कर लोगों का मनमोह लिया। मौके पर हाजी सुल्तान, हाजी मो०अनवर अंसारी, मो० आशिफ हुसैन, करिम खान, इजाज खान, ऐबाबुलला खान, मो० आरिफ हुसैन , पिंटु खान मोहम्मद जहांगीर मोहम्मद असलम समेत काफी तादाद में अकीदतमंद उपस्थित थे।

## मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में सीबीएसई की कार्यशाला आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** स्थानीय कुंडूबंगला मोहल्ला स्थित मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में सीबीएसई सेंटर आफ एक्सीलेंस पटना के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैपेसिटी बिल्डिंग आन क्लासरूम मैनेजमेंट विषयक दो दिवसीय कार्यशाला में 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सभी शिक्षक और अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यशाला के प्रशिक्षक ग्रीन फील्ड एकेडमी लातेहार के शिक्षक रंजन शर्मा और स्टार इंटरनेशनल स्कूल के समृद्धि सिंह ने अपने संबोधन में वर्तमान नई शिक्षा नीति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कहा कि सार्थक पठन-पाठन और सफल छात्र जीवन गठन में कक्षा संचालन का विशेष महत्व है। वर्ग कक्षा में पाठ्यक्रम के अनुसार वातावरण बनाना और कक्षा को व्यवस्थित करना शिक्षक का अति आवश्यक कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया ने प्रशिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापन किया। कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षित होकर हमारे शिक्षक नई शिक्षा नीति के तहत छात्र-छात्राओं को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होंगे।

### हज़ारीबाग वृद्धाश्रम मे मिथिलेश कुमार अपने जन्मदिन पर दवाइयां वितरण किये



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** हजारीबाग के दिपुगढ़ा स्थित वृद्धाश्रम में मिथिलेश कुमार आई पी जी सी जिला उप सचिव के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मिथिलेश कुमार जी के द्वारा वृद्धाश्रम में दवाइयां और फल वितरण किया गया! उम्र के इस पड़ाव में जहा मानसिक और शारीरिक तनाव का सामना करना पड़ता है ऐसे में उन्हें मानसिक सुकून देने के लिए उन्हें अपने परिवार का सदस्य मान कर उनके साथ अपना जन्मदिन मनाते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया साथ उन्हे इस उम्र के शारीरिक तकलीफ से राहत दिलाने के लिए कुछ दर्द निवारक दवा दिए । परिवार के लोगो द्वारा नजर अंदाज किए गए इस वर्ग के चेहरे पे खुशी लाने का एक छोटा प्रयास हमारे जिला उप सचिव मिथिलेश कुमार जी के द्वारा किया गया है। अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर IPGC परिवार के हजारीबाग टीम के साथ वृद्धाश्रम में बुजुर्ग दंपति के साथ मिल कर अपना जन्मोत्सव मनाया।इस उपलक्ष्य पर उनके द्वारा केक काट कर अपनी खुशी बुजुर्गो के साथ जाहिर की । इस वृद्धाश्रम में लगभग 27 बुजुर्ग दंपति रहते हैं। इस कार्यक्रम में पूनम देवी जिला उपाध्यक्ष, विकास कुमार जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश कुमार जिला उप सचिव, शामिल थे। आइए हम सभी आई पी जी सी परिवार मिल कर इस नेक कार्य के लिए मिथिलेश जी को जन्मदिन पर ढेरो बधाई दे साथ ही जीवन में कामयाबी की हर बुलंदी प्राप्त करने की शुभकामनाएं दे।

### पंचायती राज विभाग द्वारा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** पंचायती राज विभाग द्वारा उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी ज़िलों से विभाग द्वारा नामित मुखियागण एवं इच्छुक मुखियागण का एक दिवसीय कार्यशाला प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में राज्य से आए हुए मुख्य प्रशिक्षक एवं प्राचार्य -सह- जिला पंचायत राज पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा स्वागत एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। निदेशक महोदया, पंचायती राज विभाग रांची द्वारा VC के माध्यम से उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिले के जिला मुखिया संघ अध्यक्ष एवं मुखियागणो के साथ वार्तालाप किया गया, एवं ग्राम पंचायत का विकास हेतु मार्गदर्शन दिया गया। राज्य से आए हुए मुख्य प्रशिक्षक द्वारा 9 विषयों पर विस्तार पूर्वक कर चर्चा की गई ताकि आगामी वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण 9 Themes के आधार पर किया जा सके। साथ ही साथ LSDG (LOCALISATION SUSTAINABLE DEVELOPMENT GOALS ) एवं लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

## झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर का सर्किट हाउस में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया ।इस अवसर पर झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने महागठबंधन की सरकार की जो जनकल्याण के योजना चल रही है उस पर प्रकाश डाले और ज्यादा से ज्यादा से लोगो को इसका लाभ मिल सके ।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस पार्टी पूरी दमखम से चुनाव लड़ेगी और निश्चित जीतेगी भी संगठन भी पूरी तरह से मजबूत है इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार,जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष साजिद अली खान,युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव,परवेज अहमद,जावेद मल्लिक, असगरी अंजुम, तसलीम अंसारी, शब्बीर अली, कवलजीत सिंह, आर पी सिंह, आदि उपस्थित रहे ।

**बेहतर** विधायक ने किया उद्घाटन, हरि सर व रामावतार सर में बचपन से ही अपने मातृभूमि के लिए कुछ बेहतर करने की है ललक- बद्री रजक

# हजारीबाग में खुला कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** हजारीबाग बागों के शहर हजारीबाग की प्रसिद्धि एजुकेशन हब के रूप में है। यहां प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के कई गुणवत्त और उन्नत सरकारी, गैर-सरकारी और निजी संस्थान हैं तो पूरे उत्तरी छोटानगपुर प्रमंडल में उच्च शिक्षा का केंद्र भी है। यहां उच्च शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए ऐसे तो कोई कोचिंग संस्थान हैं लेकिन हजारीबाग में रहकर यूपीएससी, जेपीएससी, जेएसएससी, बीएसएससी, एसएससी और अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने की चाह रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक बेहद खुशखबरी है। हजारीबाग शहर के पीटीसी चौक से कनहरी हिल के रास्ते पर अवस्थित मौर्या कॉलोनी-2 में एक नवीन कोचिंग संस्थान कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन हुआ । कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीएसपी बद्री रजक और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के विधानसभा स्तर के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, हजारीबाग विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, झामुमो नेता दिलीप वर्मा, डीआरडीएस के सचिव सह युवा समाजसेवी सुनिल कुमार शामिल हुए और संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर इस नए कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया। मौके पर संस्थान परिवार की ओर से सभी अतिथियों का तिलक- चंदन लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया । कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व डीएसपी बद्री रजक ने इस संस्थान के संचालक अपने बच्चों के संघर्ष की दास्तां सुनाते हुए बचपन से ही अपने जन्मभूमि के लिए उनमें कुछ बेहतर करने की ललक होने की बात कही। उन्होंने लोगों ने उनके इस नए सफ़र में सहयोग भी मांगा। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर ने कहा यूपीएससी के इतिहास को बच्चों के बीच रखते हुए कहा कि भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक साक्षात्कार में कहा था की यूपीएससी में सफल होने वाले विद्यार्थी स्टील ऑफ इंडिया होंगे। दिनेश सिंह राठौड़ ने कहा कि साधारण परिवार में ही असाधारण प्रतिभा निहित होती है और साधन से अधिक सफलता के लिए समर्पण की आवश्यकता है। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि हर विद्यार्थी के अंदर ब्रह्मांड की सारी शक्तियां, सारे गुण और सारी जानकारियां पूर्णतया के साथ अंतर्निहित हैं और विद्यार्थियों के अंदर अंतर्निहित उसी पूर्णतया को अभिव्यक्त करने के लिए एक अच्छे मार्गदर्शक के रूप में अपने नाम के अनुरूप कॉग्नीजेंस आईएएस एकेडमी सहायक साबित होगा और हजारीबाग से आईएएस बनने के सपने देखने वाले बच्चों के सपनों को पंख प्रदान कर उड़ान भरने में सकारात्मक सहयोग करेगा। रंजन चौधरी ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि आप जीवन की किसी भी सफलता को प्राप्त करें कितने भी ऊंचे ओहदे पर चले जाए लेकिन अपने अंदर मानवीय संवेदना के गुणों के संचार करने के साथ इंसानियत की भाव को जरूर जिंदा रखें। झामुमो नेता दिलीप वर्मा ने कहा की एक अभिभावक को अपने बच्चों के साथ मित्रवत संबंध रखना चाहिए तभी उन्हें स्वच्छंद वातावरण मिलता है और वे जीवन में कुछ बेहतर कर पाते हैं। समाजसेवी सुनिल कुमार ने कहा की मेहनत का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता। मेहनत और संघर्ष के बूते ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस नवीन कोचिंग संस्थान के संचालक हरि शंकर उर्फ़ हरि सर और रामावतार सर ने संयुक्त रूप से कहा की हमारे यहां ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में हिंदी और इंग्लिश दोनों मीडियम में अनुभवी और विशेषज्ञ मार्गदर्शकों की टोली द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

## योजना से जुड़े सभी मापदंड को परिपूर्ण करने वाले लाभकों को दें योजना का लाभ- उपायुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को उपायुक्त जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग अंतर्गत वेद व्यास आवास योजना के तहत लाभुकों के चयन हेतु जिला चयन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि वेद व्यास आवास योजना के तहत जिले को कुल 22 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके आलोक में स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन का प्रकाशन माह जून 2023 में कराया गया था। वेद व्यास आवास योजना के तहत जिले के कुल 170 लाभुकों के द्वारा आवेदन दिया गया है। प्रखंडवार जामताड़ा 34, नारायणपुर 37, करमाटांड़ 12, नाला 11, फतेहपुर 30 एवं कुंडहित 46 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त द्वारा प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा किया गया एवं लाभुकों के चयन को लेकर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को स्पष्ट रूप से निदेशित करते हुए कहा कि योजना से जुड़े सभी मापदंड को परिपूर्ण करने वाले लाभकों को ही योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान बताया गया कि योजना का लाभ सक्रिय तथा परंपरागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य बिक्री में सक्रिय हैं। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को लाभ दिया जाना है। एक परिवार में एक आवास दिया जाएगा, आवश्यकतानुसार पति पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दिया जा सकेगा। वहीं प्रक्रियानुसार दिव्यांगों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 3 प्रतिशत तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि का प्रावधान जिलावार किया जायेगा। पूर्व से मछुआ आवास या केंद्र/ राज्य सरकार की आवास योजना से आच्छादित लाभुकों को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इस योजना के तहत लाभुकों को पीएम आवास योजना के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निर्माण स्वयं कराया जायेगा। इसके लिए प्रति लाभुक अधिकतम 1 लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाता में दिया जाएगा। जो चार चरणों प्लिंथ, छत, छत ढलाई/ निर्माण एवं फिनिशिंग हेतु सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के उपरांत दिया जायेगा।

## ख़ास ख़बर

### 02 व्यक्तियों को किया गया गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 02.11.2023 को थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस टीम के द्वारा 02 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा 151/107/116 द0प्र0सं0 में गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

### शांति भंग में 02 अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 02.11.2023 को थाना को0 गैसड़ी बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 02 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय उतरौला भेजा गया।

### आम-जनों की समस्याएं सुनी गई, उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये निर्देश



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक- 02.11.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायत कर्ताओं/आम-जनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

### अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** गाली गुप्ता के साथ मार पीट व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने वाले अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा 03-03 वर्ष का कठोर कारावास व 9,000-9000रु0 का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा एक माह में सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- दिनांक 30.03.2012 को वादी श्री ननके पुत्र छोटे नि0 लौकी खुर्द थाना को0 जरवा की तहरीरी सूचना कि विपक्षी द्वारा गाली गुप्ता के साथ मार पीट व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के सम्बन्ध में आरोपी 1. रामवृक्ष पुत्र लल्लन 2. बुधई पुत्र लल्लन नि0गण लौकीखुर्द थाना को0 जरवा के विरुद्ध थाना को0 जरवा पर मु0अ0सं0 25/2012 धारा 323, 325/34, 504/506 भा0द0वि0 व 3(1) X एससी/एसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियोग की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री कृपाशंकर द्वारा की गयी व आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। मा0 न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में मॉनीटरिंग सेल प्रभारी श्री के0के0 यादव व श्री रणधीर सिंह विशेष लोक अभियोजक एवं थाना को0 जरवा पुलिस के न्याया0 पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय एससी/एसटी एक्ट द्वारा धारा 323/325/34/504/506 भा0द0वि0 व 3(1)X एससी/एसटी एक्ट में अभियुक्त गण 1. रामवृक्ष पुत्र लल्लन 2. बुधई पुत्र लल्लन उपरोक्त को 03-03 वर्ष का कठोर कारावास व 9,000-9000रु0 का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

### देश के प्रतिष्ठित विद्वानों की उपस्थिति में भव्य आयोजित समारोह




**शुभ- भास्कर, बलिया सिकंदरपुर।** ऐतिहासिक विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ भागलपुर बिहार के अकादमिक परिषद द्वारा डॉ विद्यासागर उपाध्याय के महनीय शोध कार्य, हिन्दी सेवा,पुस्तक लेखन,असंख्य पत्र पत्रिकाओं में मौलिक लेख प्रकाशन,संयुक्त राज्य अमेरिका में शोध पत्र का प्रकाशन,भारत के अनेक केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान,सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रियता जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर विद्यावाचस्पति (डॉक्टरेट की मानद उपाधि) हेतु चयन किया गया है।आगामी सात नवंबर को विश्वविद्यालय द्वारा देश के प्रतिष्ठित विद्वानों की उपस्थिति में आयोजित भव्य समारोह में डॉ विद्यासागर उपाध्याय को विद्यावाचस्पति की उपाधि से अलंकृत किया जाएगा।उनकी इस उपलब्धि से उत्तर प्रदेश के साहित्यकारों में प्रसन्नता व्याप्त है।विशेष रूप से जनपद बलिया के साहित्य सेवी और बौद्धिक वर्ग आह्लादित है। डॉ उपाध्याय की इस विशिष्ट उपलब्धि पर जिले के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ जनार्दन राय, डॉ नन्द जी नंदा, डॉ फतेह चन्द बेचैन, डॉ रमाशंकर मनहर, डॉ अरविन्द उपाध्याय, डॉ नवचंद तिवारी,संतोष दीक्षित, बड़ेलाल यादव,पवन कुमार तिवारी,करुणानिधि तिवारी,हरेंद्र नाथ मिश्र,दिनेश पाठक,राधेश्याम यादव,आकाश तिवारी,जितेंद्र यादव स्वाध्यायी,जितेंद्र त्यागी,ओमप्रकाश यादव सहित अनेक राजनैतिक व सामाजिक वक्तियों ने बधाई दी है।

# चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगवाया जा रहे सीसीटीवी कैमरे



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष की अपील पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण द्वारा प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। इसी क्रम में थाना गौरा चौराहा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री नरेन्द्र कुमार नि0 जानकी नगर द्वारा आज दिनांक 02.11.23 को गायत्री इंटर कॉलेज जानकी नगर पर 16CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना गौरा चौराहा पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना सादुल्लानगर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री शाहबाज अहमद नि0 जिगनी थाना सादुल्लानगर द्वारा आज दिनांक 02.11.23 को इलाही बख्श मजार पर रोड को कवर करते हुए 03CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना सादुल्लानगर पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना गैड़ास बुजुर्ग ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री राधे श्याम नि0 बजरमुंडा पिपराराम द्वारा आज दिनांक 02.11.23 को अपने मकान पर 01CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण आदि को स्थानीय पुलिस द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।

## विश्वविद्यालय निर्माण हेतु जमीन खरीद के लिए 16 करोड़ 58 लाख जारी



**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 को संशोधित करते हुए देवीपाटन मंडल में मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय, गोंडा के निर्माण को मंजूरी दे दी है। देवीपाटन मंडल के बलरामपुर जनपद की सदर तहसील अंतर्गत कोयलरा गांव में विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है और जमीनों की खरीद के लिए 16 करोड़ 58 लख रुपए का बजट भी जारी किया जा चुका है। विश्वविद्यालय का नामकरण “मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय”, गोंडा होने के कारण इसके निर्माण स्थल को लेकर गोंडा व बलरामपुर के लोगों में भ्रांतियां पैदा हो गई है। इस संबंध में शासन स्तर के उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई।

## लम्बित मुकदमों की पैरवी कर सुनवाई करें अधिकारी



**सम्वाददाता संतोष दुबे , बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार द्वारा तहसील सदर बलरामपुर के सभी कोर्ट पर लम्बित मुकदमों की गहन समीक्षा की गयी। साथ ही सभी कोर्ट के अधिकारियों एवं पेशकारों को निर्देशित किया कि सभी मुकदमों में पैरवी कर सुनवाई करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा निस्तारण हो सके। तत्पश्चात् पेशकार, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान एसडीएम (ट्रेनिंग) आशीष कुमार, तहसीलदार घोसीराम, नायब तहसीलदार, पेशकार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौजूद रहे।

# ग्रामीणों में पानी जाँच किट का हुआ वितरण



**शुभ भास्कर चन्दौली / कमालपुर।** स्थानीय क्षेत्र में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत रैथा गांव में गुरुवार को शुद्ध पानी की पहचान करने हेतु ग्रामीणों में गुरुवार को निःशुल्क किट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौके पर प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद दिलशेर अहमद ने दर्जनों ग्रामीणों को पानी जांच कीट वितरण किया।वही ग्रामीणो को किट से पानी जांचने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। प्रधान प्रतिनिधि दिलशेर अहमद ने बताया कि इस छोटी सी प्लास्टिक शीशी में एक किट है।शीशी में बने निशान तक पीने में उपभोग करने वाले पानी को डालकर बंद कर देने पर शुद्ध पानी बिल्कुल साफ दिखाई दे तो समझें पानी पीने उपभोग करने योग्य है।शीशी में पानी काला हो जाने पर समझिये पानी दूषित है।उसका कदापि सेवन न करें नहीं तो उक्त विशुद्ध पानी सेवन करने से भयानक जान लेवा बीमारियों को न्योता देना है।जिसमें इलाज में काफ़ी आर्थिक क्षति के साथ जान भी गवानी पड़ सकती है।किसी को भी स्वास्थ्य से लापरवाही करने की जरूरत है।शुद्ध पानी पीने से तमाम रोगों से मुक्ति मिल जाती है।इस मौके पर राधेश्याम गोंड, महेंद्र राम, मालती देवी, विद्यावती देवी, रमजान, नन्द किशोर विश्वकर्मा, शेराज, राशिद अली, सुरेंद्र गोंड, आदि लोग रहे।

## सामाजिक संस्था सब जग चल्लन हार दिवाली पर देगी रिक्शा वालों को उपहार



**शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद के मुगलसराय में रिक्शा ट्रॉली कल्याण समिति की आवश्यक बैठक दिन गुरुवार को रिक्शा स्टैंड जी टी रोड मुगलसराय में यूनियन के अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी जी के अध्यक्षता में हुई बैठक में दिवाली का त्योहार मिलजुल कर मनाने के साथ ही दीन दुखियों की सेवा करने का संकल्प लिया गया। बैठक में बताया कि एक प्रमुख समाजसेवी विक्की जुनेजा द्वारा रिक्शा वालों के लिए 1,11,000 रुपए की धनराशि दी गई है। जिससे दिवाली के अवसर पर रिक्शा वालों को मिठाई कपड़ा आदि दिया जाएगा।इस अवसर पर अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी जी ने समस्त रिक्शा चालकों से अपना नाम पंजीकृत करने के लिए जितेंद्र दादा से मिलने का आग्रह किया है । इस अवसर पर समीम मिल्की,जितेंद्र दादा ,इंद्रजीत शर्मा, वंश लोचन सिंह, सियाराम तिवारी, राम जी विश्वकर्मा ,दिलीप कुमार एडवोकेट ,गुलाब, प्रकाश ,विजेंद्र, मजहर ,चखरू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## मछली मारने गए अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या



**शुभ- भास्कर, बलिया।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के उससा गाँव मे बुधवार की रात गाँव से बाहर बहेरा नाले पर मछली मारने के लिए बनाए गए बंधे पर सोए हुए अधेड़ की रात में ही किसी समय अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। सुबह कुछ लोग मछली खरीदने जब वहाँ पहुँचे तो मृतक को देख शोर मचाया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उससा गाँव निवासी 50 वर्षीय मोहन राजभर पुत्र स्व.कमला राजभर मछली मारकर एवं बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बरसात शुरू होते ही वह बहेरा नाले में बांध लगाकर मछली मारने और बेचने का काम किया करता था। विगत बुधवार की रात में भी प्रतिदिन की भांति वह नाले पर लगाई बंधा पर घर से खाना खाने के बाद चला गया। गुरुवार की सुबह कुछ लोग मछली खरीदने पहुंचे तो देखा कि मोहन राजभर मृत पड़ा हुआ है और उसके चेहरे तथा सिर पर गंभीर चोट लगी हुई है। उक्त लोगो के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा कि मौत कैसे हुई है।घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण बर्मा भी घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया और ग्रामीणों से पूछताछ की।उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

**कार्यशाला** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर विज्ञान किट पर चर्चा करते प्रवक्ता व प्राचार्य

# उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की विज्ञान किट पर प्रशिक्षण कार्यशाला



**शुभ भास्कर चंदौली/ सकलडीहा।** निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशन पर गुरूवार को डायट प्राचार्य डॉ माया सिंह की अध्यक्षता में दूसरे दिन उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की विज्ञान किट पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यशाला की शुरूआत किया गया। दूसरे चरण के कार्यशाला में विज्ञान किट के परिचय, आवश्यकता उपलब्धता, उपकरण एवं प्रकरण अनेक, दैनिक जीवन में विज्ञान की महत्ता व पदार्थ के पृथक्करण, पास पड़ोस में होने वाले परिवर्तन, तंतु से वस्त्र तक, जंतुओं की संरचना एवं उनके कार्य पर आधारित विभिन्न सत्र का आयोजन किया गया। विज्ञान किट प्रशिक्षण के पूर्व आकलन प्रपत्र भी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भरा गया। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य विज्ञान शिक्षण के दौरान विभिन्न सामग्री का उपयोग करते शिक्षण को रुचिकर बनाना है। विज्ञान में नवाचार एवं अनुप्रयोगों पर अधिक ध्यान दिया ध्यान दिया जाता है । अतः बच्चों में रचनात्मकता, सृजनात्मक हेतु पर्याप्त अवसर दिए जाने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रशिक्षण प्रभारी केदार सिंह यादव, प्रवक्ता डॉ राजश्री सिंह, लिली श्रीवास्तव, जयंत कुमार सिंह, हरिवंश यादव, प्रवीण कुमार राय, डॉ जितेन्द्र सिंह, मंजु कुमारी, कमर अयुब, रमाशंकर यादव, इन्दु श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने वितरित किए ट्राई साइकिल व उपकरण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, सादात गाजीपुर।** गाजीपुर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, दिव्यांग कल्याण बोर्ड की तरफ से जरूरतमंद दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, अंध छड़ी, वृद्ध छड़ी एवं बैसाजीखी का वितरण कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। यह कार्यक्रम सादात क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ागांव के किसान स्व. राम लखन सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर गुरुवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य ने संत रविदास शिक्षा योजना के तहत छात्राओं को छात्रवृत्ति, मातृ शिशु एवं बालिका योजना अंतर्गत 25000 के धनराशि की एफडी, कन्या विवाह सहायता योजना अंतर्गत 55000 के धनराशि की एफडी का वितरण किया गया। सरकार की सहायता प्राप्त करने वाले गरीब एवं असहाय लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में एमएलसी विशाल सिंह चंचल, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के प्रतिनिधि संजय सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूर्ति यादव, दिव्यांग कल्याण अधिकारी निशांत उपाध्याय, अरविंद राजभर, पूर्व प्रधानाचार्य बनवारी सिंह, प्रेम शंकर सिंह गुड्डू, अरुण सिंह मुन्ना, अरविंद सिंह, अनिल सिंह, सुनील सिंह, संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### भाजपा वाले तलवार वांटने और रोजगार छीनने का काम कर रहे : तेजस्वी

**पटना**। भाजपा हटाओ देश बचाओ रैली को संबोधित करते हुए राजद नेता व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला और 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकने का आहवान किया। बिहार में जब से हमारी सरकार बनी और हम लोग नियुक्ति पत्र बांटने लगे तो देश के सबसे बड़े कलाकार का फिर से कलाकारी शुरू हो गया। देखा देखी वह भी नियुक्ति पत्र बांटने लगे तो हमलोगों ने एजेंडा तय कर दिया 2020 के बाद जहां भी चुनाव हुआ हर जगह बेरोजगारी और रोजगार के मुद्दे पर चुनाव हुआ और इसी पर बात करनी पड़ी। श्री यादव ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी तो एक काम तो हुआ है जो अब तक हिंदू मुस्लिम की लड़ाई करते थे आज वह भी रोजगार की लड़ाई कर रहे हैं। अब असल मुद्दे पर बातचीत हो रही है। अभी पांच राज्यों के चुनाव हो रहे है। इसको लेकर इंडिया गठबंधन के कुछ नेता व्यस्त हैं, जब यह चुनाव खत्म हो जाएगा तो हम लोग आपस में बैठेंगे, मीटिंग करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। अब हम लोग जब नौकरी बांटने का काम कर रहे हैं तो भाजपा वाले तलवार वांटने एवं रोजगार छीनने का काम कर रहे हैं। आप देखिएगा आने वाले समय में बिहार में फिर से ईडी और सीबीआई और इनकम टैक्स की टीम आएगी। भाजपा का लोग जहां सत्ता में नहीं आता है वहां सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स छोड़ देता है। मध्य प्रदेश में क्या हुआ आप लोगों ने देखा तो यह लोग जब खेल खेल रहे थे बिहार में उल्टा उनके मुंह पर तमाचा मारकर महागठबंधन की सरकार बनाएं और बीजेपी को बाहर किए हैं। भारत सरकार गरीबों या आम आदमियों की सरकार नहीं है यह केवल पूंजीपतियों की सरकार है। यह लोग केवल दो-तीन लोगों के लिए काम करते हैं। यह लोग गरीबों के लिए काम नहीं कर रहे हैं इनका एक काम बता दीजिए जिसको उन्होंने गरीबों के लिए किया हो। बिहार में हम लोगों ने रोजगार का अवसर पैदा किया है और आगे भी करते रहेंगे।रैली को संबोधित करते हुए भाकपा माले की पोलिट ब्यूरो सदस्य मीणा तिवारी ने कहा कि हत्यारों का विश्वगुरू हिन्दुस्तान को नहीं बनना है। झोला उठाकर चले जाने की बातें करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झोला भड़ने में लगे हुए हैं। मोदी सरकार में भूखमरी बढ़ी है। 60 फीसदी महिलाओं में खून की कमी है। देश लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए जनता को एक बड़ी लड़ाई लड़नी होगी। भाकपा की रैली को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव ललन कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार ने करवट बदला है, अब देश करवट बदलेगा। नौ अगस्त 2022 को बिहार में भाजपा को सबका सिखाने का कार्य किया गया। मोदी सरकार संविधान और न्यायपालिका पर हमला कर रही है। बैंक और जीवन बीमा कंपनी का निजीकरण किया है। किसानों मजदूरों की स्थिति ठीक नहीं है। यह सरकार सभी फैसले पूंजीपतियों के हित में लेती है।

### नई पीढ़ी के लिए भविष्य निर्माण का द्वार खोलेगा शिक्षकों की नई नियुक्ति : सेतु

**पटना**। जदयू के प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश सिंह सेतु ने बिहार सरकार के द्वारा प्रदेश में 120386 शिक्षकों की नई नियुक्ति बीपीएससी के द्वारा करने का स्वागत किया है। उन्होंने नव नियुक्त शिक्षकों को एक साथ नियुक्ति पत्र देने को नई पीढ़ि के भविष्य निर्माण की ओर बहुत बड़ा कदम बताया है। श्री सेतु ने कहाकि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बनी सरकार ने अपने आरंभ कल से ही शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किया। जिसका देश एवं अन्य दूसरे राज्य भी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सबसे अधिक बजट शिक्षा विभाग का है और प्रदेश की सरकार शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए सतत प्रयासरत है। श्री सेतु ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार बनने की बाद ही बिहार में वित्त रहित विद्यालयों के शिक्षकों को अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री साइकिल योजना मुख्यमंत्री पोशाक योजना सहित शिक्षा विभाग की कई योजनाओं के कारण ही बिहार शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार में शिक्षामित्र को शिक्षक बनकर सम्मान दिया गया। श्री सेतु ने कहा कि बिहार में शिक्षा के स्तर सुधार के लिए बिहार सरकार हर दिन कार्य कर रही है और इसके लिए एनसीईआरटी के माध्यम से पाठ्यक्रम में भी समय-समय पर बदलाव किया जा रहा है।

### भाकपा की रैली मे शामिल हुए कांग्रे से कृपानाथ पाठक

**पटना**। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी द्वारा आयोजित भाजपा भगाओ देश बचाओ रैली में कांग्रेस ने भाग लिया। मिलर हाई स्कूल ग्राउण्ड में आयोजित इस रैली में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक ने किया। इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के प्रतिनिधि इसमें भाग लिये। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह पटना से बाहर होने के कारण पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के लिए कृपानाथ पाठक को भेजा था। तमाम बाम दलों के प्रतिनिधि भी वहां मौजूद थे।रैली को सम्बोधित करते हुए कृपानाथ पाठक ने कहा कि भाजपा एक दमनकारी और विभाजनकारी पार्टी है। इसके चंगुल से देश को बचाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसलिए इंडिया गठबंधन को एकजूट होकर पूरी ताकत से इसका सामना करना पड़ेगा। तभी देश को साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने वाली इस पार्टी से निजात मिल पायेगा। उन्होंने इंडिया गठबंधन को सशक्त बनाने पर बल दिया।

एक दिवसीय आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने दिया समाहरणालय के निकट धरना

# डंडा पदाधिकारी बिना चौधरी को सौंपा ज्ञापन मांग पत्र



**मधुबनी**। गुरुवार 2 नमंबर को बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के द्वारा समाहरनालय के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया । जिस की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अंजनी कुमारी ने की। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अंजनी कुमारी , बीबी हुमा खातुन, रजिया नासरीन, ने बताया कि हमारी पांच सूत्री मांगे हैं अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो 8 नवंबर को बिहार विधानसभा का घेराव और पटना धरना स्थल पर प्रदर्शन किया जाएगा उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी सेविकाओं / सहायिका की हित हेतु संघ के द्वारा बार-बार बिहार सरकार से आग्रह भी न करती आ रही है पर सभी मांगों को उपेक्षित किया जाता है । बार-बार सब का सहायिकाओं / सहायिका द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल भी किया गया ।समाज कल्याण एवं आईसीडीएस विभाग द्वारा भी कई बार वार्ता हेतु सभी संगठन को आमंत्रित किए गए थे । सभी संगठन के पदाधिकारी द्वारा वार्ता में भाग भी लिया समाज कल्याण सचिव द्वारा वार्ता संतोषजनक नहीं होने से क्षुब्ध होकर बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ द्वारा 2 नवंबर को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ग्रेड सी एव ग्रेड डी में समायोजित किया जाए जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता है तब तक सेविकाओं को 25 हजार और सहायिकाओं को 18 हजार रुपया दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बिहार में ग्रेजयुटी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 10 हजार रुपया सुनिश्चित किया जाए। योग्य सहायिका से सेविका का बहाली हेतु 10 बोनस अंक देने का प्रावधान किया जाय । पर्यवेक्षक का बहाली में सेविकाओं को आरक्षण सुनिश्चित की जाए। सेविका तथा पर्यवेक्षाका के रिक्त सभी पदों पर अभिलंब बहाली सुनिश्चित की जाए। सभी समस्याओं के आलोक में अलंबित मांगों को पूरा किया जाए इस मौके पर मौजूद बीवी हुमा खातून, सुल्तान खातून , आरती कुमारी, सुमन कुमारी, उषा देवी ,बिना दास, मनीषा कुमारी, राधा देवी, नीलम देवी पूनम देवी, राजकुमारी देवी ,चंदा मिश्रा , सुनीता मुखिया ,गायत्री देवी, शिव कुमारी देवी, विमल कुमारी, पुष्पा देवी, रंजना देवी, लीला देवी, लक्ष्मी देवी, नीतू देवी, प्रीति कुमारी , समेत सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थी

### विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली



**जमुनेश आमेटा /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर**। मावली जंक्शन मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को मावली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्रों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली करते हुए सत प्रतिशत मतदान करने की अपील की इस अवसर पर सीईओ मैडम कीर्ति राठौड़ के द्वारा अरे झंडी दिखा कर रवना की साथ साथी प्रधानाचार्य मोहिनी है नानी डॉक्टर आर्य मित्र पांडे मुकेश सैनी ललित सिंह उज्जवल रविंद्र सिंह मनीषा तिवारी तुलसीराम जीका सहयोग रहा।

## आम बागान में जुआ खेलते हुए दो युवक को पुलिस ने दबोचा, एसपी ने दी जानकारी

**संगवाददाताः अब्दुल वहाब, उधवा/साहिबगंज**। राधानगर थाना क्षेत्र से अवैध रूप से जुआ खेलते हुए दो व्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा। इस संबंध में पुलिस लाइन स्थित आरक्षी अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ठ में एसपी नौशाद आलम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की पहला नवंबर बुधवार के दिन गुप्त सूचना मिली थी की राधा नगर थाना अंतर्गत उत्तर बेगमगंज मिस्त्री टोला में भूपेन मंडल के आम बगीचा में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं तथा काफी हल्ला हंगामा हो रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी राधा नगर के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। टीम के सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के पास छापामारी कर छोटेलाल गोस्वामी उम्र 33 वर्ष पिता नागेंद्र नाथ गोस्वामी एवं रतन मंडल उम्र 32 वर्ष पिता नागेंद्र मंडल दोनों उत्तरी बेगमगंज थाना राधानगर के



निवासी अवैध ढंग से जुआ खेलते हुए नकद 2140 रुपए , हब्बा डब्बा गोटी, तास का पत्ता, जुआ खेलने का अन्य सामग्री सहित एक मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। राधा नगर थाना में कांड संख्या 161/23 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। छापामारी दल में थानाध्यक्ष चिरंजीत प्रसाद, पु अ नि रत्नेश्वर सिंह, स अ नि धर्मेंद्र नाथ शाह, आरक्षी विकास कुमार साहा, श्रीनाथ कुमार राम, आशीष कुमार, अरविंद रविदास छापामारी दल में शामिल थे।

### बीटीपी से डॉ दीपक घोघरा, चौरासी से बीजेपी के सुशील कटारा एवं आसपुर से बीजेपी के गोपीचंद ने भरा नामांकन

**दैनिक शुभ भास्कर/ प्रकाश बारोट/ राजस्थान**। डूंगरपुर विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन डूंगरपुर से बीटीपी ने तथा चौरासी से भाजपा के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र से बीटीपी के प्रत्याशी डॉ दीपक घोघरा ने अपने समर्थकों के साथ रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पेश किया। विधानसभा चुनाव को लेकर बीटीपी उम्मीदवार डॉ दीपक घोघरा ने अपने पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं के साथ रिटर्निंग रिटर्निंग कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। बीटीपी से प्रत्याशी । डॉ दीपक घोघरा जिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ रहें। जिन्होने वीआरएस लेकर भारतीय ट्राईबल पार्टी से प्रत्याशी रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। वही चौरासी विधानसभा से बीजेपी के प्रत्याशी सुशील कटारा ने अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व सुशील कटारा अपने भारी समर्थको के साथ अपने निवास स्थान से निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा अपना नामांकन दाखिल किया। बीजेपी के प्रत्याशी सुशील कटारा अपने समर्थकों के साथ ढोल नगाड़ों अपना शक्ति प्रदर्शन भी किया। इसी तरह आसपुर विधानसभा से गोपीचंद मीणा ने अपने दल बल कार्यकर्ताओ के साथ रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। आपको बता दे कि गोपीचंद पिछले 2 विधानसभा चुनाव में जीतकर विधानसभा पहुचे थे।

## युवक की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता गौनाहा**। युवक के हत्या के मामले में मृतक के पत्नी रीता देवी के फर्द बयान के आधार पर गौनाहा थाने में प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। पुलिस नामजद आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापामारी शुरू कर दी है । थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया है कि पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है । सैकड़ो की संख्या में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष दीपक राम के नेतृत्व में भीम आर्मी सेना मृतक के दरवाजे पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया है. । तथा परिजनों को न्याय मिले प्रशासन से मांग किया है । मौके पर गौनाहा व सहोदरा पुलिस पहुंची थी । मृतक अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गया है जिसमें बड़े बच्चे का उम्र 5 साल है। थानाध्यक्ष ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अनुसंधान के बाद हत्या के कारणों का खुलासा हो पाएगा। बहुत जल्द ही हत्यारो की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वहीं थानाध्यक्ष नामजद आरोपियों के नाम खुलासा करने से परहेज किया है ।

## 2024 में केंद्र से भाजपा को उखाड़ फेको: राजा

**पटना**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने बृहस्पतिवार को राजधानी के मिलर स्कूल मैदान में भाजपा हटाओ देश बचाओ रैली आयोजित की। रैली में लाखों की संख्या में पार्टी कार्यकतार्ओं ने भाग लिया। रैली में जन सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं, युवाओं और खेत मजदूरों की तादाद अधिक थी। मैदान के अतिरिक्त इनकम टैक्स से लेकर आर ब्लॉक चौराहे तक भीड़ लगी हुई थी। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में शामिल भाकपा सहित जदयू, राजद, कांग्रेस, माकपा और भाकपा माले के नेताओं ने भी रैली को संबोधित किया। रैली की अध्यक्षता भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने की जबकि संचालन पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय ने किया। वहीं केंद्र सरकार के खिलाफ प्रस्ताव एम जब्बार आलम ने पेश किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। विराट रैली को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में गरीबों का कार्य नहीं हो रहा है। दलित, आदिवासी और पिछड़ी जातियों को केंद्र की सरकार अनदेखी कर रही है। इन जातियों के लोगों को मजबूत करने की जरूरत है। गरीबों को रोजी, रोजगार और कपड़ा चाहिय जो उन्हें नहीं मिल रहा है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए केंद्र की सत्ता से मोदी सरकार को हटाना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने जातीय गणना कराकर अच्छा कार्य किया है। जातीय गणना पूरे देश में होनी चाहिये। भाजपा-आरएसएस देश को बर्बाद करने पर तुला हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है। रुपये का लगातार अवमूल्यन हो रहा है। श्री राजा ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार को हटाकर 2024 में जनपक्षीय सरकार बनाना है, इसलिए विपक्षी एकजुटता जरूरी है। विपक्षी एकजुटता की शुरूआत बिहार से हुई है। मोदी सरकार गरीब विरोधी और पूंजीपतियों का हितैषी है इसलिए आने वाले चुनाव में सत्ता से भाजपा को हटाना है। मणिपुर में डबल इंजन की सरकार रहने के बावजूद मणिपुर जल रहा है। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की सरकार चल रही है। पांच राज्यों में हो रहे विधान सभा चुनाव में भाकपा ने भाजपा को परास्त करने का आह्वान किया है। भाकपा महासचिव ने कहा कि हमारी पार्टी का स्टैंड साफ है। विपक्षी एकता को मजबूती देना है। उन्होंने कार्यकतार्ओं से बिहार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाना है इसलिए अगले साल होने वाले चुनाव में भाजपा को हराना है। एटक की राष्ट्रीय महासचिव व भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अमरजीत कौर ने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने हमेशा संविधान और तिरंगा का अपमान किया है। मोदी सरकार गरीबों की नहीं पूंजीपतियों की सरकार है। मोदी सरकार में भुखमरी बढ़ी है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है, उल्टे नौकरी छीनी जा रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई से देश की जनता परेशान है। आजादी के आंदोलन में आरएसएस-भाजपा का कोई योगदान नहीं है। कम्युनिस्ट नेता हसरत मोहानी ने पहली बार 1921 में संपूर्ण आजादी की मांग की थी। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पांडा ने कहा कि मोदी सरकार शिक्षा का निजीकरण कर रही है। गरीबों से शिक्षा व्यवस्था दूर की जा रही है। मोदी सरकार खेत मजदूरों, आदिवासियों और संविधान पर हमला कर रही है। रुपये लगातार गिरते जा रहे हैं। किसानों की जमीन छीनकर पूँजीपतियों को खेती के लिए सौंपी जा रही है। यह सरकार गरीबों की नहीं आडानी-अंबानी की है। इस सरकार को सत्ता से हटाना है।

## हम के शिक्षक अभ्यर्थी अदालत में लगा अभ्यर्थियों का जमावड़ा

**पटना**। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी के आवास पर शिक्षक अभ्यार्थी अदालत का आयोजन हुआ। शिक्षक अभ्यार्थी अदालत में सैकड़ों अभ्यार्थी ने भाग लिया जिसमे सभी अभ्यर्थियों ने अपनी -अपनी समस्या सुनाए,सभी अभ्यर्थियों का ध्यान पूर्वक समस्या को सुनने के बाद प्रेस को संबोधी करते हुए बोले की इसमें बहुत सारी त्रुटियां पाई गई। बहुत सारे अभ्यार्थी ऐसे आए थे जिनका कटऑफ लिस्ट से ज्यादा नंबर रहने के बाद भी चयन नही हो पाया है। आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया है। किसी भी परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी होने से पहले उसके आवेदन पत्र की जांच की जाती है उसके बाद प्रवेश पत्र जारी किया जाता है और यहां पर अभ्यार्थी का अंतिम रूप से चयन होने के बाद पैरवी वाले लोगो का आवेदन सुधारा जा रहा है। इधर आयोग कह रहा है की एक लाख बीस हजार तीन सौ छत्तीस भ्यार्थी सफल हुए थे उसमे से दस हजार अभ्यार्थी अयोग्य पाए गए है। इधर सरकार एक लाख बीस हजार तीन सौ छत्तीस शिक्षको की नियुक्ति पत्र बाटने की ढिंढोरा पीट रही है। तो सरकार ये बताए की ये दस हजार शिक्षक कहा से किस फर्जीवाड़ा से ला रही है? सभी अभ्यर्थियों के समस्याएं सुनने के बाद सारा प्रमाण इक्काठा कर बोले की ये सभी मामलों को आयोग और मुख्यमंत्री के पास भेजेंगे और इसका निराकरण भी कराएंगे।अगर सरकार इन सभी त्रुटियों का सुधार नहीं करती है तो हमारी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। इस कार्यक्रम में श्याम सुन्दर शरण, राजेश्वर मांझी, कमाल परवेज अविनाश कुमार, विजय यादव, रामविलास प्रसाद , रविंद्र शास्त्री उपस्थित थे।

इतिहास | जाति आधारित गणना जैसे ऐतिहासिक कदम के लिए, देश जता रहा आभार - विधायक

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अदभुत व अनोखी पहल, बिहार रचा इतिहास: सांसद

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अदभुत व अनोखी पहल लाया रंग, बिहार में जातिय गणना करा कर सीएम ने इतिहास रचा है। उक्त बातें वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार ने कही। वे गुरुवार को प्रखंड बगहा एक के चौतरवा चौक स्थित कोर्ट माई स्थान परिसर में आयोजित जाति आधारित गणना के अवसर पर आभार कार्यक्रम के तहत जदयू कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएम ने देश के समाजवादी विचारधारा के लोगों को एक मंच पर खड़ा किया, जाति आधारित गणना से समाजिक न्याय मजबुत हुई, तथा डंका पूरे देश में बजा। वाल्मीकि नगर विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने कहा कि प्रदेश में जातिय गणना हो जाने से पूरा देश गौरवान्वित



हुआ है। जो सीएम नीतीश कुमार की साहसी कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठा कर हर जातियों की पटल पर रखा। जो देश में चर्चा है तथा हर जातियों को सम्मान मिला है। जदयू के क्षेत्रीय प्रभारी रोबिन सिन्हा ने कहा कि जाति आधारित गणना की भाजपा ने पुरजोर विरोध की, समय आने पर दिखेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बेजोड़ विजन रंग लाई। जदयू नेता मदन पटेल ने सीएम नीतीश कुमार का ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार बताया, कहा कि इतिहास की पन्नों पर अंकित रहेगा। जदयू के जिला महासचिव सह रामनगर विधानसभा प्रभारी पलक भारती, जिलाध्यक्ष प्रेमशिला गुप्ता, आरती देवी, नवेदिता मिश्रा, मुन्ना गुप्ता, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रामनगर संजय मिश्रा, जीतेन्द्र जयसवाल, ओमप्रकाश शाही, अशोक यादव, लालबाबु पटेल, विनोद महतों ने संयुक्त रुप से कहा कि सुबे के सरकार की सराहनीय पहल व कदम पुरा देश में गुंज रहा है। तथा देश में तीर नाच रही है, तीर से भाजपा नेता छलनी हो रहें हैं। दृढ़ निश्चय व संकल्प के साथ सरकार ने जाति आधारित गणना करा कर देश में इतिहास रचा है। जदयू नेता राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह, मुन्ना सिंह ने जाति आधारित गणना को साहसी कदम बताया, कहा कि जाति गणना से भाजपा में बेचैनी बढ़ गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष सह विधान पार्षद भिष्म साहनी ने की। संचालन जदयू नेता विनोद कुशवाहा ने किया। कहा भाजपा जाति व धर्म के बीच भेदभाव कर रही है।

# जिले के मधवापुर के औरा गाँव में हुआ आदरणीय प्रशांत किशोर जी का भव्य स्वागत- मंजूर आलम

**मधुबनी संवाददाता मधुबनी**। जिला,सह बिस्फी विधानसभा जन सुराज सेवक मंजूर आलम ने कहा कि आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के मधुबनी आगमन पर मधुबनी जिले वासियों ने उनका स्वागत भव्य रूप में किया।सवागत समारोह में उमड़ी भीड़ से यह प्रतीत होता है कि आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व में बिहार में निश्चित रूप से सत्ता परिवर्तन होगा। जन सुराज सेवक मंजूर आलम ने कहा कि बिहार की बदहाली, गरीबी, अशिक्षा एवं हर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए सत्ता परिवर्तन ही एक मात्र विकल्प है। जन सुराज के मुखिया आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी ही एक मात्र विकल्प हैं जो इस समस्या से बिहार को निजात दिला सकते हैं । मंजूर आलम ने कहा कि समाज की मदद से ही जमीनी स्तर पर सही लोगों को चिन्हित कर उनको एक लोकतांत्रिक मंच पर लाने का प्रयास चल रहा है इसलिए आप सभी से आग्रह है कि जन सुराज को अपना पूर्ण समर्थन दें । आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी ने स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ये दिखाता है कि बिहार की राजनीति पर कुछ परिवारों का कब्जा हो गया है। बिहार की आबादी है 13 करोड़ इनमें साढ़े तीन करोड़ परिवार के लोग यहां रहते हैं, लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है कि साढ़े बारह सौ परिवार के लोग ही यहां MP, MLA बन रहे हैं। प्रशांत किशोर



ने आगे कहा कि मैं गांवों-प्रखंडों में पैदल यात्रा करके लोगों को संगठित कर रहा हूं। अगर कोई ईमानदार व्यक्ति है और चुनाव लड़ना चाहता है और उसके पास पैसा नहीं है तो मैं उन्हें समझा रहा हूं कि आपको संसाधन की चिंता नहीं करी है। अगर आपके बाबूजी लालू प्रसाद यादव नहीं है मंत्री, विधायक नहीं है तो कोई बात नहीं आपको घबराने की जरूरत नहीं है अगर हम उनको सलाह दे सकते हैं तो आपको भी सलाह दे सकते हैं। आपको सलाह भी दिया जाएगा और संसाधन भी आइये और समाज में अपनी जगह और पहचान बनाइए । जन सुराज अभियान चलाया ही इसलिए जा रहा है ताकि समाज से अच्छे लोग ढूढ़ कर लाया जाए और समाज का उत्थान किया जाए। पदयात्रा में शामिल आदरणीय श्री आफाक अहमद जी एमएलसी जनसुराज समर्थित विजय उम्मीदवार एवं जन सुराज सेवक मधुबनी मंजूर आलम के बीच काफी देर तक वार्तालाप हुआ। पदयात्रा में जनसुराज सेवक मधुबनी मंजूर आलम , इंजीनियर सुनील कुमार सुमन शैलेंद्र मोहन बसंत कुमार शर्मा श्री वकील राम श्री विनोद यादव मोहम्मद मिफताहुल सोनू कुमार श्री श्रवन पंजियार मोहम्मद शोएब अली राजा मोहम्मद शकील मोहम्मद उस्मान मोहम्मद जजील परवेज आलम आदि भी पदयात्रा आगमन के समय उपस्थित थे उन सभी के साथ ही सैकड़ो लोगों ने भी फूलों का माला पहनाकर आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी का स्वागत किया ।

## ख़ास ख़बर

### एमएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर अरुण कुमार को सर्टिफिकेट आफ रिकॉग्निशन तथा स्मृति चिन्ह दिया गया



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** स्थानीय एमएस कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में चंडीगढ़ विश्विद्यालय के कुलपति द्वारा जारी "सर्टिफिकेट ऑफ रिकॉग्निशन" तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह प्रमाणपत्र उन्हें सन 2022/23 में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के बिहार प्रमुख अभिषेक कुमार सिंह,मुजफ्फरपुर के समन्वयक पवन चौरसिया और मोतिहारी के प्रभारी सतीश कुमार द्वारा प्रदान किया गया।विदित हो कि पिछले सत्र में मुंशी सिंह महाविद्यालय के लगभग 40 छात्रों ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में दाखिला लिया था।इस वर्ष भी भारी संख्या में छात्रों के प्रवेश की संभावना है।मौके पर प्रो.मृगेंद्र कुमार,प्रो.एकबाल हुसैन,प्रो. अमरजीत कुमार चौबे, डॉ.गौरव भारती आदि ने प्राचार्य को बधाई दी है।

### एनसीसी कैंप के सातवें दिन कैडटो ने चंपारण सत्याग्रह स्मृति स्थलों का अवलोकन किया



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** जवाहर नवोदय विद्यालय पीपराकोठी में चल रहे एन.सी.सी.के "एक भारतःश्रेष्ठ भारत"कैंप का आज का सातवां दिन भी शैक्षिक परिभ्रमण का रहा।आज एक ओर जहां उड़ीसा राज्य के कैडेटों को स्थानीय गांधी संग्रहालय,गांधी ऑडिटोरियम और बापूधाम चंद्रहिया का दिग्दर्शन कराया गया वहीं बिहार और झारखंड राज्य से आए कैडेटों को विश्वप्रसिद्ध केसरिया बौद्ध स्तूप का दर्शन कराया गया।इस यात्रा का उद्देश्य कैडेटों को बिहार की महान संस्कृति से परिचित करवाना था।इस स्थानीय यात्रा टोली का नेतृत्व नायब सूबेदार दिवाकर गुरुंग,हवलदार नारायण गुरुंग और लश्कर सुमन कुमार ने किया तथा केसरिया यात्रा टोली का नेतृत्व सूबेदार देव बहादुर,हवलदार कैलास थापा तथा लश्कर जितेंद्र कुमार ने किया। आज कैंप के कैडेटों के बीच इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स कंपीटिशन भी हुआ जिसमें बास्केट बॉल लीग मैच खेला गया।आज ग्रुप डांस कंपीटिशन की प्रैक्टिस भी हुई जिसमें बिहार,झारखंड और उड़ीसा के ब्वायज और गर्ल्स कैडेटों ने भागीदारी की जिसका पर्यवेक्षण जी.सी.आई.द्वारा की गई।कैंप को सुंदर तरीके से चलाने में मुजफ्फरपुर के एन.सी.सी.ग्रुप कमांडर सह कैंप कमांडेंट ब्रिगेडियर नीलकमल(सेना मेडल एवं विशिष्ट सेवा मेडल) तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जानकारी कैप्टन(डॉ.)अरुण कुमार ने दी ।

### किशनगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने प्रभारी मंत्री से भेंट किया



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दीकी)।** कांग्रेस के किशनगंज जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू के नेतृत्व में आज स्थानीय सर्किट हाउस में कांग्रेस के शिष्टमंडल ने बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह किशनगंज जिला प्रभारी मंत्री जमां खान से भेंट किया। कांग्रेस के किशनगंज जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू और अन्य कांग्रेसी नेताओं में शहाबूल अख्तर,शमशीर अहमद उर्फ दारा, आजाद साहिल एवम अन्य कांग्रेस के नेताओं ने प्रभारी मंत्री को बूके देकर किशनगंज आगमन पर इनका स्वागत किया एवम बीपीएससी दूरा चयनित शिक्षकों को आज नियुक्ति पत्र वितरण किये जाने पर खूशी जाहिर करते हुए बिहार सरकार एवम इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों को बधाई दी और इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। प्रभारी मंत्री श्री जमां खान ने भी कहा कि यह इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दलों के लिये खूशी का मौका है।

# मुख्यमंत्री दिखावा नहीं करते वह केवल काम पर विश्वास करते हैं- जमा खान



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग - सह - प्रभारी मंत्री, किशनगंज जिला जमा खान ने आज किशनगंज के सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार ने कभी दिखावा नहीं किया है वह केवल काम पर विश्वास रखते हैं यही कारण है कि आज बिहार को इतना विकसित करने के बावजूद कभी उन्होंने क्रेडिट नहीं लिया क्योंकि उनका मानना है कि राज्य का विकास दिखावा और क्रेडिट लेने से नहीं होगा बल्कि सरजमिन पर काम करने से होगा। श्री जमां खान ने एक प्रश्न के उत्तर में बीजेपी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि बीजेपी केवल नफरत की राजनिति करती है उसके पास विकास की कोई योजना नहीं है वह केवल हिन्दु मुस्लिम करना जानती है। इसके साथ ही मंत्री महोदय द्वारा जिला अतिथि गृह में सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत किया गया। समीक्षोपरांत आवश्यक निर्देश दिए गए । माननीय मंत्री ने बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया । उन्होंने किशनगंज जिला में विभागीय कार्यों के अतिरिक्त संक्षेप में अन्य पदाधिकारियों से उनके विभागीय कार्यों की जानकारी प्राप्त किया। सभी विभागीय कार्यों पर प्रतिवेदन संकलित किया गया। जिला के विकासात्मक और लोक कल्याणकारी कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। प्रभारी मंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस में बीपीएससी द्वारा नवनियुक्त अध्यापक को नियुक्ति पत्र वितरण करने के संबंध में बातो को मीडिया के समक्ष रखा ।उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस शिक्षक नियुक्ति और नियुक्ति पत्र वितरण को ऐतिहासिक बतलाया। लगभग 1335 नवनियुक्त शिक्षको को स्थानीय शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम, खगड़ा किशनगंज में नियुक्ति पत्र वितरण के बारे में जानकारी देते हुए आगे भी शिक्षक नियुक्ति समेत रोजगार प्रदान करने की योजना की जानकारी दिया। पत्रकारों के द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कई नवनिर्मित भवन के सुचारू संचालन पर माननीय मंत्री ने बतलाया कि विभाग के स्तर से कार्रवाई प्रक्रियाधीन है,और शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। माननीय मंत्री के द्वारा जिला के हित में आमजन की समस्याओं के निराकरण तथा राज्य सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन पर दृढ़ संकल्प व्यक्त किया गया।इस अवसर पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष असगर अली पीटर, जदयू नेता बुलंद अख्तर हाश्मी, एवम पूर्व मंत्री बिहार सरकार नौशाद आलम इत्यादी उपस्थित थे।

## नवनियुक्त शिक्षकों को किशनगंज जिला के प्रभारी मंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरण किया



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** बीपीएससी द्वारा नवनियुक्त शिक्षको को आज 02 नवंबर को जहां माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा नियुक्ति पत्र गांधी मैदान,पटना में प्रदान किया गया। वहीं इस कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग द्वारा प्रसारण किशनगंज के शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम, खगड़ा में अपराह्न 02:00 बजे से किया गया। साथ ही, किशनगंज के 1300 नवनियुक्त अध्यापक को जिला के माननीय प्रभारी मंत्री - सह- अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री,बिहार जमा खान के द्वारा अपराह्न 03 बजे से नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर किशनगंज सांसद डाक्टर मोहम्मद जावेद आजाद,डीएम तुषार सिंगला , एसपी डॉ इनाम उल हक़ एवम जिला प्रशासन तथा जिला शिक्षा कार्यालय के पदाधिकारी/कर्मी तथा मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल शहीद अशफाकउल्ला खां स्टेडियम, खगड़ा, किशनगंज में किशनगंज जिला प्रशासन एवम जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे साथ ही स्थानीय लोग भी उपस्थित थे नियुक्ति पत्र पाने वाले शिक्षकों एवम इनके परिजनों में भारी उत्साह पाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर किशनगंज के प्रभारी मंत्री माननीय जमा खान , माननीय सांसद मो जावेद समेत डीएम तुषार सिंगला , एसपी डॉ इनाम उल हक़ एवम जिला प्रशासन व जिला शिक्षा के पदाधिकारी मौजूद है।सभी ने नव नियुक्त अध्यापक को संबोधित कर शुभकामनाएं दी है। जिला का कार्यक्रम स्थल शहीद अशफाकउल्ला खां स्टेडियम, खगड़ा, किशनगंज में आज सुबह से ही चहल पहल और काफी रौनक थी।

### रैयतों के शोषण करने के खिलाफ 6 नबंबर से आम्रपाली बंद



**चतरा।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में आठ सूत्री मांगों को लेकर पिछले सात दिनों ने रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले विस्थापित रैयतों का धरना-प्रदर्शन कर रहे रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से एसडीओ सुधीर दास को पत्र सौंपा गया है। जिसमें बताया गया है कि 31 अक्टूबर को जीएम द्वारा प्रस्तावित वार्ता स्थल में कुर्सियों पर महाप्रबंधक के 75 प्रतिशत समर्थकों की मौजूदगी के कारण वार्ता विफल हो गया। वहीं आठ सूत्री मांगें सीसीएल प्रबंधन द्वारा नहीं माने की स्थिति में लाचार होकर आम्रपाली के विस्थापित रैयतों 6 नवंबर को आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में सभी कार्य बंद कराने की बातें कही गई है।

## नेशनल गेम के लिए चयनित मोतिहारी की बेबी कुमारी ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर सम्मानित



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** नगर के बनिया पट्टी स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर नगर के मठिया निवासी साइकिलिस्ट राष्ट्रीय प्लेयर बेबी कुमारी को सम्मानित किया गया। सेवा केंद्र प्रभारी बी के विभा बहन ने बेबी कुमारी को सम्मान का चादर ओढ़ कर ईश्वरीय सौगात दिया और भविष्य में और बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र मे जिसने भी लक्ष्य पर अपने को केंद्रित रखा वह सफल रहा। उन्होंने कहा कि जैसे एक साधक अपने आप को साधना में लीन रखकर ईश्वर के काफी करीब पहुंच जाता हैं,तथा छात्र कड़ी मेहनत के बदौलत बड़े से बड़े प्रतियोगिता मे सफल होते है इसी तरह सपोर्टस एवं साइकलिंग का क्षेत्र है जहां बहुत कुछ करने का गुंजाइश हमेशा बना हुआ है । राजयोग प्रशिक्षक एवं मीडिया विंग के बीके अशोक वर्मा ने कहा कि दुनिया में कई ऐसे उदाहरण है जहां दृढ़ संकल्प एवं कड़ी मेहनत के बदौलत बड़े से बड़े मुकाम को लोगों ने हासिल की है। वर्तमान समय देश मे छात्रायें विभिन्न क्षेत्रों में बहुत तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था का बागडोर 1936 में बाबा ने नारी शक्ति के हाथों में दिया। देश के कई बड़े-बड़े खिलाड़ी ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े हुए हैं और परमात्मा से शक्ति प्राप्त कर विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी द्वारा संचालित 20 प्रभागो में एक स्पोर्ट्स प्रभाग है ,इसके राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से काफी संख्या में प्लेयर आते हैं और आध्यात्मिक शक्ति संपन्न होकर जाते हैं ।उन्होंने कहा कि परमात्मा ने हर आत्मा में अपार शक्ति दी है, जिसने भी उस शक्ति को पहचाना और उसे जागृत किया उसने मनचाहा पद प्राप्त किया ।मोतिहारी मे काफी संख्या मे साइकिलिस्ट प्लेयर अपने प्रतिभा का डंका प्रदेश एवं देश में बजा रहे हैं आज यहां सम्मानित बेबी कुमारी एवं साइकलिंग एसोसिएशन से जुडकर कडी मेहनत करने वाले सभी का भविष्य काफी उज्जवल है ।कहा कि जिस लगन से दो-तीन वर्षों मे साइकिलिंग संगठन के सदस्यों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है ,यह चंपारण के लिए अत्यधिक गौरव का विषय है। संस्था के प्रदेश संयुक्त सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि बेवी कुमारी एक शांत और खेल के प्रति कर्मठ साइकिलिस्ट है।यह अर्जुन की तरह सिर्फ लक्ष्य को देखती है । साइकिल थामते हीं सिर्फ अपने गति पर केंद्रित हो जाती है। मैंने एक कोच के रुप मे इनके अंदर बहुत हीं मजबूती देखी है , भविष्य में यह बहुत अच्छा करके चंपारण को राष्ट्रीय फलक पर लायेगी, ऐसा हम उम्मीद रखते है। गौरतलब है कि बेबी कुमारी 3 नवंबर को गोवा में होने वाले राष्ट्रीय गेम में बिहार का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। बिहार से दो सदस्यीय टीम का चयन राष्ट्रीय प्लेयर के रूप में हुआ है सम्मान समारोह में उपस्थित रहने वालों में बीके मनोज भाई, बीके बंशीधर भाई ,बीके सारिका बहन, बीके शशि कला ,बीके माधुरी ,बीके राम नंदन भाई, बीके इंजीनियर हरिशंकर एवं अन्य लोग थे।

### जब तक विश्वविद्यालय वेतन भुगतान नहीं करेगा तब तक हम लोग हड़ताल पर डटे रहेंगेः आशुतोष कुमार सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** विगत 5 महीने से शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को वेतन भुगतान नहीं होने के कारण बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी संघ के आह्वान पर सभी अंगीभूत महाविद्यालय इकाई संघ एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मी एवं प्रतिनियोजित कर्मी काला बिल्ला लगाकर 01नवम्बर से ही धरना पर हैं। प्रक्षेत्रीय मंत्री प्रमोद कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के उदासीनता एवं घोर लापरवाही के कारण वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। जबकि वेतन मद की राशि विगत चार महीने से विश्वविद्यालय में पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले 19 अक्टूबर को कुलपति महोदय के साथ छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष, कुलानुशासक एवं कुलसचिव के समक्ष समझौता हुआ था कि दुर्गा पूजा के अवसर पर दो माह जून एवं जुलाई का वेतन दिया जाएगा। साथ ही अगस्त एवं सितंबर का दुर्गा पूजा उपरांत भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के उदासीनता एवं घोर लापरवाही के कारण आज तक वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके कारण लाचार एवं विवश होकर सभी शिक्षकेत्तर कर्मी हड़ताल पर हैं। एमएलटी. कॉलेज शिक्षकेत्तर कर्मी संघ अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया जब तक विश्वविद्यालय वेतन भुगतान नहीं करेगा तब तक हम लोग हड़ताल पर डटे रहेंगे।मौके पर सचिव शैलेंद्र मिश्रा,कोषाध्यक्ष लखन कुमार,कृष्ण देव राम,अलीमुद्दीन, रूपम सिन्हा,अवधेश झा,सत्येंद्र सिंह,पदम बहादुर राणा,ऋषि मिश्रा,हरिनंदन कुमार,सुजीत कुमार,इरशाद,सुरेंद्र साह,शिवेश्वर नाथ झा सहित अन्य मौजूद थे।

### रामसल्ला डीलर राज किशोर पासवान पर ग्रामीण ने मिट्टी तेल कम एवं राशि अधिक लेने का लगाया आरोप



**दरभंगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बलहा पंचायत स्थित रामसल्ला गांव में गुरुवार को पंचायत के उप मुखिया राज किशोर यादव एवं वार्ड आठ के सदस्य कृष्ण कुमार यादव ने रामसल्ला गांव के जन वितरण प्रणाली द्वारा वितरण किए जा रहे मिट्टी तेल का किया जांच इस दौरान कम मिट्टी तेल पाया गया। वहीं उप मुखिया राज किशोर यादव ने बताया कि कई दिनों से ग्रामीणों द्वारा यह शिकायत थी कि डीलर राजकिशोर पासवान के द्वारा मिट्टी तेल कम दिया जाता है और अधिक राशि लेते हैं जिसको लेकर गुरुवार को ग्रामीण के द्वारा लाया गया मिट्टी तेल को जांच किया गया जहां 1 लीटर में करीब ढाई सौ ग्राम कम पाया गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एक लीटर का एक सौ रू लेते हैं डीलर राजकिशोर पासवान जबकि सरकारी मूल्य 79 रुपया ही है। करीब 21 प्रति लीटर अधिक लिया जाता है और मिट्टी तेल भी 1 लीटर नहीं होता है। वही ग्रामीणों ने बताया कि मिट्टी तेल के अलावा अनाज में भी वजन कम रहता है जिसको लेकर उप मुखिया राजकिशोर यादव ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार शिकायत करते हुए बताया है कि इसको लेकर जिला पदाधिकारी तक लिखित आवेदन देंगे। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिला है की मिट्टी तेल कम एवं राशि अधिक ली जाती है जिसको लेकर जांच की जाएगी। जांच में सही पाया गया तो डीलर पर होगी कार्रवाई

### 932 अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया गया



**मो सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** बीपीएससी द्वारा अनुशंसित विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति पत्र वितरण समारोह जिला शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आज स्थानीय डुमरा हवाई अड्डा मैदान में आयोजित किया गया। मौके पर एम एल सी रेखा कुमारी, विधायक बाजपट्टी मुकेश कुमार यादव, विधायक बेलसंड संजय गुप्ता,अध्यक्ष जिला परिषद अदिति कुमारी,मेयर रौनक जहां परवेज, जिलाधिकारी सीतामढ़ी मनेश कुमार मीणा,पुलिस अधिक्षक मनोज कुमार तिवारी, डीडीसी डॉ प्रीति,एडीएम मनीष शर्मा,जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद साहू के साथ जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। समारोह में कुल 932 अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। मंच पर उपस्थित जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधि गण के के द्वारा भी विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।कुल 932 विद्यालय अध्यापकों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। आज सुबह 7:00 बजे डुमरा डायट से 800 अभियर्थियों को नियुक्ति पत्र हेतु पटना के लिए रवाना किया गया था। इस मौके पर डीईओ प्रमोद कुमार साहू, डीपीओ स्थापना अमरेन्द्र कुमार पाठक, डीपीओ सुभाष कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे

**निरीक्षण** स्वास्थ्य केंद्र सवीना के निरीक्षण पर चिकित्सा प्रभारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाया गया

# औचक निरीक्षण के दौरान पीएचसी सवीना का चिकित्सा प्रभारी अनुपस्थित



**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने आज गिर्वा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सवीना के निरीक्षण पर चिकित्सा प्रभारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाया गया। स्टाफ से पुछने और उपस्थिति पंजिका से पता चला कि प्रभारी कल भी अनुपस्थित थे। मौसमी बीमारियों के कारण मरीजों की संख्या अधिक थी तो खुद सीएमएचओ डॉ बामनिया मरीजों का उपचार करने लग गए।चिकित्सालय परिसर के निरीक्षण के दौरान पूरा चिकित्सालय अस्त व्यस्त मिला। जगह-जगह गंदगी और अनुपयोगी सामान फैला हुआ था।सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि पूर्व में भी दो बार निरीक्षण के दौरान चिकित्सा प्रभारी अनुपस्थित मिले। आंगनवाड़ी केन्द्र बलीचा के निरीक्षण के दौरान वहां एमसीएचएन दिवस आयोजित किया जा रहा था।प्रत्येक गुरुवार कोएमसीएचएन दिवस आयोजित किया जाता है। इसमें बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जाते हैं और पोषण संबंधी जानकारियां दी जाती है। मौसमी बीमारियों के मद्देनजर शहर में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप को देखते हुए संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ बामनिया,डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन के साथ एक टीम ने शहरी क्षेत्र पुलिस लाइन, सुंदरवास,सौभागपुरा और बड़गांव के भुवाना का निरीक्षण किया।इन क्षेत्रों में चल रही एंटी लारवा और एंटी एडल्ट एक्टिविटी का क्रोस वेरिफिकेशन जगह-जगह पानी से भरे गड्ढों और जानवरों के पानी पीने के पात्रों को खाली करवाया गया और इनमें गम्बूसीया मछलियां छोड़ने को कहा गया। शहर में फोगिंग करवाने के निर्देश दिए। डेंगू के पोजिटिव मरीजों के आसपास पचास घरों में पायरेथ्रम के छिड़काव के निर्देश दिए। सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा प्रभारियों को निर्देश दिए कि वो स्वयं पोजिटिव मरीजों के घरों के आसपास की जा रही एक्टिविटी अपनी देखरेख में करवाए एवं स्वयं क्रोस वेरिफिकेशन कर रिपोर्ट दे।इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुलिस लाइन के चिकित्सा प्रभारी डॉ सरोज, बड़गांव बीसीएमओ डॉ अरुण सिंह, डॉ साहेबा परवीन,दाडम दास वैष्णव उपस्थित थे।

# धावा दल ने तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश के नेतृत्व मे मोतिहारी सदर एवं पकड़ीदयाल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मोतिहारी सदर एवं पकड़ीदयाल प्रखंड के कुल -02 प्रतिष्ठानों क्रमशः ग्रीन बास्केट सुपर मार्केट मोतिहारी से 02 बाल श्रमिक एवं महालक्ष्मी ऑटो सर्विस सेंटर चोरमा, पकड़ीदयाल से 01 बाल श्रमिक अर्थात कुल-03 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा ! बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर प्रभारी प्रभारी पकडीदयाल सरफराज अहमद खान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सदर ज्योति सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, केसरिया सुरेंद्र कुमार, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा विकास कुमार मिश्रा श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, घोड़ासहन रोहित कुमार सिंह, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, अरेराज सोनिया वर्मा तथा पुलिस लाइन से 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी। साथ ही श्रम अधीक्षक, पूर्वी चंपारण द्वारा बिहार दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत कई दुकानों की सघन जांच की गई जांच के क्रम में पाया गया कि ऐसे कई प्रतिष्ठान है पाए गए जिनके द्वारा बिहार दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 के अंतर्गत अनुज्ञप्ति नहीं लिया गया है और नहीं उनके द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 का अनुपालन नहीं किया जा रहा है ! अनुपालन नहीं करने वाले कई प्रतिष्ठानों को श्रम अधीक्षक द्वारा नोटिस भी निर्गत की गई ! साथ ही कई प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया कि बिहार दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 के अंतर्गत अनुज्ञप्ति धारण कर ले अन्यथा बाध्य होकर श्रम अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई अपेक्षित होगी !

## ख़ास ख़बर

### कोतवाली पुलिस ने कराई थाना में शादी

**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चंदौली।** जिले के मुगलसराय कोतवाली में बुधवार को एक नजारा देखने को मिला। जब चार साल एक ही गांव में चले आ रहे एक प्रेम प्रसंग के मामले में प्रेमी प्रेमिका एक दूसरे को पति-पत्नी के रूप में स्वीकार करने के लिए राजी हो गए। लेकिन दोनों परिवार वालों ने कोतवाली के जयमाला में शिरकत नहीं हुए। आपको बता दें कि पुलिस केवल लड़ाई झगड़ा और कानून व्यवस्था के ही मामले नहीं सुलाझाती है, बल्कि प्रेम प्रसंग के मामले में भी पुलिस की पंचायत का भी काम कर जाती है। कुछ ऐसा ही मामला मुगलसराय कोतवाली में बुधवार को देखने को मिला जब चार साल एक ही गांव में चले आ रहे एक प्रेम प्रसंग के मामले में प्रेमी प्रेमिका एक दूसरे को पति-पत्नी के रूप में स्वीकार करने के लिए राजी हो गए। बताया जा रहा है कि मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत औद्योगिक नगर क्षेत्र के गोपालपुर निवासी जाहिद खान और रोजी बानो का पिछले चार वर्षों से एक ही गांव में प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने एक दूसरे से शादी करने की इच्छा जताई तो घर वालों ने उनकी बात को सिरे से खारिज कर दिया और पाबंदियां भी लगा दी। वहीं कुछ दिन पहले दोनों घर छोड़कर भाग गए। 29 अक्टूबर को युवती के परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। लेकिन बुधवार को जाहिद व रोजी बानो मुगलसराय कोतवाली पहुंचे और पुलिस को अपनी समस्या बता दी।

### प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा के बच्चों को लगाया गया,टी डी / डी पी टी का टीका



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियाँ।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र में गुरुवार को विकास खंड चहनियाँ स्थित प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा पर स्वास्थय विभाग के ए एन एम अर्चना द्वारा स्कूल आधारित कक्षा एक के अध्ययन छात्रों को डी पी टी बूस्टर 2 डोज तथा कक्षा पांच के छात्रों को टी डी का टीकाकरण किया गया 1 विद्यालय के प्रधानाध्यापक फैयाज़ अहमद ने बताया की मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन उत्तर प्रदेश व व महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के आदेश के क्रम में स्कूल आधारित टी डी / डी पी टी का टीकाकरण अभियान एक नवम्बर से दस नवम्बर 2023 तक चलाया जाना है इसी क्रम मे गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा पर कक्षा एक व कक्षा पांच के अध्यनरत छात्रों का टीकाकरण किया गया 1 इस अवसर पर फ़ैयाज़ अहमद, आशुतोष सिंह, सरोज यादव, प्रीतम मिश्रा, कामिनी तिवारी,प्रियंबदा मिश्रा कौलासी देवी आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे 1

### ई लाइब्रेरी छात्रों के लिए कॉफी लाभकारी-धर्मेन्द्र मौर्या क़स्बा में हुआ ई लाइब्रेरी का उद्घाटन



**शुभ भास्कर चंदौली/ शहाबगंज।** स्थानीय स्थित पोस्ट ऑफिस के पास गुरुवार को आराध्या ई लाइब्रेरी का उद्घाटन भुसीकृतपुरवां के प्रधान धर्मेंद्र मौर्या ने किया।इस उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी एक बेहतरीन पहल है और यह छात्रों के लिए काफी लाभकारी है।उन्होंने कहा कि अब यहाँ के छात्र भी किताबों की दुनिया में डिजिटल हो जाएंगे।उन्होंने आगे कहा कि यह लाइब्रेरी शिक्षकों की कमी जैसी समस्याओं की भरपाई कर सकती है और छात्रों के लिए सस्ता विकल्प भी है।आराध्या ई लाइब्रेरी के डायरेक्टर सुजीत कुमार ने बताया कि यहां एक साथ दर्जनों छात्र ई लाइब्रेरी में पढ़ सकते हैं।इस दौरान मुख्य रूप से रतीश कुमार,कमला राम,विकास कुमार,अजित कुमार,गणेश उपाध्याय,विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

### कोतवाली पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, तलवार सिंह।** शुभ भास्कर चंदौली/ पीडीडीयू नगर। स्थानीय नगर में पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिह एवं क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अनिरूद्ध सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीन दयाल पाण्डेय के नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा 05 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।जिसमे तेरस चौहान पुत्र राधेश्याम चौहान निवासी लाट नं 2 थाना मुगलसराय चन्दौली,नाजिर हुसैन पुत्र निजामुद्दीन निवासी कसाब महाल थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली,छोटा भीम पुत्र मुन्ना सोनकर निवासी नई बस्ती थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली,बबलू सोनकर पुत्र दरोगा सोनकर निवासी रेवसा थाना अलीनगर जनपद चन्दौली वह पप्पू सोनकर उर्फ सन्तोष सोनकर पुत्र रामजी सोनकर निवासी नई बस्ती गाधीनगर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली बताए जाते है।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कारवाई करने में जुट गई।

# विधायक ने गंगा कटान को लेकर गंगा किनारे किया निरीक्षण



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के टाण्डा में सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने विधान सभा अध्यक्ष के निर्देश पर विधायक संग याचिका समिति ने गंगा कटान मुद्दे को लेकर महुअरिया,टाण्डा,सोनबरसा,जमालपुर तीरगांवा में निरीक्षण किया । क्षेत्र के गंगा किनारे गांवो में कटान से लोगो का एक उपजाऊ जमीन व मकान में समाहित हो चुका है । जिसे लेकर विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने बिधान सभा अध्यक्ष के समक्ष ये मुद्दा उठाया था । बिधान सभा अध्यक्ष के निर्देश पर गुरुवार को याचिका समिति के विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ,सिचाई विभाग के मुख्य अभियंता डी के पाण्डुयाल,अधीक्षण अभियंता केशरी सिंह,जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा,अधिशाषी अभियंता मूसाखाड मनोज कुमार ने सबसे पहले महुअरिया गांव में गये जहाँ किसानों की उपजाऊ जमीन कटान के बारे में विधायक ने बताया । इसके बाद सोनबरसा व टाण्डाकला में गये । जहाँ लोगो के घर कटान से जूझ रहे के बारे में जाना । फिर जमालपुर तीरगांवा गये । जहाँ कई लोगो के मकान गंगा में समाहित हो चुके है उनके बारे में नोट किया । इस दौरान विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि गंगा कटान के मुद्दे को लेकर हमने विधान सभा अध्यक्ष को पत्रक के माध्यम से बताया था । जिस पर याचिका समिति गठित किया गया । हम याचिका समिति के माध्यम से सरकार को क्षेत्र के कटान के बारे में अवगत कराएंगे । यह बहुत बड़ी समस्या है । कितने किसानों का उपजाऊ जमीन गंगा में समाहित हो चुकी है । उन्होंने अधिकारीयो के समक्ष बाण गंगा पट जाने की भी मुद्दा उठाया । जो भुसौला व हसनपुर के बीच रेगुलेटर लगाने की मुद्दा उठाते हुए कहा कि यदि रेगुलेटर नही लगा तो हजारो किसान सिचाई से वंचित रह जाएंगे । सभी रिपोर्ट बनाकर विधान सभा मे अध्यक्ष के समक्ष पेश किया जायेगा । इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश राय,राजीव सिंह मुन्ना,सुभाष यादव,जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र यादव,आनन्द सोनकर,अक्षय यादव,प्रमोद यादव,श्याम लाल यादव ,बालकरण आदि लोग उपस्थित थे ।

## ग्राम प्रधानों के साथ हों रहे उत्पीड़न को लेकर प्रधान संघ लामबंद



**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियाँ।** स्थानीय विकास खण्ड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधानों के साथ हों रहे उत्पीड़न को लेकर दर्जनों ग्राम प्रधान संघ के साथ अधिकारियों द्वारा हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ लामबंद हो कर पांच सूत्रीय मांग पर विचार विमर्श किया। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि गांवों में मनरेगा द्वारा कराये गये कार्यों की मजदुरो की मजदूरी का भुगतान समय से नहीं होने पर आयें दिन मजदूर प्रधानो के दरवाजे पर पहुंचकर अपमानित करना। ग्राम प्रधान के बिना सुचना के मनरेगा द्वारा कराये गये विकास कार्यों के मस्टरोल को जिरो करना। गांवों में प्रधानो द्वारा एक वर्ष से कराये गये कार्यों का सत्यापन व एमबी होने के बाबजूद भी आज तक भुगतान नहीं किया गया। मैटेरियल का पैसा आया हुआ है।उसके बाद भी प्रधान का भुगतान नहीं हुआ। प्रधानों को बिना सुचना दिये एवं लिखित आदेश के श्रमिकों के मस्टरोल को जिरो करने का प्राविधान जिससे 60से70 लाख रुपए का भविष्य में नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारियों द्वारा प्रधानो का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो ग्राम प्रधान आंदोलन के लिए बाध्य हो जायेंगे। ग्राम प्रधान जयराम शास्त्री, राजनाथ सिंह यादव,जसवंत मोर्या,रामअशिष यादव, सतीश गुप्ता, सिद्धार्थ मोर्या, विनोद कुमार, सुनील सिंह, धर्मेंद्र यादव, प्यारेलाल पासवान, आदि लोग मौजूद रहे।

## मतदाताओं को समाजसेवी महिलाओं ने किया जागरूक



**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चन्दौली।** जनपद में उत्तर प्रदेश मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा 27 अक्टूबर से शुरू हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में एक करोड़ से अधिक युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उसी क्रम में जनपद चंदौली की स्वीप कार्यक्रम पुनिरीक्षण अभियान को गति देने के लिए चहनियां क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव की समाजसेविका डॉ सरिता मौर्य के द्वारा क्षेत्र की थर्ड जेंडर को पुनरीक्षण अभियान के तहत फार्म 6,7,8 एवं ऑनलाइन आवेदन के विषय में बतलाया व जागरूक किया गया साथ ही साथ जनपद के जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखील टीकाराम फुडे द्वारा जनता के पुनरीक्षण अभियान में सहयोग की अपेक्षा को डॉ0 सरिता मौर्य द्वारा बतलाया व सरल भाषा में समझाया गया । थर्ड जेंडर रानी ने कहा कि जिस प्रकार से हमारी बहन डॉ सरिता मौर्य ने हमें जागरुक किया इसी प्रकार समाज के और लोग जागरुक होकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने एवं निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम में अपना सफल योगदान करें। इस दौरान रोशनी किन्नर,हसीना किन्नर,पंडिताइन,ज्योति किन्नर रिया किन्नर उपस्थित रही।

## बच्चों में सामान्य ज्ञान का होना अति आवश्यक- मयंक



**सैयदराजा (चंदौली)।** नगर पंचायत के जी0टी0रोड स्थित सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल में गुरुवार को यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में बच्चों में नागरिक सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ के साथ सामान्य ज्ञान लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सभी सवालों के जवाब लिखें । इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मयंक सिंह चीफ मैनेजर विजिलेंस (UBI)ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया । साथ ही आये आतिथियों का स्वागत विद्यालय के बच्चों द्वारा किया गया, मुख्य अतिथि मयंक सिंह ने बच्चों को नागरिक सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। और अपना विचार रखा कहा कि आज के दौर में सामान्य ज्ञान का होना बहुत जरूरी है।सामान्य ज्ञान को अपने गौरव के साथ जोड़कर रखना अति आवश्यक है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से तैयारी के लिए सामान्य ज्ञान का प्रयोग ज्यादातर होता है। सामान्य ज्ञान को भारत के विभिन्न राज्यों में होने वाले सामाजिक भाषा की ज्ञान होती है । सामान्य ज्ञान भाषा को हम लोगों के द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण बातें कही गई है ।आज के परिवेश में सामान्य ज्ञान को ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करनी चाहिए। प्रबंधक सुशील शर्मा ने कहा सामान्य ज्ञान लेखन पर बच्चों ने काफी कुछ सीखने को मिला वहीं सामान्य ज्ञान का महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित किया गया। इसमें खेल कूद ,राजनीतिक से जुड़े ज्ञान को होना चाहिए क्योंकि जिसे हमें आगे की मार्गदर्शन आसान हो जाती है। किसी से बात करने के सामाजिक दृष्टिकोण से बांधे रखता है वही विद्यालय परिसर में सामान्य ज्ञान लेखन प्रतियोगिता में 15 बच्चों को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया इस दौरान संजय बाला, आशीष कमलेश ,प्रधानाचार्य अर्चना सोनी ,सुनीता कश्यप, बंदना गुप्ता ,रंजना कुमारी, किरण कुमारी ,फेराज ,विशाल शर्मा आकाश शर्मा ,धनंजय ,शिव शंकर तिवारी शिक्षक सहित विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

### सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल् पड़ाव का वार्षिकोत्सव 5 नवम्बर को



**शुभ भास्कर चंदौली/पड़ाव।** स्थानीय कस्बा स्थित सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के पड़ाव कैम्पस का वार्षिकोत्सव सृजन 2023 का आयोजन 5 नवम्बर 2023 रविवार को किया जा रहा है। इस वर्ष वार्षिकोत्सव का आयोजन नारी सशक्तिकरण की गौरव गाथा की थीम पर किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जैपुरिया समूह की वाईस चेयरपर्सन अंजलि जैपुरिया दिल्ली से पधार रही हैं और विशिष्ट अतिथि चंदौली के पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार होगें।

### संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर 60 दिवसीय अभियान को बनाये सफलः डीएम



**शुभ भास्कर चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने बताया कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है कि 1 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर गोवंश को संरक्षण की कार्यवाही आज से शुरू की गई है।जिलाधिकारी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देश पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनपद में अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश के लिए पर्याप्त गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना करने और गोवंश के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।उन्होंने बताया कि निर्देशित किया है कि गोवंश की देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें चारा,भूसा,टीनशेड,विद्युत आपूर्ति,पेयजल एवं उपचार आदि के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किये जाए।

### महिलाओं को अभद्र भाषा बोलकर, चुस्की लेना युवक को पड़ा महंगा



**शुभ भास्कर चन्दौली/ धीना।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुरुवार को स्टेशन रोड पर जाने वाली महिलाओं को अभद्र भाषा बोलने पर युवक को गिरफ्तार कर किया।पुलिस युवक को थाने लाकर अगली कार्रवाई में जुट गई।पुलिस के अभियान से शोहदों व अराजक तत्वों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों, स्कूल या अन्य स्थानों पर अराजक तत्वों व शोहदों पर अभियान चलाया जा रहा है।इसके लिए धीना थाना प्रभारी रमेश यादव ने पुलिस टीम बनाकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।गुरुवार को धीना रेलवे स्टेशन रोड के तिराहे पर एक युवक आते जाते महिलाओं को अभद्र भाषा बोल रहा था।मामले की जानकारी ग्रामीणों ने धीना पुलिस को दिया।पुलिस मौके पर आकर कन्दवा थाना के अमड़ा गांव निवासी प्रिंस शर्मा पुत्र राम शर्मा को मौके से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने युवक को थाने लाकर अगली कार्रवाई में जुट गई।इस सम्बंध में धीना थाना प्रभारी रमेश यादव ने बताया की युवक स्टेशन रोड पर जाने वाली महिलाओं को अभद्र भाषा बोल रहा था।युवक को मौके से गिरफ्तार कर आईपीसी की धारा 294 के तहत कार्रवाई किया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरीक्षक शिवशंकर सिंह उप निरीक्षक राजेश कुमार राय शामिल रहे।

### व्यापार मंडल चुनाव को लेकर व्यापारी हुए लामबंद



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा।** स्थानीय कस्बा स्थित व्यापार मंडल चुनाव में प्रशासन द्वारा परमिशन प्राप्त न होने के कारण कस्बे के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है, जिसको लेकर व्यापारी लामबंद होते हुए पाए गए। सकलडीहा बाजार के व्यापार मंडल अध्यक्ष पद चुनाव में पिछले कई महीनो से रुकावटें उत्पन्न होने के कारण कस्बे के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। जिसके क्रम में व्यापारियों द्वारा लाम बंद होकर संबंधित अधिकारियों से व्यापार मंडल के चुनाव को शीघ्र अति शीघ्र संपन्न कराने की मांग की गई है। जिसके क्रम में गुरुवार को सकलडीहा बाजार के व्यापारियों द्वारा व्यापार मंडल अध्यक्ष पद प्रत्याशी कृष्णा सेठ के अगुवाई में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें कस्बे के कई व्यवसाईयों द्वारा अपनी अपनी बातों को मीडिया के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के यहां प्रेषित करने का कार्य किया गया। वहीं कुछ व्यापारियों द्वारा इस व्यापार मंडल के चुनाव में रुकावट पैदा होने को राजनीतिक भी बताया। चर्चा के दौरान उपस्थित आशीष जायसवाल, हिमांशु वर्मा, सुनील चौरसिया, जितेंद्र सेठ, गोविंद जायसवाल, इकराम द्वारा अपनी अपनी बातें के माध्यम से व्यापार मंडल चुनाव के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। वहीं उपस्थित लोगों द्वारा संबंधित अधिकारियों से सकलडीहा व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के चुनाव को शीघ्र अति शीघ्र संपन्न कराने की मांग की गई।

चर्चा | सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में हुई चर्चा

## मंगलाचरण से दूर होती है अमंगलता- अखिलानंद



**शुभ भास्कर चंदौली/ डीडीयू नगर।** स्थानीय शाहकुटी के श्री काली मंदिर के समीप स्थित अन्नपूर्णा वाटिका के प्रांगण मे चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस व्यास पीठ से श्रीमद भागवत व श्री मानस मर्मज्ञ अखिलानन्द जी महाराज ने अपने संबोधन में श्री भागवत जी के महिमा का वर्णन करते हुए मंगला चरण का विस्तार रूप बताया। उन्होने कहा कि किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व मंगलाचरण करना चाहिए क्योंकि उक्त कार्य करने मात्र से उस कार्य मे किसी अमंगलता का प्रवेश नहीं होता है। श्रीमद् भागवत महापुराण के मंगलाचरण का विशेष महत्व है क्योंकि इस श्लोक में किसी देवता का स्पष्ट नाम नहीं है इसमें सत्यम परम धीमहि अर्थात सत्य स्वरूप परमात्मा का ध्यान किया गया है इसीलिए सभी अपने अपने इष्ट के साथ इस मंगलाचरण का प्रयोग करते हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रारंभ के तीन श्लोकों की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रथम श्लोक का भाव है किम् ध्येयम अर्थात जीव को किसका ध्यान करना चाहिए बताया कि सत्य स्वरूप परमात्मा का ध्यान ही श्रेष्ठ है । दूसरे श्लोक ग्यायम अर्थात हमे गान किसका करना चाहिए? को बताते हुए कहा कि मानव को भगवान के चरित्रों का गान करना चाहिए। भगवान का चरित्र ही ईश्वर स्वरूप है। कहा कि नाम स्वरूप है क्योंकि कलिकाल में वेदरूपी वृक्ष से भगवद् नाम की बड़ी महिमा है। जो अति सरस है तीसरे श्लोक का भाव उद्धत करते हुए बताया कि किम पेयम् अर्थात रसिक भावुक भक्त को क्या पान करना चाहिए? उन्होंने भागवत रूपी पुराण की इस श्लोक पर चर्चा करते हुए भागवत को पेय पदार्थ बताया। भगवान के इस रस का पान करने को आतुर भक्त इसका पान बार बार करते हैं । उन्होने भागवत महापुराण की महिमा का बखान करते हुए वटवृक्ष स्वरूप बताया जो संस्कार संस्कृति सभ्यता सहित राष्ट्र निर्माण की ताकत रखती है। भागवत आध्यात्म और सांसारिक जीवन जीने की कला है जिसमें जब जीव गोता लगाता है तब वह हमेशा उसी रस में डूबे रहना चाहता है । कथा में यजमान के रूप में शैलेश तिवारी,ममता तिवारी, यज्ञनारायण सिंह रहे। मौके पर उपेन्द्र सिंह, संजय तिवारी, दिनेश सिंह, कमलेश तिवारी, कन्हैया जायसवाल, वृजेश सिंह, संतोष पाठक नरेन्द्र मिश्रा, आलोक पाण्डेय आदि सैकड़ों भक्तों ने कथा का रसपान किया ।

# सिकटीया चौराहे पर सीओ अनिरुद्ध सिंह ने पुलिस चौकी भवन का किया शिलान्यास



**शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद के अलीनगर थाना क्षेत्र के सिकटीया चौराहे पर बनी पुलिस चौकी भवन का सीओअ अनिरुद्ध सिंह व शेषधर पांडेय ने विधि विधान के साथ पुलिस चौकी भवन का शिलान्यास किया। पुलिस कर्मियों सहित क्षेत्रीय लोगों में काफी खुशी जाहिर की। नवंबर 2021 में अलीनगर थाना क्षेत्र सिकटीया और तारनपुर दुसधान बस्ती में पत्थरबाजी हुई थी। जिसमें तारनपुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसी के कुछ दिनों बाद पूर्व में रहे अलीनगर थाना प्रभारी संतोष सिंह ने सिकटीया चौराहे पर जन सहयोग से पुलिस चौकी की नींव रखवाई थी। नींव रखवाने के बाद पुलिस चौकी भवन निर्माण युद्ध अस्तर पर चल रहा था कि संतोष सिंह का अलीनगर थाने से ट्रांसफर हो जाता है। वही 2021 के बाद अलीनगर थाने में कई प्रभारी नियुक्त हुए। लेकिन किसी ने पुलिस चौकी भवन को बनाने में दिलचस्प नहीं लिया। बीते दिनों पीडीडीयू नगर क्षेत्रअधिकारी के रूप में अनिरुद्ध सिंह व अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने जब से कमान संभाला है। जन सहयोग से अलीनगर थाना क्षेत्र में लगभग तीन पुलिस चौकी भवन का शिलान्यास किया। वही बृहस्पतिवार को सीओ अनिरुद्ध सिंह व शेषधर पाण्डेय ने अधूरे पुलिस चौकी भवन को नारियल फोड़कर कर शिलान्यास किया। पुलिस चौकी भवन का शिलान्यास होने के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस दौरान पीडीडीयू नगर सीओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि सिकटीया चौराहे पर पुलिस चौकी का अपना भवन होने से न सिर्फ पुलिसकर्मियों बल्कि फरियादियों को भी काफी सहूलियत होगी। जल्द ही भवन तैयार कर कर उद्घाटन कराया जाएगा। सिकटीया पुलिस चौकी काफी सुसज्जित होगी। एक भवन व बाथरूम, शौचालय सहित भवन के आगे टिन सेट का बरामदा होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी भवन में जो व्यक्ति सहयोग करेंगे। उस व्यक्ति को पुलिस टीम के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय, मुगलसराय कोतवाल दीनदयाल पांडेय, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, रामप्रीत यादव, हरिकेश, प्रधान व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।